रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 21 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 63 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे



**पटना।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बिहार विधानसभा भवन के शताब्दी समारोह समेत कई कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए अपने तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कोविंद बुधवार दोपहर करीब एक बजे यहां जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पहुंचे, जहां उनकी अगवानी बिहार के राज्यपाल फागू चौहान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की । इनके अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, पटना की मेयर सीता साहू तथा नीतीश मंत्रिमंडल के कई सदस्य भी उपस्थित थे।

### बंगलादेश की घटनायें: सरकार जल्द लागू करे सीएए : विहिप


**नयी दिल्ली।** बंगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर कट्टरपंथियों की ओर से हो रहे हमलों की निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मांग की है कि भारत सरकार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को जल्द लागू करे। विहिप ने बुधवार को यहां स्थित बंगलादेश उच्चायोग के सामने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही साम्प्रदायिक हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया और बंगलादेश उच्चायुक्त को वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना के नाम एक ज्ञापन दिया।

### रोहित का अर्धशतक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से पीटा

**दुबई।** कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (60 रिटायर्ड हर्ट) के शानदार अर्धशतक से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी टी 20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को नौ विकेट से पीटकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीवन स्मिथ (57) के शानदार अर्धशतक तथा ग्लेन मैक्सवेल (37) और मार्कस स्टॉयनिस (41) की उपयोगी पारियों से 20 ओवर में पांच विकेट पर 152 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि भारत ने 17.5 ओवर में एक विकेट पर 153 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल कर ली।

# लखीमपुर खीरी हत्याकांड की जांच मामले में उप्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से फिर फटकार

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर हत्याकांड जांच मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के 'ढीले रवैये' के लिए बुधवार को एक बार फिर उसे फटकार लगाई और गवाहों के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के साथ ही उनकी समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने के आदेश दिये। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान जांच स्टेटस समय पर अदालत में पेश नहीं करने को लेकर सरकार को फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम स्टेटस रिपोर्ट का इंतजार करते रहे लेकिन समय पर नहीं पेश किया गया। स्टेटस रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश की गई। कम से कम पूरी रिपोर्ट पेश की जानी चाहिए थी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने शुक्रवार तक का समय मांगा था। सुनवाई के दौरान श्री साल्वे ने अदालत को बताया कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में दो प्राथमिकियां दर्ज की गई है। वहीं 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जो न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि चार आरोपी पुलिस हिरासत में है। मुख्य न्यायाधीश ने सरकार को आदेश दिये कि गवाहों के बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत कराने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उच्चतम न्यायालय ने गत आठ अक्टूबर को भी सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की जांच पर सवाल खड़े करते हुए फटकार लगाई थी और जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में जल्द पेश करने का आदेश दिये थे। लखीमपुर खीरी में तीन अक्टूबर को कार से कुचलकर चार किसानों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद उसी दिन भड़की हिंसा में भारतीय जनता पार्टी के दो कार्यकर्ताओं के अलावा एक कार चालक और एक पत्रकार की मृत्यु हो गई थी। घटना में कुल आठ लोगों की मौत हुई थी। केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र के बेटे आशीष मिश्र और उसके साथियों पर कार से कुचलकर किसानों को मारने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने आशीष को गिरफ्तार किया था जो न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है।

## ड्रग्स मामले में आर्यन की जमानत याचिका खारिज



**मुंबई।** नारकोटिक ड्रग्स एंड सॉयकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) की विशेष अदालत ने ड्रग्स मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और उनके दो मित्रों की जमानत याचिका बुधवार को खारिज करते हुए उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। आर्यन और अरबाज मर्चेंट मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं, वहीं मुनमुन धमेचा महिलाओं वाली भायखला जेल में बंद हैं। विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश वीवी पाटिल ने तीनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश पाटिल ने इससे पहले 14 अक्टूबर को सत्र अदालत में जमानत अर्जी पर बहस के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अभियोजन पक्ष ने दोहराया कि आर्यन पिछले कुछ सालों से ड्रग्स का नियमित तौर पर उपभोक्त । है और इसकी पुष्टि करने वाले कई सबूत भी हैं। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अपनी दलील में कहा था कि आर्यन क्रूज पर नहीं था और उसे उस समय पकड़ा गया , जब वह विशेष आमंत्रित के रूप में पार्टी में शामिल होने जा रहा था। उन्होंने कहा कि आर्यन ने किसी भी प्रकार के ड्रग्स का सेवन नहीं किया था। आर्यन के वकीलों ने कहा था कि कई देशों ने भांग जैसे पदार्थों को कानूनी मान्यता दी है और उन्हें खतरनाक दवाओं की अनुसूची से हटा दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि आरोपी छोटे बच्चे हैं और उन्होंने काफी कष्ट झेला और सबक सीखा है, इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

## महंगी होती स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब से गरीब लोगों की पहुंच में लाने का प्रयास : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि महंगी होती स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब से गरीब व्यक्ति की पहुंच में लाने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। इसके लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। इसी कड़ी में आज श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया गया है। इन मेडिकल स्टोर्स में जेनेरिक दवाइयां 50 से 71 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यलय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस योजना के अंतर्गत राज्य में 84 दुकानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री बघेल ने किया। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध होगी। उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। अवसर पर दवाइयों के होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर दवाइयों के होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया। यह किट श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। दवाइयों के होम किट की कीमत 691 रुपये है, जो इन मेडिकल स्टोर में 290 रुपये के मूल्य पर तथा ट्रेवल किट जिसकी कीमत 311 रुपये है, वह 130 रुपये में उपलब्ध होगा। **(विस्तृत पेज 2 पर)**

## कानून व्यवस्था, गिरदावरी, राजस्व शिकायतों का निराकरण सहित कई मुद्दों की आज होगी समीक्षा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज 10 बजे से कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में होगा। कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य में कानून व्यवस्था, लोक केन्द्रित प्रशासन, राजस्व प्रशासन से संबंधित शिकायतों का निराकरण, गिरदावरी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, धान खरीदी की तैयारी सहित राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति की गहन समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी संभागायुक्त, कलेक्टर मौजूद रहेंगे। कलेक्टर्स कॉन्फेंस में राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन, गोधन न्याय योजना, गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल हब की स्थापना, चारागाह विकास, वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के क्रियान्वयन की प्रगति, वन अधिकार पट्टा वितरण, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण, वन-धन, कोविड-19 के आगामी संभावित वेव से निपटने की तैयारी तथा आश्रम एवं छात्रावासों के अपग्रेडेशन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

## शोपियां मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

एजेंसी ✓ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर ए तैयबा के प्रतिरोधी मोर्चा के जिला कमांडर आदिल वानी सहित दो आतंकवादी मारे गये। आदिल उत्तर प्रदेश के श्रमिक शकीर अहमद वानी की हत्या की वारदात में शामिल था। वहीं इस मुठभेड़ में मारे गए दूसरे आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो पायी है। आतंकवादियों ने 16 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी बढ़ई शकीर अहमद की गोलीमार कर हत्या कर दी थी और आदिल इस वारदात में शामिल था। पुलिस ने बताया कि पुलिस, सेना तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता सूचना के आधार पर आज सुबह घेराबंदी एवं तलाश अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब लक्षित इलाके की ओर बढ़ रहे थे, तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

## भारत आ रहे विदेशियों के लिए नये कोविड दिशा निर्देश जारी

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार ने भारत आने वाले सभी विदेशी यात्रियों के लिए नये दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ऐसे सभी व्यक्तियों को 72 घंटे पूर्व की आरटी- पीसीआर परीक्षण की नकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी और अपने मोबाइल फोन पर आरोग्य सेतु ऐप रखना होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी दिशा निर्देशों में कहा कि विदेशी यात्रियों को एक स्व प्रमाणित घोषणा करनी होगी और इसे एयर सुविधा पोर्टल पर डालना होगा। इसके अलावा यात्रा के 72 घंटे पूर्व की कोविड नकारात्मक रिपोर्ट भी देनी होगी। नये दिशा निर्देश 25 अक्टूबर की मध्यरात्रि से लागू होंगे और अगले आदेश तक प्रभावी रहेंगे। सरकार ने कहा है कि जिन देशों में टीके लिये हुए भारतीयों को आगमन में क्वारेंटाइन में छूट मिली है, उन देशों के नागरिकों को भारत भी क्वारेंटाइन में छूट देगा। भारत ने दिशा निर्देशों के साथ विभिन्न देशों की दो श्रेणियां भी जारी की है। पहली श्रेणी में उन देशों को रखा गया है जिनको भारत 'सबसे अधिक कोविड जोखिम वाले देश' मानता है। इन देशों में ब्रिटेन सहित यूरोप के सभी देश, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बंगलादेश, बोत्सवाना, चीन, मारीशस,न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में वे देश शामिल हैं जिन्होंने भारतीय कोविड टीकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीकों की सूची को मान्यता दी है या टीका लगाये भारतीय नागरिकों के आगमन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है।

## प्रियंका गांधी को आगरा जाने की इजाजत नहीं, हिरासत में ली गयीं

वार्ता ✓ लखनऊ
www.dailypioneer.com



चोरी के आरोप में पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत में मृत सफाईकर्मी अरूण वाल्मीकि के परिजनो से मिलने आगरा जाने की जिद कर रही कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार श्रीमती वाड्रा को बुधवार शाम आगरा एक्सप्रेस वे के इंट्री प्वाइंट पर हिरासत में लिया गया। उन्हे पुलिस साथ ले गयी है। उन्हे पुलिस लाइन अथवा इको गार्डन ले जाया जा सकता है। हालांकि श्रीमती वाड्रा ने कहा कि उनके रास्ते पर यूपी सरकार जितने भी रोड़े बिछाये, उनके कदम पीछे नहीं हटेंगे। पुलिस के रवैये की आलोचना करते हुये श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट किया अरुण वाल्मीकि की मृत्यु पुलिस हिरासत में हुई। उनका परिवार न्याय मांग रहा है। मैं परिवार से मिलने जाना चाहती हूं। उप्र सरकार को डर किस बात का है। क्यों मुझे रोका जा रहा है। आज भगवान वाल्मीकि जयंती है, पीएम ने महात्मा बुद्ध पर बड़ी बातें की, लेकिन उनके संदेशों पर हमला कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव से पहले सड़क पर उतर कर कांग्रेस में प्राण फूंकने की लगातार कोशिश कर रही श्रीमती वाड्रा ने आगरा की घटना की आज सुबह भर्त्सना करते हुये राज्य की योगी सरकार को एक बार फिर कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरा। उन्होने ट्वीट किया किसी को पुलिस कस्टडी में पीट-पीटकर मार देना कहां का न्याय है।

### दलितों पर हमले रोकेगी कांग्रेस : राहुल



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी दलितों पर हमले रोकेगी। श्री गांधी ने वाल्मीकि जयंती पर यहां पार्टी मुख्यालय से वाल्मीकि शोभा यात्रा को रवाना करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रेम और भाईचारे की बात करेगी। उन्होंने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा,' मैं अपने दलित भाइयों और बहनों को एक संदेश दे रहा हूँ कि कांग्रेस पार्टी दलितों पर पर हमलों को रोकेगी। वे देश तोड़ते हैं और हम देश को जोड़ते हैं। वे घृणा फैलाते हैं और हम प्रेम और भाईचारे की बात करते हैं। इस बीच, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज लखनऊ से आगरा जाना चाहती थी, जहां पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मौत हुई है।

## कुर्सी की लड़ाई में मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकों की दिल्ली दौड़ ने प्रदेश का सिस्टम तहस-नहस कर रखा है : भाजपा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस और प्रदेश सरकार में चल रही अंतर्कलह पर जमकर निशाना साधते हुए कहा है कि भारी बहुमत के बावजूद सियासी अहंकार और सत्तालोलुपता ने छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस को वजूद बचाने के लिए अभिशप्त कर दिया है। श्री श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और इस पद के दावेदार स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बार-बार दिल्ली जाने पर तंज कसते हुए कहा कि कुर्सी की लड़ाई में मुख्यमंत्री और मंत्री के अलावा विधायकों की बार-बार की दिल्ली दौड़ ने प्रदेश के समूचे सिस्टम को तहस-नहस कर रखा है और प्रदेश सरकार कहीं नजर नहीं आ रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा ढाई-ढाई साल के फार्मूले पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिए जाने पर भी सवाल उठाया कि यदि इस फार्मूले पर सन 2018 में कोई क़रार हुआ है तो उसके पालन में कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व दुविधाग्रस्त क्यों नजर आ रहा है? नेतृत्व परिवर्तन के नाम पर कांग्रेस में मची धमाचौकड़ी प्रदेश को लगातार अराजकता के गर्त में धकेल रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार मंत्री सिंहदेव दिल्ली में डेरा डाले बैठे हैं और कह रहे हैं कि जब तक कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव वेणुगोपाल से नहीं मिल लेंगे तब तक छत्तीसगढ़ नहीं लौटेंगे। मुख्यमंत्री पद के दावेदार मंत्री सिंहदेव की इस भाषा से यह सवाल पैदा हुआ है कि प्रदेश में सरकार नाम की चीज अब है कहां? श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार में कुर्सी के लिए मची इस धमाचौकड़ी में प्रदेश की जनता अकारण पिस रही है। क्या अपने इस कार्यकाल के आखिरी दिन तक कांग्रेस के नेता, मुख्यमंत्री बघेल और मंत्री सिंहदेव इसी तरह सत्तालोलुपता से प्रदेश को हलाकान करते रहेंगे?

### इथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित करने की नीति का सबसे अधिक फायदा गन्ना किसानों को होगा

## उत्तर प्रदेश की 'डबल इंजन' सरकार किसानों की उपज की खरीद के रिकार्ड बना रही है : मोदी

वार्ता ✓ कुशीनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कामकाज की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार किसानों से उनकी उपज की खरीद के नए रिकार्ड कायम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की जैव-ईंधन और इथेनॉल उत्पादन को प्रोत्साहित करने की नीति का सबसे अधिक फायदा उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों को होगा और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होगी। वह यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन और एक चिकित्सा महाविद्यालय तथा सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास की विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास के उपलक्ष्य में आयोजित एक जन-सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा उत्तर प्रदेश की 'डबल इंजन' (मोदी-योगी की शक्ति वाली) सरकार के समय में किसानों की उपज की खरीद के नए रिकार्ड बना रही है। प्रदेश में किसानों को उनके खाते में उनकी उपज के मूल्य के रूप में 80,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 'गरीब और छोटे किसानों की भलाई और उन्हें ताकत देने के लिए बनायी गयी' प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश के किसानों के खाते में सीधे 37,000 करोड़ रुपये पहुंचाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों को गन्ने का सबसे ज्यादा दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा, ÷आज गन्ने का सबसे ज्यादा दाम जो सरकार दे रही है, उसका नाम है उत्तर प्रदेश। उन्होंने यह भी कहा कि 2017 में योगी सरकार से पहले के पांच साल में प्रदेश के गन्ना किसानों को उनके गन्ने के एक लाख करोड़ रुपये के भुगतान किए गए थे।

### सीबीआई सीवीसी पुरानी प्रक्रिया बदलें, गरीब ईमानदार मजबूत हों, भ्रष्टाचारी बाहर : मोदी

**नयी दिल्ली/केवड़िया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) का नये भारत की नयी सोच के आड़े आने वाली पुरानी प्रि याओं को बदलने का आह्वान करते हुए आज कहा कि दोनो शीर्ष एजेंसियां कानून को इस प्रकार से लागू करें जिससे शासनतंत्र में गरीब एवं ईमानदार लोग मजबूत हों और भ्रष्टाचारी-अपराधी बाहर जायें। श्री मोदी ने आज गुजरात के केवड़िया में केन्द्रीय सतर्कता विभाग (सीवीसी) और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक संयुक्त सम्मेलन को वीडियो लिंक के माध्यम से संबोधित करते हुए अधिकारियों का आह्वान किया कि वे अब प्रिवेंटिव विजिलेंस यानी अपराध की संभावना की निगरानी एवं सतर्कता रखने का काम करें। इससे संसाधनों की बचत होगी और अपराधों पर असरदार ढंग से लगाम लगेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आने वाले 25 वर्ष, यानि इस अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि की तरफ देश बढ़ रहा है।

## राजनाथ ने एमईएस की परियोजनाओं की निगरानी के लिए पोर्टल लॉन्च किया

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) की परियोजनाओं की निगरानी के लिए के लिए वेब आधारित परियोजना निगरानी पोर्टल का शुभारंभ किया। केंद्र सरकार के 'डिजिटल इंडिया मिशन' के अनुरूप संकल्पित इस पोर्टल को राजधानी के भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन्स एंड जियो-इन्फॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-जी) ने विकसित किया है। यह समेकित पोर्टल सैन्य अभियंता सेवा द्वारा लागू पहली ई-गवर्नेंस प्रबंधन परियोजना है। इस पर नयी परियोजनाओं के प्रारंभ से पूरा होने तक की सटीक निगरानी की जा सकेगी। एमईएस के साथ-साथ सशस्त्र बलों के सभी उपयोगकर्ता जो इन परियोजनाओं के हितधारक हों, वे भी इस पोर्टल के माध्यम से परियोजना की जानकारी हासिल कर सकते हैं। यह पोर्टल इस संगठन के वै ज्ञा नि क प्रबंधन के लिए सैन्य अभियंता सेवा की नई पहलों में से एक है। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर सैन्य अभियंता सेवा से संबंधित परियोजनाओं की निगरानी में सहायक होने वाली एमईएस की नई पहलों की सराहना की और विभाग को डिजिटल रूप में आने के लिए बधाई दी। डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाते हुए सैन्य अभियंता सेवा उत्पादकता बढ़ाने, पारदर्शिता और सेना के लिए अवसंरचना विकास की दिशा में दक्षता में सुधार लाने के प्रयास में नौ अन्य ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों (एप्स) का विकास कर रही है। इन अनुप्रयोगों को इस वर्ष के अंत तक विकसित किए जाने और अगले वर्ष के मध्य तक एकीकृत इन्टरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) में भी सम्मिलित किए जाने की संभावना है। सैन्य अभियंता सेवा ने अपनी परियोजनाओं जैसे बहुमंजिले रिहायशी आवासों का निर्माण, अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशल्टी अस्पतालों का निर्माण, रन-वे अवसंरचनाओं का विकास, विशेषीकृत समुद्री संरचनाओं का निर्माण, केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवाएं जैसे जल और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि में भी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अपनायी है। इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष एवं सचिव-रक्षा मामले विभाग जनरल बिपिन रावत, सेनाध्यक्ष जनरल मनोज एम नरवणे, वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी, रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार, कर्मचारी समिति के अध्यक्ष के लिए रक्षा स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल बीआर कृष्णा, और भारतीय तटरक्षक बल मौजूद थे।

# सस्ती दवाइयों के लिए पहले दिन ही लगी ग्राहकों की भीड़

## श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना से लोगों को मिली राहत, लोगों ने कहा-महंगी होती स्वास्थ्य सेवा के बीच यह योजना वरदान

■ मीना अंगुरिया को दवा खरीदी में हुई 2500 रूपए की बचत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com












मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में शुरू किए गए 84 श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में आज दिनभर सस्ती जेनेरिक दवाईयां लेने लोगों की भीड़ लगी रही। उद्घाटन के पहले ही दिन बिलासपुर के नूतन चौक स्थित मेडिकल स्टोर को भी लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। जिले में 04 जगहों पर योजना के तहत मेडिकल स्टोर शुरू किया गया। इनमें नूतन चौक, जिला अस्पताल, तखतपुर एवं रतनपुर नगरपालिका की दुकाने शामिल हैं।

नूतन चौक धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की पहली ग्राहक सुश्री मीना अंगुरिया बीपी एवं हाई कोलेस्ट्राल की मरीज है। अंगुरिया ने बताया कि वे हर महीने 3700 रूपए की दवाई क्रय करती है। आज इस मेडिकल स्टोर में उन्हें यह दवाईयां 1200 रूपए में मिली। यहां दवाईयां खरीदने पर उन्हें 2500 रूपए की बचत हुई है। इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि महंगी होती स्वास्थ्य सेवा के दौर में यह योजना हम जैसे गरीबों के लिए वरदान हुई है। इसी प्रकार अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि उनकी पत्नी गीता तिवारी कैंसर की मरीज है। हर माह उनकी दवाईयों पर 8-10 हजार खर्च होता है। आज उन्हें इस मेडिकल स्टोर में 1460 रूपए की दवा 351 रूपए में मिली। यह योजना शुरू करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। बंधवापारा निवासी विधि नारायण पटेल ने बताया कि वे हर माह बीपी की दवाई लेते है। अब वे इस मेडिकल स्टोर से ही दवाईयां खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि योजना का काफी दिनों से इंतजार था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ गरीब व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। अशोक नगर निवासी धर्मेंद को 305 रूपए की दवाई 128 रूपए में मिली। इसी प्रकार अभिषेक कश्यप को 237 रूपए की दवाई, 83 रूपए में मिली। मदन शर्मा ने कहा कि शहर के मध्य में यह दुकान शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होने बताया कि वे प्रतिमाह 1 हजार रूपए की दवाईयां खरीदते है। अब उन्हें जेनेरिक मेडिकल स्टोर से यह दवाई रियायती दर में मिल जाएगी। इसी प्रकार नंदकिशोर पाण्डेय ने भी इस योजना के लिए राज्य शासन को धन्यवाद दिया।

### रायपुर में प्रारंभ हुए दो मेडिकल स्टोर



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के अंतर्गत प्रदेश में 84 जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया गया। इनमें से राजधानी रायपुर में दो मेडिकल स्टार्स का शुभारंभ हुआ। रायपुर में एक मेडिकल स्टोर नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर की दुकान मांक 2 में तथा दूसरा मेडिकल स्टोर अमलीडीह में नगर निगम रायपुर के जोन मांक 10 के कार्यालय के सामने प्रारंभ हुआ है। सुभाष स्टेडियम के जेनेरिक मेडिकल स्टोर के उद्घाटन के अवसर पर नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर और कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार भी उपस्थित थे।

### 10.20 रूपए की पैरासीटामाल टेबलेट 3.88 रूपए में, 105 रूपए की डायक्लोफिनेक जेल 39.90 रूपए में

मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल द्वारा प्रारंभ किए गए श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना के मेडिकल स्टोर्स में एमआरपी से 50 से 71 प्रतिशत तक सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाईयां मिलेंगी। इन मेडिकल स्टोर्स में 10.20 रूपए एमआरपी की पैरासीटामाल टेबलेट 3.88 रूपए में, 39.75 रूपए की सिप्रोफ्लोक्सिन आई/ईयर ड्रॉप 15.11 रूपए में, 18.48 रूपए की सेट्रीजीन टेबलेट 7.02 रूपए, 70.69 रूपए की एजीथ्रोमाईसिन टेबलेट 26.86 रूपए में, 72.46 रूपए की एमोक्सिसिलीन कैप्सूल 27.53 रूपए में, 17.96 रूपए का ओआरएस 6.82 रूपए में उपलब्ध होगा। इसी तरह 169 रूपए की मल्टीविटामिन सिरप 64.22 रूपए में, 145 रूपए की ओफलक्सासिन-ओर्निडाजोल टेबलेट 55.10 रूपए में, 105 रूपए की डायक्लोफिनेक जेल 39.90 रूपए में, 116 रूपए का क्लोट्रिमाजोल डास्टिंग पाउडर 44.08 रूपए में, 90.50 रूपए की मिकोनाजोल क्रीम 34.39 रूपए में श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में उपलब्ध होगी। इन मेडिकल स्टोरों में रियायती दर पर उपलब्ध सर्जिकल आईटम में कॉटन, बैंडेज, स्पिरिट, शुगर टेस्ट किट, ऑक्सिमीटर, बीपी मशीन, थर्मामीटर, टीका, आईवी आदि शामिल हैं। इसी तरह 69 छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पादों में चूर्ण, साबुन, कॉफी, ग्रीन टी, कैंडी, काजू, महुआ लड्डू, शहद, झाडू आदि शामिल हैं। श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर यथासंभव चिकित्सालय के निकट शहर के मध्य में खोले जाएंगे। इसके बेहतर लाभदायक बिजनेस माडल के तहत व्यवसायियों को अधोसंरचना में निवेश की बचत के उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्रों में 2 रूपए प्रति वर्गफुट तथा नगर पालिका और नगर पंचायतों में एक रूपए प्रति वर्गफुट प्रति माह की दर में दुकानें उपलब्ध कराई जा रही है। इन मेडिकल स्टोर्स को खुले बाजारों में दवाईयां खरीदने की स्वतंत्रता दी गई है। जल्द ही इन दुकानों की संख्या बढ़ाकर 188 तक की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। इसके साथ ही भविष्य में दवाओं की घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# श्री धन्वंतरी योजना महिलाओं के लिए वरदान से कम नहीं : फूलोदेवी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ कर जनता को बहुत बड़े सौगात दी है। इस योजना के तहत राज्य में 84 दुकानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री बघेल ने किया। श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होगी। उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दवाइयों के होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया। यह किट श्री धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर में विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। दवाइयों के होम किट की कीमत 691 रुपये है, जो इन मेडिकल स्टोर में 290 रुपये के मूल्य पर तथा ट्रेवल किट जिसकी कीमत 311 रुपये है, वह 130 रुपये में उपलब्ध होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में आने वाले समय में प्रदेश के 169 शहरों में 190 मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ होगी। इन मेडिकल स्टोर्स में 251 प्रकार की जेनरिक दवाइयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य होगी। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय किया जाएगा।

इस योजना के प्रारंभ होने से महिला बहनों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। महंगाई के मार में ये संजीवनी का काम करेगा। बेलगाम महंगाई के कारण महिलाओं का बजट बिगड़ गया है लेकिन धन्वन्तरी योजना के प्रारंभ होने से माताएं अपने शिशु को आवश्यकता के अनुरूप शिशु आहार आसानी से खरीद सकते है। राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि बेलगाम महंगाई से सभी त्रस्त है। मोदी सरकार के गलत नीति का परिणाम है कि आज महंगाई आसमान छू रही है और महंगाई पर पहले घंटों भाषण देने वाले आज महंगाई पर एक शब्द नहीं बोलता है।

### मुख्यमंत्री ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में श्रमिक आंदोलन के सूत्रधार और सहकारिता आंदोलन के प्रणेता ठाकुर प्यारेलाल सिंह की आज पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम को आगे ले जाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में छात्रों को संगठित कर राष्ट्रीय आंदोलन की ओर मोड़ा और जनजागरण की अलख जगाई। राजनांदगांव में मिल मजदूरों को अधिकार दिलाने के लिए उन्होंने संघर्ष किया और उनका हक दिलाया। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बुनकर संगठित हुए और छत्तीसगढ़ बुनकर संघ की स्थापना हुई। बघेल ने कहा ऐसे सेवाभावी माटीपुत्र ठाकुर प्यारेलाल जी के विचार मूल्य हमेशा हमें प्रेरित करते रहेंगे।

# आम गृहिणी से 'इंजीनियर दीदी' बन गई पुलोजमा

■ मनरेगा के निर्माण कार्यों को बखूबी निभा कर खुद को किया साबित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पुलोजमा अपने गांव में इंजीनियर दीदी के नाम से जानी और पहचानी जाती हैं। गांव में उनके काम की तारीफ करते हैं। कुछ साल पहले तक वह आम गृहिणी की तरह अपने परिवार की देखभाल में लगी रहती थीं, लेकिन परिवार पर आए कठिन समय ने उन्हें एक नयी पहचान दे दी। उनके कठिन दौर में उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा) में महिला मेट के काम के रूप में यह पहचान मिला। यहीं से उनके जीवन में असली बदलाव आया और वे पिछले 10 सालों से लगातार गाँव में महिला मेट की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहीं हैं। उनके कार्य के प्रति समर्पण व लगन के कारण महात्मा गांधी नरेगा के श्रमिक और ग्रामीण उन्हें इंजीनियर दीदी के नाम से बुलाने लगे हैं और अब यही उनकी पहचान बन गई है। पुलोजमा खैरवार जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जूनाडीह की निवासी है। वह अनुसूचित जनजाति वर्ग की हैं। उन्होंने बताया कि उनका संयुक्त परिवार हैं। उनके ससुर के पास एक एकड़ जमीन है। जिस पर परिवार का गुजर-बसर चलता रहा है। उनके परिवार पर परेशानियां आई और परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उन पर ही आन पड़ी। इस बीच उन्हें पता चला कि मनरेगा में मेट की आवश्यकता है। ऐसे में उनकी बारहवीं तक की पढ़ाई काम आई और उन्हें पंचायत से मेट का काम मिल गया। उन्होंने धीरे-धीरे कार्यस्थल पर मजदूरों की संख्या को दर्ज करना, पंजी में रिकार्ड रखना, काम का आबंटन करना एवं प्रत्येक श्रमिकों के जॉब-कार्ड का ध्यान रखना, कार्यस्थल पर साफ पीने का पानी और प्राथमिक चिकित्सा पेटी की उपलब्धता रखना जैसे मेट के सभी काम सीख लिये। पहले साल उन्होंने 8 हजार 500 रूपए बतौर पारिश्रमिक प्राप्त किए। लगातार आमदनी से उनकी पारिवारिक स्थिति में सुधार आने लगा। पुलोजमा काम के दौरान नियमित रूप से गोदी की नापजोख के अलावा कार्यस्थल पर पानी की व्यवस्था, बच्चों के लिए छांव एवं चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था का ख्याल भी रखती हैं। नागरिक सूचना पटल की जिम्मेदारी उठाने के साथ श्रमिक परिवारों के जॉब कार्ड को अद्यतन करने के काम में भी वे ग्राम पंचायत की मदद करती हैं। उनके द्वारा कार्यों में रूचि लेने और नियमित मॉनिटरिंग से समय-सीमा में काम पूरा हाने लगा।

# एसोचैम के झारखंड इकाई की परिचर्चा आयोजित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत में कोविड19 महामारी बहुत गंभीर रूप से प्रभावित किया है, बल्कि नकारात्मक, 2020 के शुरू सेभारत के रोजगार के आंकड़े।अवसरों कोअधिकतम करने और इस प्रक्रियामें संघर्षों और परेशानियों कोकम करने की जरूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए, एसोचैम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस-राजस्व और रोजगार सृजन पर कोविड19 परिदृश्य के प्रभाव परचर्चा पर ज्ञान प्रबंधनवर्चुअल मीट का आयोजन कररहा है। वेबिनार में एसोचैम के क्षेत्रीय निदेशक भरत जायसवाल ने सत्र का परिचय कराया विषय की गुप्ता पर भी उन्होंने प्रकाश डाला।

वहीं सत्र का संचालनमनु सेठ, सीईओ बोल मिंज इंक और सीईओ क्लब नेटवर्क में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सलाहकार ने किया। हम मानकों को निर्धारित करने की जरूरत है, व्यापार में अभिनव और अवसरवादी जारहा है और यहभी व्यापार प्रथाओं में नैतिक जा रहा हैआप लंबे समय तक चलाने मेंले जाएगा। काम केपैटर्न में स्मार्टनेस को स्पष्ट रूपसे पेश करना होगा।

वहीं शेयरखान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अभिजीत सरकार ने कहा कि जनसांख्यिकी की कोई सीमा नहीं है। ज्यादातर रिक्रूटर टैलेंट को देखकर हायर करते हैं। जनसांख्यिकी अब कोई फर्क नहीं पड़ता। पोस्ट कॉविड चूंकि स्थितियों में सुधार हो रहा है अधिकांश कर्मचारी कार्यालयों में वापस लौटने में अनिच्छा दिखा रहे हैं। इसके अलावा आदित्य बिड़ला समूह के उपाध्यक्ष और परियोजना प्रमुख शिव शंकर महतो ने एक बहुत ही रोचक तथ्य को इंगित करते हुए शुरुआत की कि वन, पर्यावरण और भूमि किसी भी व्यवसाय के लिए 3 बड़े मुद्दे हैं। अगर आप बिजनेस चला रहे हैं या बिजनेस चलाना चाहते हैं तो इन 3 चीजों से समझौता नहीं कर सकते। विशेष रूप से खनन उद्योग वन, पर्यावरण और भूमि में तीन सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं। आपको समाज और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना होगा। उत्पाद और अपशिष्ट को शासन में रखने की जरूरत है। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के महाप्रबंधक सुयश शुक्ल ने कहा कि नीति वकालत अब दिन में बहुत जरूरी है।

### हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर में सजेंगी पटाखा दुकानें, कल लाटरी

**रायपुर।** दिवाली त्योहार आने को करीब एक पखवाड़े से कुछ ही दिन ज्यादा का समय बचा है। ऐसे में एक बार फिर पटाखे की दुकानों के लिए तैयारी शुरू हो गई है। राजधानी के हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर में अस्थायी पटाखा दुकानें लगाई जाएंगी। इसके लिए जोन पांच के राजस्व विभाग की ओर से 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लाटरी पद्धति से पटाखे दुकानों का आबंटन किया जाएगा। निगम के जोन क्रमांक पांच के जोन कमिश्नर चंदन शर्मा ने बताया कि निगम प्रशासन इस वर्ष लाखेनगर स्थित हिंद स्पोर्टिंग के खाली मैदान में अस्थायी पटाखा दुकान लगाने का निर्णय लिया गया है। खुले इलाके में दुकानें लगाने की इजाजत दी गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके। जिन पटाखा व्यवसायियों का लाइसेंस नवीनीकरण हो गया है।

# खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ






पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 'हमर खून, बचाहीं जिंदगी' अभियान के तहत अम्बिकापुर स्थित तकिया मजार शरीफ में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्त दान शिविर ऑल इण्डिया मुस्लिम फाउंडेशन एवं ओम साईं रक्तदान समिति द्वारा आयोजित की गई थी। मंत्री भगत शिविर में अपना ब्लडप्रेशर जांच कराया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में जिले के पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने भी रक्तदान किया। इसके अलावा तकिया मजार शरिफ में आयोजित रक्तदान शिविर में 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मंत्री भगत ने इस दौरान रक्तदान के लिए उत्कृष्ट काम करने वाले विभिन्न समाजसेवी संगठनों, चिकित्सकों एवं पत्रकारों को सम्मानित किया।

### हमर खून, बचाहीं जिंदगी

इस मौके पर पार्षद आलोक शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, इरफान सिद्धिकी, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्धिकी, जिला साक्षरता प्राधिकरण के जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में रक्तदाता उपस्थित थे।

## 2, 3 बीएचके फ्लैट्स और 5 बीएचके पेंटहाउस शामिल

# 22 से 24 अक्टूबर को लॉन्च होगा वालफोर्ट हाइट्स फेज टू

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की सबसे प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी वॉलफ़ोर्ट ग्रुप अपना मल्टिस्टोरी प्रीमियम रेज़ीडेंशियल प्रोजेक्ट वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2, 22 अक्टूबर से लॉन्च करने जा रही है। यह प्रोजेक्ट रायपुर के भाटागांव एरिया में स्थित है। वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 में ग्राहकों को 2, 3 बीएचके फ़्लैट्स से लेकर 5 बीएचके पेंटहाउस भी मिलेंगे. साथ ही यहां मिलने वाली 100 से भी अधिक एमेनिटीज इस प्रोजेक्ट को और भी खास बनाती है। वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 की लॉन्चिंग पर कम्पनी अपने सभी ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर भी दे रही है। ग्राहक यहां सिर्फ 11 हजार रूपए के साथ बुकिंग कर सकते हैं और इसे कन्फर्म करने के लिए उनके पास 30 दिनों तक का समय होगा। इस दौरान ग्राहक प्रोजेक्ट की सभी एमेनिटीज (जो कि पूरी तरह बनकर तैयार है) और गुणवत्ता को परख सकता है। अपने सभी प्रोजेक्ट की क्वालिटी और सुविधाओं के लिए कंपनी हमेशा ही विश्वसनीय रही है। इस ऑफर की एक और विशेषता है, अगर किन्ही कारणों से ग्राहक बुकिंग कन्फर्म नहीं कर पाए तो कंपनी द्वारा उनके पूरे पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। इसके अलावा लॉन्चिंग पर बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 2.5 लाख तक के सोने के सिक्के, फर्नीचर और होम अप्लायंस जैसे गिफ्ट्स भी मिलेंगे। वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 की सुविधाएँ और प्राइस रेंज देखकर हर कोई कहेगा सबकुछ यहीं है, वॉलफ़ोर्ट हाइट्स सही है।

वॉलफ़ोर्ट हाइट्स फेज़-2 में 2, 3 बीएचके फ़्लैट्स और 5 बीएचके पेंटहाउस शामिल हैं। जिससे यह प्रोजेक्ट सभी तरह के ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है. यह मध्य भारत का एकमात्र रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट जहाँ 5 एकड़ का एक विशाल पोडियम गार्डन होगा। यहां सबसे बड़ा क्रिकेट ग्राउंड, टेनिस कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, मनोरंजन और रिलेक्सेशन के लिए क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, जिम और मल्टीपरपज लॉन इत्यादि जैसी सुविधाएं है। यह प्रोजेक्ट रायपुर के भाटागांव में स्थित है, जहां से सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं नजदीक हैं. साथ ही यहां लोगों की सुरक्षा को भी विशेष ध्यान दिया गया है. प्रोजेक्ट की सभी एमेनिटीज बनकर तैयार हैं, ग्राहक साईट विजिट कर प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति का जायजा ले सकते हैं।

# शिल्प सरोवर मेला-2021 का आयोजन कल से

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

शेपर्स मैनेजमेंट सोसायटी रायपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिष्ठित, लोकप्रिय ''शिल्प सरोवर मेला'' का आयोजन 22 अक्टूबर से 01 नवंबर तक छत्तीसगढ़ हाट मंडरी रायपुर में किया जा रहा है। ज्ञात हो कि सोसायटी द्वारा शिल्प सरोवर मेला का सफलतम आयोजन लगातार विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। मेले में देश भर के हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प से जुड़े कारीगर हिस्सा लेते हैं, लगभग 80 से 100 स्टाल में देश के विभिन्न हिस्सों से आये आर्ट एवं क्राफ्ट की झलकिया मिलेंगी। 11 दिवसीय इस मेले जयपुर की चूड़िया, राजस्थानी मोजरी एवं शूट, पटियाला फूलकारी वर्क, जरदोजी आर्ट, नार्थ ईस्ट का ड्राई फ्लावर, बंगाली काटन, चंदेरी साड़ियां, भागलपुर कपड़े, मुंबई की ज्वेलरी, हैदराबादी मोती, सहारनपुर क्राफ्ट, कश्मीरी शाल, भदोही का कारपेट, आयरन क्राफ्ट, छत्तीसगढ़ का बेल मेटल, कोसा की साड़ियां, लखनवी चिकन हैंडलूम, बांस शिल्प आदि वस्तुएं शिल्प सरोवर की शोभा बढ़ायेंगी। शेपर्स मैनेजमेंट सोसायटी के प्रबंधक ने बताया कि विगत वर्ष मेले का आयोजन नहीं किया गया था, लेकिन इस वर्ष काफी यूनिक कलेक्शन के साथ दिवाली स्पेशल के रूप में शिल्प सरोवर मेले का आयोजन किया जायेगा। रायपुर के लोगों द्वारा इस मेले का काफी सराहा जाता है, इसे ऐसे समझा जाये की पूरे मले के समय लगातार लोगों की भीड़ बनी रहती है तथा सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति रहती है, दिपावली के समय लोगों में इन्ही वस्तुओं की डिमांड होती है जिससे वे अपने घरों को सजा सके तथा पारंपरिक वस्तुओं को ले सकें। खासतोर पर टेराकोटा आयटमों की काफी मांग होती है दिवाली के डिजाइनर दीप, पूजा की डिजाइनर थाली ये सभी लोगों को काफी पसंद आता है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा कांकेर तहसील के बेवरती निवासी रघुवीर कांगे का सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम वारिस चैतुराम कांगे के लिए 25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

### राजीव युवा उत्थान योजनांतर्गत 8 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** राजीव युवा उत्थान योजनांतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए नई दिल्ली में स्थित निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछ?ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों से 08 नवम्बर को शाम 04 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु विभाग के वेबसाईट से अवलोकन किया जा सकता है।

### सांसद आदर्श ग्राम की समीक्षा बैठक 23 को

**कांकेर।** सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत् विकासखण्ड चारामा के चयनित ग्राम पंचायत लखनपुरी एवं विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत बेवरती का समीक्षा बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 23 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने जानकारी दी है कि चयनित सांसद आदर्श ग्राम पंचायत लखनपुरी और ग्राम पंचायत बेवरती का ग्राम विकास योजना ग्राम सभा से अनुमोदन पश्चात सांसद के अनुशंसा पर ग्राम विकास योजना का प्रस्ताव संबंधित विभागों को भेजी गई है। सांसद आदर्श ग्राम योजनांतर्गत ग्राम विकास योजना में स्वीकृत कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित किया जा रहा है।

# सुकमा में 43 नक्सलियों ने थामा मुख्यधारा का दामन

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



शासन की पुनर्वास नीति व जिला पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना म अभियान से प्रभावित होकर सुकमा जिले के लगभग 10 गांवों के 43 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया आत्मसमर्पित नक्सलियों में 18 थाना कुकानार, 19 थाना गादीरास, 04 थाना तोंगपाल, 01 थाना फुलबगड़ी एवं 01 थाना चिंतागुफा क्षेत्र के हैं निवासी। नक्सलियों के अमानवीय एवं आधारहीन विचारधारा को त्यागकर किया आत्मसमर्पण। नक्सलियों के शोषण, अत्याचार, भेदभाव एवं स्थानीय आदिवासियों से होने वाली हिंसा से त्रस्त होकर छोड़ा लाल आंतक का साथ। आत्मसमर्पित नक्सलियों में 01 नक्सली पर शासन द्वारा 01 लाख का ईनाम एवं अन्य नक्सलियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा घोषित है ईनाम 7 नक्सलियों के आत्मसमर्पण कराने में कार्यालय उप पुलिस महानिरीक्षक (परिचालन) सीआरपीएफ सुकमा एवं 02, 226 वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा 7 पूना नर्कोम अभियान प्रारंभ होने के अब तक जिले के लगभग 25 से 30 गांवों के कुल 176 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। पूना नर्कोम अभियान की शुरूआत जिला सुकमा में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) एवं योज्ञान सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन सुकमा रेंज) के मार्गदर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा (छ.ग.), व ताशी ज्ञालिक कमांडेन्ट, 02 वाहिनी सीआरपीएफ, कुलदीप जैन, कमांडेन्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ, नवीन राणा, द्वितीय कमान अधिकारी 02 वाहिनी सीआरपीएफ, अजीत कुमार भाटी, द्वितीय कमान अधिकारी 226 वाहिनी सीआरपीएफ, श्वेता राणा, डीसी आसूचना शाखा सीआरपीएफ के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार - प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पुना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन को छोड़कर मुख्यधारा में जड़े।

### एसपी की दिखी सादगी एवं सरलता भरा स्वरूप


नक्सल आपरेशन कार्यालय में एसपी सुनील शर्मा के सामने आत्मसमर्पण किया। इस दौरान एसपी सुनील शर्मा बड़े ही सादगी के साथ उनके साथ चर्चा करते हुए दिखे, यह सिलसिला कई घंटों तक चलता रहा। फिर सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, एसपी सुनील शर्मा ने नीचे बैठकर सभी के साथ भोजन किया, आत्मसमर्पण करने आए नक्सली एकटुक होकर एसपी के सरल व्यवहार को देख रहें थे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया रात्रि गश्त का निरीक्षण

- अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों के साथ आधी रात किये पैदल गश्त

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





त्योहारी सीजन के दौरान पुनः 20 अक्टूबर को रात 12.30 बजे पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ तिवारी अधीनस्थ अधिकारियों के साथ रात्रि गश्त एवं चेक पोस्ट के निरीक्षण करने अचानक मर्दापाल तिराहा पहुंचे, जहां थाना प्रभारी कोण्डागांव अर्चना धुरंधर अपने स्टॉफ के साथ उपस्थित रहीं। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित कर्मचारियों का हालचाल पूछे एवं गश्त व चेकिंग के दौरान आने वाली समस्यों के संबंध में चर्चा किये। जिसमे मादक पदार्थ की तस्करी रोकने चेकिंग के दौरान छोटी वाहनों के साथ साथ रात्रि कालीन यात्रि बसो को भी चेक करने के निर्देश दिये। उसके बाद अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ रेस्ट हॉउस, बस स्टैंड, शराफा लाईन एवं व्यापारिक संस्थान होते हुए गांधी चौक तक पैदल गश्त किये। गांधी चौक में सभी कर्मचारियों को इकटठा कर शहर के बाहरी किरायेदारो एवं होटल लॉज के साथ साथ मुसाफिरो को चेक करने व गश्त के तरिके के संबंध में टॉर्च, डंडा रखने जैसे अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये। गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक कुछ निजी चौकीदारों से भी बात किये एवं उन्हें टार्च रखने व सायकल में घूमन हेतु प्रेरीत किये। रात्रि कालीन गश्त के दौरान सिद्वार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक के साथ राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, निमितेष सिंह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने 24 को मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई-दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुमन एक्का के मार्गदर्शन में 02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021 तक भारत का अमृत महोत्सव अभियान पेन इंडिया अवेर्नेस एंड ऑउटरिच प्रोग्राम के अन्तर्गत बस्तर जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के समन्वय से तहसील बस्तर में आम नागरिकों को विधिक सेवा योजनाओं एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ''मेगा लीगल सर्विस कैम्प'' का आयोजन 24 अक्टूबर किया जा रहा है।

उक्त मेगा लीगल सर्विस कैम्प के आयोजन का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के कान्फ्रेंस हॉल में मुख्य न्यायाधीश/मुख्य संरक्षक कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा, माननीय अध्यक्ष कम्प्यूटराईजेशन कमेटी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायाधीशगण ,एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में ई-प्लेटफार्म के माध्यम से किया जावेगा।

मेगा लीगल सर्विस कैम्प में विधिक सहायता योजनाओं एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं से आम नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। जिस हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम कौशल विभाग एवं ऐसे विभाग जिनके द्वारा कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाती है। उक्त विभागो के सहयोग एवं समन्वय से आम नागरिकों-हितग्राहियों को लाभान्वित तथा जानकारी दी जाएगी। मेगा लीगल सर्विस कैम्प के सफल आयोजन के संबंध में श्रीमती सुमन एक्का और कलेक्टर श्री रजत बंसल के साथ 08 अक्टूबर को बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इसी तारतम्य में 11 अक्टूबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गीता बृज द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं को संचालित किए जाने वाले विभाग प्रमुखों के मध्य भी बैठक आयोजित किया गया। उक्त आयोजित मेगा लीगल सर्विस कैम्प के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन की ओर से श्री अरविन्द एक्का, अपर कलेक्टर जगदलपुर को नोडल अधिकारी के रूप में नामित भी किया गया है। कैम्प के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा तहसील बस्तर के ग्रामों में उक्त मेगा कैम्प के आयोजन की जानकारी भी प्रदाय की जा रही है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जिहादियों के किये गये हमले पर विहिप ने जताया विरोध

- राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, जलाया आतंकवाद का पुतला

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



विहिप ने स्थानीय बसस्टैंड में एक दिवसीय धरना देते हुए बांग्लादेश में हिन्दूओं पर जिहादियों के बढ़ते हुए हमले व हिन्दू धर्म स्थलों एवं पूजा पंडालों को तहस-नहस करने के पश्चात् हिन्दू परिवारों पर लगातार हो रहे आक्रमण व दुर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों से हिंसा की घटनाओं के साथ बांग्लादेश में देवी देवताओं की मूर्तियां तोड़ दी गई व हिन्दूओं को मारा - पीटा गया तथा माताओं बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बांग्लादेश में हिन्दूओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल और मंदिरों को आग के हवाले कर दिया गया इतना सब कुछ होने के बाद भी बांग्लादेश की सरकार आँख बंद करके बैठी हुई है। इन विभत्स काण्डों को देखकर हिन्दुओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है विश्व हिन्दू परिषद् बांग्लादेश सरकार से मांग करती है कि हिन्दूओं पर हो रहे आक्रमणों तथा अत्याचारों को रोकने हेतु कड़े से कड़े कदम उठाने के विषय का उल्लेख करते हुए भारत सरकार से बांग्लादेश में हो रहे इन घटनाओं को रोकने हेतु ठोस कदम उठाया जाने हेतु राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा इस धरने में संभाग सह मंत्री मुन्नाराम नाग,जिलाध्यक्ष लच्छुराम पोडियाम,जिला मंत्री संजय सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष कुलदीप,जिला संयोजक बजरंगदल प्रवीण बारसे,भाजपा जिला उपाध्यक्ष आयता राम,सुखदेव नाग,केनीराम नाग के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया जा रहा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार 1 से 30 अक्टूबर 2021 तक राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया जाना है। उक्त निर्देश के परिपालन में 23 अक्टूबर को समय प्रातः 10 बजे से वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, शाखा दन्तेवाड़ा के सहयोग से जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा में किया जाएगा। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में आपके विभाग अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित करे साथ ही लेख है कि रक्तदान करने के इच्छुक कर्मचारियों को जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा में उपस्थित होने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेगें। जिससे जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी सी शर्मा ने जिले के आमजनों, स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संगठन एवं पत्रकार बंधुओं से अपील की है कि उक्त शिविर में भाग लेकर रक्तदान शिविर को सफल बनाएं।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में विभिन्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा।** जिले के चारो विकासखण्ड गीदम, दन्तेवाड़ा, कुआकोण्डा एवं कटेकल्याण के अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रधान अध्यापक (मा.शा.), शिक्षक (हिन्दी/संस्कृत, अंग्रेजी/कला, गणित, विज्ञान), प्रधान अध्यापक (प्रा.शा.), सहायक शिक्षक (अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान), व्यायाम शिक्षक, एवं ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड-02 सहायक ग्रेड-03 शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र 1 नवम्बर 2021 तक जिला शिक्षा कार्यालय दन्तेवाड़ा में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

# सूचना आयुक्त धानवेन्द्र जायसवाल मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म रिसर्च सेंटर चिखलपुटी फार्म भ्रमण करने पहुंचे

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के सूचना आयुक्त धानवेन्द्र जायसवाल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म का रिसर्च सेंटर चिखलपुटी में फार्म भ्रमण हेतु पहुंचे। यहां उन्होंने मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर पर की जा रही उच्च लाभदायक बहुस्तरीय जैविक खेती (उलाबखे) के सफल माडल को देखा समझा। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि बस्तर के छोटे छोटे किसान भी अपने घर के पीछे बनी बाड़ी मैं पहले से ही हुए पेड़ों पर काली मिर्च चढ़ाकर अपनी आमदनी बढ़ा रहे हैं। बस्तरिया किसान अब ऑस्ट्रेलियन टीक तथा काली मिर्च का बड़े पैमाने पर रोपण करने जा रहे हैं, साथ ही साथ इस वृक्षारोपण के बीच की खाली जगह में औषधीय पौधों की अंतर्वर्ती खेती भी की जा रही है। सबसे ज्यादा चर्चित प्रयोग बस्तर में नैसर्गिक रूप से उगने वाले सैकड़ों साल के पेड़ों पर चढ़ाई गई काली मिर्च मैं लगे हुए काली मिर्च के गुच्छों से भरपूर, काली मिर्च तैयार फसल को देखकर बहुत प्रभावित हुए।

उल्लेखनीय है कि बस्तर को साल वनों का दीप कहा जाता है, तथा यहां पर सदियों से अपने आप तैयार करोड़ों की संख्या में साल के पेड़ पाए जाते हैं। साल के इन करोड़ों पेड़ों पर काली मिर्च की बेल चढ़ाकर फसल पैदा कर उसे विदेशी बाजार में बेचा जाए तो यह व्यावहारिक योजना केवल बस्तर ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के किसानों की तकदीर बदल सकता है। सूचना आयुक्त ने कहा कि उन्हें यह जानकर बड़ी हैरानी हुई थी कि देश में सबसे पहले, आज से 20 साल पूर्व औषधीय पौधों की खेती का प्रमाणित जैविक फार्म बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्र में स्थापित किया गया था, इतना ही नहीं उन्होंने यहां के स्थानीय आदिवासी समुदायों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जड़ी बूटियों की खेती तथ दुर्लभ प्रजातियों को बचाने हेतु, जो ठोस जमीनी कार्य किया है, इसके लिए डॉ त्रिपाठी सचमुच प्रशंसनीय हैं। जायसवाल जी यहां की काली मिर्च,स्टीविया एवं सफेद मूसली आदि जड़ी बूटियों की गुणवत्ता के बारे में पहले भी काफी पढ़, सुन चुके थे, इसलिए उन्होंने स्वयं कोंडागांव जाकर इस खेती को सीधे खेतों पर ही देखना समझना उचित समझा।

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमत्रित किया गया है। जिसमें तृतीय श्रेणी के पद-फार्मासिस्ट ग्रेड-02, ड्रेसर ग्रेड-01, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष, लैब असिस्टेंट, डार्करूम असिस्टेंट के रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु जिला दन्तेवाड़ा के पात्र एवं इच्छुक स्थानीय निवासी से ''विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड'' बस्तर संभाग जगदलपुर के बेबसाईट पर 25 अक्टूबर 2021 से 15 नवंबर 2021 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परीक्षा की तिथि 19 दिसंबर 2021 दिन रविवार, परीक्षा का समय सुबह 11ः45 से 2 बजे तक निर्धारित की गई है। तृतीय श्रेणी के पद फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 9 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष 6 पद, ड्रेसर ग्रेड-1 के 4 पद, लैब असिस्टेंट के 1 पद, डार्करूम असिस्टेंट के 1 पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र दे सकते है। परीक्षा से सम्बंधित जानकारी के लिए इस कार्यालय के सूचना पटल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड ''बस्तर संभाग जगदलपुर के बेबसाईट पर विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। जिसमें विभाग द्वारा जारी विस्तृत पदवार संवर्गवार आवेदन का प्रारूप, आवेदन भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बांये हाथ के अंगूठा का निशान, स्कैन करने एवं पोस्ट करने की तिथि, ऑनलाईन पेमेन्ट करने की विधि अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन, आईडी नम्बर के आधार पर ऑनलाईन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा अन्य जानकारी दी गई है।

# कोरोना से मृत व्यक्तियों के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर चन्दन कुमार ने जिले के तहसील दुर्गूकोंदल, भानुप्रतापपुर और पखांजूर के 07 व्यक्तियों का कोरोना से मृत होने पर उनके आश्रितों के लिए 50-50 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किये हैं। स्वीकृत सहायता राशि मृतकों के आश्रितों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से संबंधित तहसीलदार द्वारा अंतरित की जायेगी। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा कोरोना से मृत दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम सुरूंगदोह साधुमिचगांव निवासी मृतक नरेन्द्र के निकटतम परिजन सतीला, ग्राम हाटकोंदल निवासी तिहारू राम के आश्रित राजकुमारी तथा ग्राम कोदापाखा के सोम दिवान की कोरोना संक्रमण से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन महेश कुमार दिवान के लिए 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार पखांजूर तहसील के ग्राम श्यामनगर निवासी अनिता विश्वास के निकटतम परिजन अमल विश्वास, ग्राम बांदे निवासी टिनू साना के निकटतम वारिस अभिजीत साना तथा ग्राम हरिदासपुर निवासी सुधारू का निकटतम वारिस संतोष सिकदार और भानुप्रतापपुर निवासी मोहम्मद अमीर हुसैन की कोरोना से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित रसीदा कौसर के लिए 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

# सस्ती दरों पर मिलेंगी उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां

- कांकेर शहर में एक जेनेरिक मेडिकल स्टोर होगा संचालित

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com





प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित अपने कार्यालय से कांकेर सहित राज्य भर के 169 शहरों के लिए श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से किया। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तायुक्त दवाईयां उपलब्ध होगीं। इन मेडिकल स्टोर में उपभोक्ताओं को दवाइंयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50 प्रतिशत तक छूट का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना लगभग तीन साल पहले शुरू की गई, वहीं शहरी स्लम क्षेत्र के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने मुख्यमंत्री शहरी स्लम क्लिनिक योजना 2020 शुरू की गई। अब इसी कड़ी में यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा देने सस्ती दवा दुकान राज्य भर के 169 शहर में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर नाम से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि जहां पूरी दुनिया में महंगी होती स्वास्थ्य सेवाएं चिंता का विषय है और महंगे उपचार से आर्थिक स्थिति पर सीधा सीधा प्रभाव पड़ता है ऐसे में प्रदेश में 50 से 71 प्रतिशत की छूट पर उच्च गुणवत्ता के जेनेरिक दवाइयां आम लोगों को उपलब्ध कराने यह महती योजना शुरू की जा रही। इन जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में जहां 251 जेनेरिक दवाईयां सस्ती दरों में मिलेंगी, वहीं 27 प्रकार की सर्जिकल आइटम तथा वन विभाग के संजीवनी हर्बल उत्पाद एवं शिशु आहार भी मिलेंगे। नया बस स्टैण्ड बाजार स्थल कांकेर में आयोजित कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी ने श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष सरोज जितेन्द्र ठाकुर, कलेक्टर चन्दन कुमार, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी, नवली मिना मण्डावी, पार्षद आरती रवि श्रीवास्तव, माला तिवारी, जागेश्वरी साहू, रमशीला साहू, उगेश्वरी उयके, लीना मनोज जैन, शैलेन्द्र शोरी, अजयसिंह रेणु, मुनीर अहमद खान, मनोज जैन, यासीन करानी, सोमेश सोनी, भारती यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल उइके, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर, एसडीएम कांकेर डॉ.कल्पना ध्रुव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, मीडिया के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# टमाटर हुए लाल, सब्जियों पर भी महंगाई की मार, दोगुना बढ़े दाम

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बढ़े दामों से रसोई का बजट बिगड़ गया है। कोरोना महामारी और फिर महंगाई ने लोगों का बजट पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। हद तो यह है कि इस बार आलू-प्याज जैसे सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं। गृहिणियों का कहना है कि पिछले एक माह से सब्जियों के दाम में लगातार बढोतरी हो रही है। ऐसे में उनका घर चलाना मुश्किल हो रहा है।

सब्जियों के बढ़ते दाम ने रसोई का जायका बिगाड़ दिया है। त्योहारी सीजन में भी सब्जियों की बढ़ी कीमत से गृहणियां परेशान हैं। आलू - प्याज से लेकर हरी सब्जियों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। आलम यह है कि लोगों की थाली से सलाद तक गायब होने लगा है। सब्जियों में सबसे ज्यादा आलू-प्याज का प्रयोग होता है। जबकि हर साल अक्टूबर-नवंबर माह में दस रुपये किलो मिलने वाला आलू 40 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। त्यौहार नजदीक आते ही सब्जियों के दाम दोगुना हो गया है वही कुछ सब्जियों का भाव दोगुना से अधिक हो गया है। जिसके चलते हरी सब्जियां आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है इतना ही नहीं हर एक आवश्यक वस्तु के दाम बढ़ने के बीच सब्जियों के दाम बढ़ते ही गरीब व मध्य मुर्गी परिवार का बजट लड़खड़ा गया है। इन दिनों लोकल सब्जी मार्केट जा तो रहे हैं। किंतु सब्जियों के भाव सुनकर अपने बजट अनुसार पूर्ति करते देखे जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले फूलगोभी 40रु किलो था जो बढ़कर 60रु किलो हो गया है इसी तरह सबसे जरूरी टमाटर 20रु किलो से बढ़कर 60 से 80 रु किलो हो गया है ऐसे में गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार रोज-रोज सब्जी कैसे खरीदेगा। उन्होंने कहा कि सब्जियों के दाम बढ़ने से हर घर का बजट बिगड़ सा गया है।

### एकदम बढ़े सब्जियों के भाव

सब्जियों के भाव एकदम से बढ़ गए हैं पहले जो सब्जी20 से 30 रु किलो थी वही अब 60 रु किलो हो गई है कुछ दिन पहले100 में चार प्रकार की सब्जियां आ जाती थी अब उनके लिए डेढ़ सौ 200 रु खर्च हो रहे हैं।

### आलू प्याज के दाम भी बढ़े

सब्जी मंडी मैं सभी सब्जियों के भाव डबल हो गए हैं लेकिन किराना दुकानों में आलू का भाव 20 से 22रु बना हुआ है जिससे आम जनता को थोड़ी राहत है जो व्यक्ति महंगी सब्जी नहीं खरीद सकता वे लोग आलू से काम चला रहे हैं। वही इस त्योहारी सीजन में प्याज भी रुला रही है। प्याज भी 40 से 45 रु किलो बिक रहे हैं। सब्जी मार्केट में गोभी 60 बैगन 40 लौकी 40 हरी धनिया 300 हरी मिर्ची 60 शिमला डेढ़ सौ रुपया पत्ता गोभी 30 बरबटी 60 सेमी 80 रु प्रति किलो बिक रहे हैं।

# गरियाबंद में जेनेरिक मेडिकल स्टोर खुला, मिलेगी सस्ती दवाइयां

## श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का सीएम ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित अपने कार्यालय राज्य भर के 169 शहरों के लिए श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर गरियाबंद नगर में भी श्रीधनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एक संक्षिप्त संबोधन में कहा कि सभी को स्वास्थ्य सुविधा सुगमता से सुलभ कराने प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए जहां ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना लगभग तीन साल पहले शुरू की गई, वहीं शहरी स्लम क्षेत्र के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने मुख्यमंत्री शहरी स्लम क्लीनिक योजना 2020 शुरू की गई। अब इसी कड़ी में यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा देने सस्ती दवा दुकान राज्य भर के 169 शहर में श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर नाम से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि जहां पूरी दुनिया में महंगी होती स्वास्थ्य सेवाएं चिंता का विषय है और महंगे उपचार से आर्थिक स्थिति पर सीधा सीधा प्रभाव पड़ता है ऐसे में प्रदेश में 50 से 71 प्रतिशत की छूट पर उच्च गुणवत्ता के जेनेरिक दवाइयां आम लोगों को उपलब्ध कराने यह महती योजना शुरू की जा रही। इन जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में जहां 251 एलोपैथी की जेनेरिक दवाईयां सस्ती दरों में मिलेंगी। वहीं 27 प्रकार की सर्जिकल आइटम, 69 तरह की छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पाद भी मिलेंगे।अतः सबसे अपील है कि शहरों में खोले जा रहे इन सस्ती दवा दुकानों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही फार्मासिस्ट और डॉक्टर से भी अपील की कि जेनेरिक दवा का प्रचार प्रसार में सहयोग करें। इस अवसर पर गरियाबंद नगर में श्रीधनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी विश्वदीप, नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद गण एवं नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के हाथों वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए सस्ती दवा दुकान श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स के नाम से शुरू किए जाने पर कहा कि इससे गरीब और जरूरत मंद लोगों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता युक्त दवाई मिलेगी। उन्होंने डॉक्टर्स को भी जेनेरिक दवाइयों मरीजों के लिए लिखने कहा है। भविष्य में भी और जेनेरिक मेडिकल स्टोर खोला जाएगा। यह मेडिकल स्टोर्स तहसील कार्यालय मार्ग पर खोला गया है। नगर के नागरिक और जनप्रतिनिधियों ने सस्ती दवाई मेडिकल स्टोर्स खुलने पर खुशी व्यक्त किया है।

# राजभवन में उर्मिला शर्मा को सम्मानित किया गया



पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सन 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच में हुए युद्ध के 50 साल पूर्ण होने पर स्वर्णिम विजय वर्ष के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है।

अमर जवान ज्योति से चार विजय मशाल यात्राएं पूरे देश में निकली है यह स्वर्णिम विजय मशाल 12 से 19 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ में रहेगी और यहां युद्ध के दिग्गजों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न स्मारक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं इन्हीं कार्यक्रम में से राज्यपाल द्वारा सराईपाली के भूतपूर्व सैनिक स्व धर्मवीर जी शर्मा के 1971के युद्ध में अभूतपूर्व योगदान के लिए उनकी पत्नी उर्मिला शर्मा को राजभवन में सम्मानित किया गया। उर्मिला शर्मा संजय शर्मा एवं काले शर्मा की माताजी हैं।

# उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां मिलेंगी सस्ती दरों में, 50 से लेकर 71 प्रतिशत की एमआरपी में छूट

- जिले के सभी 9 नगरीय निकायों में एक एक जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स होगा संचालन

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रदेश की मुखिया भूपेश बघेल ने राज्य की जनता को एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आज राजधानी स्थित मुख्यमंत्री आवास कार्यालय से बलौदाबाजार नगर सहित राज्य भर के 169 शहरों के लिए श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके तहत आज बलौदाबाजार बस स्टैंड स्थित दुकान का संचालन प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही माह के अंत तक जिले के सभी 9 नगरीय निकायों में मेडिकल स्टोर्स का संचालन प्रारंभ हो जाएगा।इस दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने संबोधन में कहा कि सभी को स्वास्थ्य सुविधा सुगमता से सुलभ कराने प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इस लिए जहां ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना लगभग तीन साल पहले शुरू की गई, वहीं शहरी स्लम क्षेत्र के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने मुख्यमंत्री शहरी स्लम क्लिनिक योजना 2020 शुरू की गई। अब इसी कड़ी में यूनिवर्सल स्वास्थ्य सेवा देने सस्ती दवा दुकान राज्य भर के 169 शहर में श्रीधन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर नाम से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि जहां पूरी दुनिया में महंगी होती स्वास्थ्य सेवाएं चिंता का विषय है और महंगे उपचार से आर्थिक स्थिति पर सीधा सीधा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में प्रदेश में 50 से 71त्न की छूट पर उच्च गुणवत्ता के जेनेरिक दवाइयां आम लोगों को उपलब्ध कराने यह महत्ती योजना शुरू की जा रही। इन जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में जहां 251 एलोपैथी की जेनेरिक दवाईयां सस्ती दरों में मिलेंगी। वहीं 27 प्रकार की सर्जिकल आइटम, 69 तरह की छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पाद भी मिलेंगे। उन्होंने जिला वासियों से अपील करतें हुए कहा की शहरों में खोले जा रहे इन सस्ती दवा दुकानों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही फार्मासिस्ट और डॉक्टर से भी अपील की कि जेनेरिक दवा का प्रचार प्रसार में सहयोग करें। ताकि अधिक से अधिक गरीब एवं आम जनता को लाभ मिल सकें। इस मौके पर छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा,पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, कलेक्टर सुनील कुमार जैन, डीएफओ के आर बढ़ई, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, राम गिडलानी, बिलाईगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारिका देवांगन एवं रूपेश ठाकुर,टेशु लाल धुरंधर समेत सभी पार्षद,जनप्रतिनिधि गण एवं गणमान्य नागरिक,मीडिया प्रतिनिधि बड़ी सँख्या में उपस्थित रहे। पहला ग्राहक बनें हेमचंद केसरवानी मेडिकल स्टोर्स के पहले ग्राहक बलौदाबाजार नगर निवासी हेमचंद केसरवानी बनें। उन्होंने ब्लडप्रेशर की दवाईया खरीदी। केसवानी ने बताया कि दवाइयों का मूल्य 65 रुपये है। जिसे मैंने इस दुकान से महज 20 रुपए में खरीदा हूं। इस तरह मेरा 10 टैबलेट में ही 45 रूपए का बचत हो रहा है। उन्होंने कहा मैं बाहर मेडिकल में प्रति माह करीब 800 रुपये की दवाई लेता हूं जो मुझें इस दुकान में करीब 250 रुपए में दवाइयां मिल जाएगी। उन्होंने आगें कहा इस दुकान से हम लोगों को बड़ी राहत मिली है। सस्ते में दवाई उपलब्ध होने से खर्च में कमी एवं बचत अधिक होगी। जिससे बचत के पैसों को दूसरे उपयोग में लगया जा सकता है। इसी तरह पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने संजीवनी के करीबी 7 नग शहद की खरीदी की। इस दौरान नगर पालिक परिषद बलौदाबाजार सीएमओ राजेश्वरी पटेल समेत जिलें के सभी नगरीय निकायों के सीएमओ, कर्मचारी एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# लोन दिलाने 27 को लगेगा मेगा क्रेडिट केम्प

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में 27 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से भारतीय स्टेट बैंक की ओर से मेगा क्रेडिट केम्प का आयोजन किया जा रहा है। लीड बैंक अधिकारी मदन मोहन प्रसाद ने बताया नगर भवन में सभी बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सभी शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण की जानकारी प्रदान करने के लिए व्यापक ऋण मेला आयोजित किया जा रहा है। सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ( एन आर एल एम ), एन यू एल एम,मछली पालन, डेयरी उद्यम,किसान क्रेडिट कार्ड,मुद्रा योजना ( शिशु,युवा,तरुण ) पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए सभी बैंक अधिकारियों के द्वारा ऋण से संबंधित जानकारी दी जाएगी। लीड बैंक अधिकारी मदन मोहन प्रसाद ने हितग्राहियों से केम्प में अधिक से अधिक उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लैंड माफिया शराब, गांजा तस्करों के हौसले बुलंद : रुपकुमारी

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में भाजपा जिला अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने कांग्रेस सरकार आने के बाद आपराधिक प्रकरण को लेकर प्रेस वार्ता रखी गई उन्होंने शासन से हाल ही में पत्थलगांव में शोभायात्रा के दौरान भक्तों पर तेज रफ्तार वाहन चढ़ा देने से घायल एवं मृतकों को सहायता राशि देने एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच करने की मांग की चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लैंड माफिया सैंड माफिया शराब एवं गांजा तस्करों से लेकर तमाम माफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं और सरकार इन मामलों पर अंकुश लगाने के बजाय ढाई ढाई साल की राजनीति में स्वयं की कुर्सी बचाने में लगी है हाल ही में पत्थलगांव में शोभा यात्रा पर गांजा तस्करों द्वारा सरेआम तेज वहां चढ़ाकर दर्जनों लोगों को कुचल दिया गया जिसमें कई घायल हो गए और कई लोगों की मौत हो गई इसी तरह कवर्धा जैसे संत कबीर के नाम से समर्पित शहर में भी बर्बरता की घटनाओं से आम जनता आक्रोशित है लेकिन इन घटनाओं पर सरकार गंभीर नहीं है उन्होंने सरकार से मांग की है कि पत्थलगांव में मृतकों को एक करोड़ एवं घायलों को 50लाख का मुआवजा दिया जाए।

प्रदेश में चल रहे तस्करों पर लगाम लगाने एवं अपराधिक मामलों की त्वरित सुनवाई के साथ दोषियों को सजा देने की मांग की है हाल ही में महासमुंद के बाल सुधार गृह से फरार हुए 9 अपचारी बालक को में से 2 को ही पकड़ने में सफलता मिली है जबकि सात अब भी फरार है जिसे उन्होंने प्रशासन की लापरवाही बताया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया पूर्व विधायक रामलाल चौहान भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा ,कामता पटेल जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सरायपाली मंडल अध्यक्ष धनेश नायक धर्मेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## कार्यकताओं का विधायक अमितेश शुक्ल पर भरोसा बरकरार

# विधायक के खिलाफ भावावेश में 200 कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दिया, अब माफी मांगकर लिया वापस

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




जिले के अंतर्गत आने वाली कोपरा पंचायत में सरपंच एवं सचिव के ऊपर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया था जिसके बाद हरकत में आए प्रशासन ने एक टीम नियुक्त कर सचिव को तो निलंबित कर दिया परंतु सरपंच के ऊपर कार्यवाई नहीं की जिस पर ग्रामीणों ने विधायक अमितेश शुक्ल पर सरपंच को संरक्षण देने और कार्यवाई नहीं होने देने की बात को लेकर पार्टी के 200 कार्यकर्ताओं ने 12 अक्टूबर को सामूहिक इस्तीफे का एलान कर दिया जिसके बाद हड़कंप मच गया। पूरी घटना की जानकारी विधायक अमितेश शुक्ल को लगने पर उन्होंने जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू एवं ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू को सभी कार्यकर्ताओं की घर वापसी कराने का जिम्मा सौंपा। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान विपक्ष के नेताओं ने भी विधायक पर जमकर निशाना साधा और पूरे घटनाक्रम के लिए विधायक को जिम्मेदार बताया। आखिरकार 6 दिनों तक मान मन्नोवल का दौर चला और 200 कार्यकर्ताओं ने विधायक पर लगाए आरोपों को लेकर लिखित में माफी मांगते हुए भावआवेश में ऐसा निर्णय लेने और विधायक पर आरोप लगाने की बात कहकर अपना इस्तीफा वापस लिया। इस पूरे घटनाक्रम में विधायक अमितेश शुक्ल ने अपने राजनैतिक कुशलता का परिचय देते हुए सभी दोस्तों कार्यकर्ताओं की घर वापसी कराई एवं सरपंच के खिलाफ जल्द ही कार्यवाही करने की बात कहीं।

### दिनोदिन ऐसे बदलता रहा पूरा घटना क्रम

26 सितंबर को कोपरा सरपंच और सचिव पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे 130 सी जाम किया। 27 सितंबर को कलेक्टर ने पुरे मामले को लेकर कि जाँच टीम गठित। 5 अक्टूबर को कोपरा पंचायत के सचिव को किया निलबिंत 12 अक्टूबर को सरपंच पर कार्यवाही नही होने से नाराज 5 जिला कांग्रेस महामंत्री और 5 ब्लाक कांग्रेस महामंत्री सहित 200 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नाम दिया इस्तीफा। 13 अक्टूबर को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने 200 कार्यकर्ताओं का इस्तीफा स्वीकार करने से किया मना। 14 अक्टूबर को विधायक अमितेश शुक्ल ने कांग्रेसियों की वापसी के लिए जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपी जिम्मेदारी। 14 अक्टूबर को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू पूरे घटनाक्रम के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताते बताते मीडिया में समाने हुये भावुक। 16 अक्टूबर को प्रभारी मंत्री अमरजीत सिंह भगत एवं विधायक अमितेश शुक्ल ने फोन कर कार्यकर्ताओं को सरपंच के ऊपर कार्यवाही का दिया आश्वासन। 18 अक्टूबर को कांग्रेस के सभी 200 कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से मिलकर इस्तीफा वापस लिया और कि घर वापसी।

कांग्रेस पार्टी कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मेरे परिवार के सदस्य समान हैं और परिवार में अगर कोई भावआवेश में आकर किसी तरह की बातें बोल देता है तो उसे दिल पर नही लिया जाता। उन्होंने अपनी गलती पर माफी मांग ली है मैंने उन्हें माफ कर दिया है।
**-अमितेश शुक्ल,** विधायक


## जिला निर्माण समिति, जिला-बीजापुर

नि.आ.क्रमांक/36/त.शा./कार्य.अभि./नो.अधि./जि.नि.स./2021 बीजापुर दिनांक 14/10/2021

### संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से समूहवार मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' प्रतिशत दर पर बीजापुर जिले के ग्राम स्थलों पर केसिंग पाईप हैण्डपंप तथा राईजर पाईप सामग्री सहित 125 मि.मी./115 मि.मी. व्यास के नलकूप खनन कर हैण्डपंप स्थापना कार्य के लिए डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय कार्य.अभि.लो.स्व.यां./नोडल अधिकारी जिला निर्माण समिति बीजापुर में दि. 28.10.2021 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। **समूह क्र. अ, ब एवं स** तथा निविदा कार्य की लागत क्रमशः रू. **5.28 & 10.56 & 12.32** लाख, धरोहर राशि क्रमशः रू. 5000.00, रू. 7920.00 एवं रू. 9240.00 है। निविदा कार्य में प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग. के द्वारा जारी एस.ओ.आर. (नलकूप खनन कार्य) दिनांक 01.06.2020 समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। आवेदन की तिथि 25.10.2021 तक है।

**टीप-** निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण नियम व शर्तें आदि की जानकारी कार्यालयीन अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में दिनांक 28.10.2021 तक देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां./**
**नोडल अधिकारी जिला निर्माण समिति**
**जिला-बीजापुर**

जी. - 64549/5

# जिले के स्कूल होंगे तम्बाकू मुक्त चलाया जाएगा अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के स्कूलों को तम्बाकू मुक्त संस्थान बनाने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। पहले चरण में ओरछा व नारायणपुर ब्लॉक के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के 36 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आये शिक्षकों को स्कूल परिसर के अंदर व बाहर 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू की बिक्री व सेवन करने वालो पर अंकुश लगाने के लिये नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गयी है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला अस्पताल सभाकक्ष में सीएमएचओ डॉक्टर बी.आर पुजारी, सिविल सर्जन डॉक्टर एम.के सूर्यवंशी एवं जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मंडावी के दिशा निर्देश में एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर प्रिया कंवर ,जिला नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत गिरी के मार्गदर्शन में किया गया।



इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत गिरी ने बताया, ÷तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली जानलेवा बीमारियों के बारे में बताया गया। साथ ही तम्बाकू की लत युवाओं को कैसे लगती है तथा वह इस लत को कैसे छोड़ सकते हैं के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सभी शिक्षकों को शपथ दिलाकर अपने विद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु प्रेरित किया गया। डॉ. गिरी ने बताया कि जिले के 171 स्कूलों मे तम्बाकू मुक्त संस्थान बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा । हमारा प्रयास है कि 14 नवम्बर से पूर्व हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर लें।

वहीं डॉक्टर अखिलेश्वरी ठाकुर (डेंटिस्ट) ने तंबाकू के उपयोग से होने वाले रोग एवं उनके लक्षणों के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया, ÷तम्बाकू के सेवन से हमें फे फड़ों का कैंसर ,लीवर का कैंसर, डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। हृदय रोग, ब्रेस्ट कैंसर, गले में पेट में अल्सर, नींद कम आना, हार्ट अटैक, लकवा, हाई बीपी की समस्या और टीबी रोग होने की संभावना सामान्य व्यक्ति की अपेक्षा 3 गुना बढ़ जाती है।

साइकेट्रिक सोशल वर्कर नेहा गिरी ने प्रशिक्षण में आये शिक्षकों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान के सफलतापूर्ण संचालन हेतु राज्य निर्देशित नौ इंडीकेटर्स के बारे में बताया। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 के तहत स्कूल परिसर के अंदर तम्बाकू सेवन करने वाले कोई भी व्यक्ति व 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू बिक्री करने वालों पर लगने वाले जुर्माने सम्बन्धी जानकारी दी गयी।

## चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश की सरकार दे रही सकारात्मक योगदान-रामकुमार यादव




पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नवगठित शक्ति जिले के अंतर्गत नगर पंचायत अड़भार को पूर्ण तहसील का दर्जा देने एवं अड़भार शहर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा खोलने की स्वीकृति प्रदान करने पर नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद,एल्डरमैन सहित नगर वासियों ने 18 अक्टूबर को चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान विधायक रामकुमार यादव का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान सम्मान किया,इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव का नगर पंचायत अड़भार पहुंचने पर लोगों ने आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें करमा नृत्य एवं ढोल बाजे तथा आतिशबाजी के साथ शहर भ्रमण करवाया एवं उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया, इस दौरान चांपा जिले सहित चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के भी काफी संख्या में कांग्रेस नेता गण एवं शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे,कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष/विधायक प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधियों ने चंद्रपुर विधायक का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनकी मेहनत एवं सकारात्मक प्रयासों से आज चंद्रपुर शहर को बड़ी सौगात मिली है।

तथा आने वाले दिनों में क्षेत्र की जनता को इसका प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा,वही इस दौरान नगर वासियों ने और अड़भार से लगे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु भी विधायक से आग्रह किया, जिस पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, के सहयोग से आज चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के काम तेजी से चल रहे हैं, तथा नगर पंचायत अड़भार में भी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवीन शाखा आगामी दिनों में शीघ्र ही प्रारंभ होगी।

तथा यह शाखा प्रारंभ होने से शहरवासियों तथा आसपास के लोगों को मालखरौदा एवं शक्ति जाने की समस्या से निजात मिल सकेगा, तथा क्षेत्र के किसान एक बड़ी उपलब्धि के रूप में इस जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा का लाभ ले सकेंगे, विधायक राम कुमार यादव ने कहा की अड़भार को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलने से भी लोगों को काफी सुविधाएं होंगी, एवं राजस्व तथा जमीन- जायदाद संबंधित छोटे-बड़े कामों एवं अन्य तहसील से संबंधित कार्यों के लिए उन्हें अड़भार में ही सारी सुविधाएं मिलेंगी, इस दौरान चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्व सरकारों ने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की ओर ध्यान नहीं दिया, तथा 2018 के बाद कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने विकास के लिए एक नई पहल की है, एवं इस पहल के चलते ही आज चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों में करोड़ों अरबों रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण प्रारंभ हुआ है। एवं जो सड़के आज नहीं बन पाई है, उनका प्रस्ताव बंनकर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा चुका है, एवं यथाशीघ्र वे सड़कें भी बन कर आम जनता के उपयोग में आएंगी, इस दौरान चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि आज अड़भार शहर की जनता ने राजनीति से ऊपर उठकर जो नागरिक अभिनंदन का कार्यक्रम किया है, वह छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक सकारात्मक संदेश देता है, तथा हम सभी को विकास के लिए एक होकर कार्य करना चाहिए तथा हम सभी एकजुट होंगे तो हमारा चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में और अधिक तेजी से आगे बढ़ेगा,वही चंद्रपुर विधायक ने अड़भार शहर वासियों द्वारा आयोजित इस अभिनंदन समारोह की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा आगामी भविष्य मे अड़भार शहर के विकास के लिए यथासंभव, यथाशक्ति, सहयोग करने का भी आश्वासन दिया, चंद्रपुर विधायक के नागरिक अभिनंदन समारोह को सफल बनाने में क्षेत्र के समस्त नेतागण तथा आयोजन समिति सहित शहर वासियों का भी सकारात्मक योगदान रहा।

## मीडिया में आ रही खबर से शैडो एमएलए नाराज : कन्हैया

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्ष 2018 में सम्पन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के पराजित प्रत्याशियों की एक सौजन्य मुलाकात रायपुर के एक निजी होटल में रखी गई थी,उक्ताशय की जानकारी एक भेंटवार्ता में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पराजित छाया कांग्रेस विधायक कन्हैया अग्रवाल ने देते हुए बताया है कि बैठक में सभी प्रत्याशियों का यह विचार था कि पराजित प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं, कांग्रेस संगठन से संबंधित बातें, आदि के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम से मिलकर सामूहिक रूप से चर्चा करेंगे, जहां तक छाया विधायक की नाराजगी की जो बाते आ रही है, वह पूर्णतया निराधार है, कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि ऐसी कोई चर्चा उस मीटिंग में नहीं हुई। हमें संगठन और सत्ता दोनों की तरफसे पर्याप्त महत्व



दिया जाता है, एक साथ पराजित प्रत्याशियों के आपस में बैठने से हमें एक दूसरे के अनुभव का भी लाभ मिलता है, हम जनता के बीच कैसे शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर सकें एवं संगठन को बूथ से लेकर विधानसभा तक संगठन को मजबूत कर सके, इस संबंध में भी हमें एक दूसरे से ताकत मिलती है, कन्हैया अग्रवाल के अनुसार उपरोक्त बैठक एक आपस में औपचारिक मुलाकात थी, तथा बैठक में संगठन को मजबूत बनाने एवं आने वाले चुनाव में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में चर्चा हुई है।

## जांजगीर-चांपा जिले के गांधी एवं सलूज़ा छत्तीसगढ़ शासन की जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सदस्य बने

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अल्पसंख्यक कार्य, आदिम जाति एवं जनजाति मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा राजस्व मंत्र ी(प्रभारी जिला जांजगीर-चांपा) जयसिंह अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा एवं अल्पसंख्यक कार्य आदिम जाति एवं जनजाति मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के सिक्ख समुदाय के दो सामाजिक कार्यकर्ताओ चांपा गुरूसिंग सभा के



संरक्षक अमरजीत सिंह सलूजा (बंटी) एवं शिवरीनारायण निवासी गुलजीत सिंह गांधी (सोनु) को जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति का सदस्य मनोनित किया गया है।



गुरूसिंग सभा के संरक्षक अमरजीत सिंह सलूजा (बंटी) एवं शिवरीनारायण निवासी गुलजीत सिंह गांधी (सोनु) को जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति का सदस्य बनाये जाने पर प्रदेश के सिक्ख समाज एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं।

## जेजेसी नेता अमित जोगी ने शक्ति पहुंच कर दी राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह को जन्मदिन की बधाई

**शक्ति।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में जोगी जनता कांग्रेस के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी ने 19 अक्टूबर को शक्ति के राजमहल पहुंच कर अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री सुरेंद्र बहादुर सिंह को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी, इस दौरान अमित जोगी ने शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू सहित अन्य उपस्थित लोगों से भी परिचय प्राप्त करते हुए उनका अभिवादन किया तथा उन्होंने कहा कि राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह मेरे स्व. पिता जी के घनिष्ठ मित्र हैं, तथा मैं उनका आदर- सम्मान करता हूं, एवं उन्हें आज शुभकामनाएं देने हेतु शक्ति पहुंचा हूं,जेजेसी नेता अमित जोगी के साथ जेजेसी के अन्य प्रदेश एवं जिला तथा स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## हास्टल, ढाबे, शासकीय कार्यालयों सहित सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति के सभी श्रोतों को एक सप्ताह के भीतर सफ़ाई और क्लोरिनेशन सुनिश्चित करें- कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति के सभी श्रोतों को अभियान चलाकर उनके विशेष शुद्धिकरण का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने यह कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी तिथि भी अंकित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं, कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को उक्ताशय के निर्देश देते हुए कहा है कि वे जिले के सभी ओव्हर हेड टैंक, भूमिगत टैंक , सभी होटल, ढाबों में स्थापित पेयजल टैंक, जहां से सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति की जाती है, सभी शासकीय निजी कार्यालयों के भूमिगत और ओवरहेड टैंक, सिंटेक्स टैंकों की एक सप्ताह के



भीतर साफ़ सफाई का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने इन पेयजल श्रोतों का क्लोरोनीकरण कराने सहितसार्वजनिक-निजीहैंडपंपों, ट्यूबवैल के आसपास विशेष स्वच्छता का कार्य भी एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है, कलेक्टर ने जिले के स्कूलों, छात्रावासों, शासकीय और निजी अस्पतालों के सभी पेयजल वाहनियों की भी विशेष स्वच्छता का काम अभियान चलाकर एक सप्ताह में पूरा करने के कहा है। सभी अधिकारियों को निर्देशित कर कहा गया है कि वे उक्त महत्वपूर्ण निर्देशित कार्य पूरा करने के बाद कार्य पूर्णता की तिथि भी अनिवार्य रूप से अंकित करें।

## कबीरधाम पुलिस को फर्जी लड़ाई झगड़े की सूचना देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** दिनांक 19-10-2021 को कबीरधाम पुलिस कंट्रोल रूम कार्यालय में 11:52 बजे C-4 रायपुर से वेब पोर्टल पर इवेन्ट क्रमांक 09/21 प्राप्त हुआ इवेन्ट में कालर द्वारा दर्रीपारा कवर्धा में दो गुटों के बीच लड़ाई हो रहा है, की जानकारी दिया गया था। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कंट्रोल रूम पुलिस स्टॉप के द्वारा थाना सिटी कोतवाली के डायल 112 पैंथर-01 को डिस्पेज किया गया था, पैंथर-1 कवर्धा द्वारा दर्रीपारा कवर्धा पहुंच कर कालर का मोबाईल नम्बर- से सम्पर्क करने पर मोबाइल बंद बता रहा था। घटना कि सूचना जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दिया गया। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल घटना के विषय में आवश्यक



जानकारी प्राप्त करने पुलिस टीम रवाना किया गया, जिस पर दर्रीपारा में किसी भी प्रकार का लडाई झगडा नही होना बताये। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम के द्वारा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के पता तलाश हेतु थाने में गठित टीम एवं साइबर सेल टीम को उक्त आरोपी के पता तलाश हेतू रवाना किया गया। पुलिस को फर्जी सूचना देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में टीम को सफलता प्राप्त हुआ। आरोपी कॉलर आजम अली पिता जान अली उम्र 21 वर्ष साकिन ग्राम पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम के विरुद्ध अपराध क्रमांक- 820/2021 धारा- 505 ख, ग, 188 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के द्वारा यह जानते हुये कि कवर्धा शहर में पूर्व में दो गुटों की लड़ाई की बात पर से दिनांक 03-10-2021 को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम के द्वारा आदेश पारित किया गया है।

## जांजगीर के मेहुल झांझडिया ने आईआईटी की परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर हासिल की सफलता

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पालिका जांजगीर नैला के पार्षद एवं युवा समाजसेवी सुधीर झांझडिया के होनहार सुपुत्र मेहुल झांझडिया ने आईआईटी की ऑल इंडिया परीक्षा में 2711 वा स्थान प्राप्त कर पूरे शहर को गौरवन्नित किया है,तथा मेहुल की सफलता पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है, उल्लेखित हो की मेहुल झंझडिया प्रारंभ से ही काफी मेधावी एवं होनहार है, तथा उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों, गुरुजनों को देते हुए कहा है- कि कड़ी मेहनत एवं अनुशासन से ही सदैव सफ्लता मिलती है।

तथा मेहुल के इस चयन होने पर नैला जांजगीर के भी लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है, तथा उनके पिता नगर पालिका के पार्षद सुधीर



झांझड़िया ने कहा है कि उनका सुपुत्र मेहुल शुरू से ही काफी मेधावी तथा होनहार हैं, एवं उसने अपनी कड़ी मेहनत से यह सफलता अर्जित की है, तथा मेंहल आगे की पढ़ाई मुंबई में करेंगे, उल्लेखित हो कि मेहुल झांझडिया नैला- जांजगीर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष अरुण झांझड़िया के पोते हैं।

## सात बदमाशों को न्यायालय लेकर गए दो सिपाही, एक बदमाश भागा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

थानों में बल की कमी और ऐसी लापरवाही चल रही है कि सात बदमाशों को न्यायालय पेश करने के लिए दो सिपाही लेकर जा रहे हैं। ये व्यवहारिक तौर पर भी संभव नहीं है कि दो सिपाही सात बदमाशों को संभाल सकें और ऐसा हुआ भी। जब दुर्ग कोतवाली थाना के दो सिपाही सात बदमाशों को न्यायालय लेकर गए थे। न्यायालय में पेश करने के बाद एक सिपाही आर्डर शीट में हस्ताक्षर करवाने लगा। तभी आर्म्स एक्ट का एक आरोपित दूसरे सिपाही को धक्का देकर फरार हो गया।

उसकी तलाश की गई। लेकिन, कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद दुर्ग कोतवाली थाना में आरोपित के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई। दुर्ग कोतवाली के दो सिपाही लालजी यादव और लोकेश सलाम सोमवार को विभिन्ना अपराधों में शामिल सात आरोपितों को न्यायालय लेकर गए थे। सभी आरोपितों को जेएमएफसी गंगा पटेल के न्यायालय में पेश किया गया। एक सिपाही एक सिपाही न्यायालय में आर्डर शीट पर हस्ताक्षर करवा रहा था। इसी दौरान आर्म्स एक्ट का एक आरोपित गंजपारा निवासी अविनाश उर्फ दद्दू (30) दूसरे सिपाही को धक्का देकर फरार हो गया। सिपाही ने उसे पकड़ने की कोशिश भी की। लेकिन, आरोपित वहां से भागने में सफल रहा। इसके बाद सिपाही लालजी यादव ने दुर्ग कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा

( छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम )

( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी )

### बिजली बंद की सूचना

छ.स्टे.पा.डि.क्रं. लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व लाइनों एवं उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।**

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र / फीडर का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 21.10.2021 | 132/33/11 के. व्ही. दुलदुला उपकेंद्र | 11 के.व्ही. हथबंध फीडर | नयापारा, दुलदुला लांजा, पौंसरी के समस्त उपभोक्ता एवं एच टी उपभोक्ता मेसर्स श्वेता एग्रो। |
| 2. | 21.10.2021 | 33/11 के. व्ही. जरौद उपकेंद्र | 11 के. व्ही. सिनोधा अटल ज्योति फीडर | जरौद, सिनोधा, भंवरगढ़, बरडीह |
| 3. | 21.10.2021 | 33/11 के. व्ही. जरौद उपकेंद्र | 11 के. व्ही. सिनोधा फीडर | जरौद, सिनोधा, भंवरगढ़, बरडीह |
| 4. | 21.10.2021 | 33/11 के. व्ही. दामाखेड़ा उपकेंद्र | 11 के. व्ही. ओल्ड अटल ज्योति फीडर | ग्राम तोरा एवं चक्रवाय के समस्त उपभोक्ता |
| 5. | 21.10.2021 | 33/11 के. व्ही. हथबंद | 11 के. व्ही. रिंगनी-केशदा फीडर | ग्राम रिंगनी एवं केसदा के समस्त उपभोक्ता |
| 6. | 21.10.2021 | 33/11 के. व्ही. सिंगारपुर | 11 के. व्ही. सिंगारपुर फीडर | गोढी, लमती, मेन्ड्रा, सिंगारपुर |
| 7. | 21.10.2021 | 33/11 के. व्ही. टिकुलिया | 11 के. व्ही. टिकुलिया ग्रामीण | टिकुलिया, ढाबाडिह, पेन्ड्री |
| 8. | 22.10.2021 | 220/132/33 के. व्ही. सुहेला | सुहेला से इंडस्ट्रीयल फीडर | आदित्य सीमेंट प्लांट खैरवारी |
| 9. | 22.10.2021 | 220/132/33 के. व्ही. सुहेला | 33 के.व्ही. श्री सिमेंट(हथबंद) फीडर | कोई उपभोक्ता प्रभावित नहीं |
| 10. | 22.10.2021 | 220/132/33 के. व्ही. दुलदुला (सिमगा) उपकेंद्र | 33 के.व्ही. न्यू बिलासपुर फीडर | 33/11 के.व्ही. दामाखेड़ा, ढेकुना एवं मनहोरा उपकेंद्र के समस्त उपभोक्ता |
| 11. | 22.10.2021 | 33/11 के. व्ही. झिरिया उपकेंद्र | 11 के.व्ही. बछेरा फीडर | ग्राम नवागांव, मुसुवाडीह, भोथीडीह एवं बछेरा के समस्त उपभोक्ता। |
| 12. | 22.10.2021 | 33/11 के. व्ही. सुहेला उपकेंद्र | 11 के.व्ही. नवापारा फीडर | नवापारा, खैरवारी, धोबनीडीह, बिटकुली 04 नं. कशर एवं 02 नं. उच्चदाब उपभोक्ता |
| 13. | 22.10.2021 | 220/132/33 के. व्ही. सुहेला | 33 के.व्ही.श्री सिमेंट (हथबंद) फीडर | कोई उपभोक्ता प्रभावित नहीं |
| 14. | 22.10.2021 | 33/11 के. व्ही. उपकेंद्र पटपर | 11 के.व्ही.धुर्राबांधा फीडर | सेन्द्री, बोरसी, परसवानी, हसदा, कलमीडीह, अकलतरा |
| 15. | 22.10.2021 | 33/11 के. व्ही. निपनिया, कोसमंदा | 11 के.व्ही. धनेली फीडर, बेन्दरी फीडर | अकलतरा, लेवई बेन्दरी, कुकदा, खैरी, गुडेरिया, चिचपोल |
| 16. | 22.10.2021 | 33/11 के. व्ही. रोहरा | 11 के. व्ही. तरेंगा, रोहरा फीडर | तरेंगा, रोहरा, दौरेंगा |
| 17. | 23.10.2021 | 132/33/11 के. व्ही. दुलदुला | 33 के. व्ही. बेमेतरा-2 फीडर | 33/11 Kv झिरिया S/s से संबंधित ग्राम। |
| 18. | 23.10.2021 | 33/11 के. व्ही. झिरिया उपकेंद्र | 33 के. व्ही. झिरिया-हथबंद फीडर | एच.टी. उपभोक्ता M/s APL Appolo, एवं M/s Raipur Handling Ringni |
| 19. | 23.10.2021 | 132/33/11 के. व्ही. दुलदुला | 33 के. व्ही. बेमेतरा-2 फीडर | 33/11 Kv झिरिया S/s से संबंधित ग्राम। |
| 20. | 23.10.2021 | 33/11 के. व्ही. सुहेला उपकेंद्र | 11 के.व्ही. भटपेरा फीडर | भटपेरा, कुथरौद, खार, बुडगहन, बिटकुली, नयापारा, खैरवारी |
| 21. | 23.10.2021 | 33/11 के. व्ही. दामाखेड़ा | 11 के.व्ही. दामाखेड़ा टाउन फीडर | ग्राम दामाखेडा, धोबनी एवं किरवई के उपभोक्ता। |
| 22. | 23.10.2021 | 33/11 के. व्ही. झिरिया उपकेंद्र | 33 के. व्ही. झिरिया-हथबंद फीडर | एच.टी. उपभोक्ता M/s APL Appolo, एवं M/s Raipur Handling Ringni |
| 23. | 23.10.2021 | 33/11 के. व्ही. सेन्ट मेरी | 11 के.व्ही. तुरमा फीडर | कोडापार, मुढ़ीपार, गोगिया, चमारी, तुरमा, परसाडीह आदि |
| 24. | 23.10.2021 | 33/11 के. व्ही. सुरजपुरा, देवरी | 11 के.व्ही. सुरजपुरा टाउन, इण्डस्ट्रीयल, देवरी टाउन | सूरजपुरा, देवरी, उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त लाईन |
| 25. | 23.10.2021 | 220/132/33 के. व्ही. उपकेन्द्र भाटापारा | 33 के. व्ही. भाटापारा एक | सूरजपुरा, देवरी, सिंगारपुर उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त लाईन |

1. ''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें ''
2. '' समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।''

(जी.पी.अनंत)
कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ. स्टे. पा. डि. क्रं. लिमिटेड भाटापारा
कर्मचारी क्रमांक 05331110

संपादकीय

# शशिकला का प्रयास

## राजनीतिक प्रासंगिकता

**शशिकला** स्वयं को पुनः राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाने के प्रयास कर रही हैं, पर वे प्रभावशाली नहीं लग रहे हैं। यह तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का स्वर्ण जयंती वर्ष है, पर इस अवसर पर आयोजनों का अभाव है। उसके पास एकजुट करने वाला नेता नहीं है। वह राज्य की सत्ता द्रमुक को सौंप चुकी है तथा जयललिता के निधन के बाद से उसके कार्यकर्ता गुटीय लड़ाइयों में फंसे हैं। क्या ऐसी पार्टी कभी पुनर्जीवन की सोच सकती है? हालांकि, उनकी निकट सहयोगी पुरातची थैलवी वी.के.शशिकला ऐसा सोचती हैं। वे यदि पार्टी नहीं तो कम से कम उसकी नेता बन कर अपने पुनर्जीवन की संभावना खोज रही हैं। भ्रष्टाचार मामले में चार साल जेल की सजा पूरी करने के बाद उन्होंने पार्टी स्थापना के 50 साल के अवसर का आयोजन स्वयं को पुनः राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए किया। हालांकि, उनके राजनीतिक प्रयास हल्के रहे, पर उनमें प्रचार की कमी नहीं थी। शशिकला ने चेन्नै में पार्टी के स्मारकों व संग्रहालयों का दौरा कर एमजीआर तथा जे. जयललिता को श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जयललिता की विरासत वापस लाने की बात कही, लेकिन शायद अभी उनके द्वारा जनता को संबोधित करने का समय नहीं आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनायें समझने के लिए राज्य के दौरे की बात कही। इससे शशिकला का शुरुआती दांव पूरा हो गया है। अब पार्टी की नेतृत्व करने वाली एलापडि के. पलानीस्वामी तथा ओट्टाकार्तेवर पनीरसेल्वम को प्रतिक्रिया देनी है। पलानीस्वामी ने विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक का सफाया न होने का श्रेय लिया है जिसे आश्चर्यजनक रूप से 77 सीटें मिली हैं। वे स्वयं को ओपीएस से बेहतर नेता मानते हैं। ओपीएस को शशिकला का प्रभाव बढ़ने की आशंका है क्योंकि उनकी जाति एक ही है। शशिकला के लिए नेतृत्व वाली जोड़ी तोड़ना कठिन नहीं है, पर वे पार्टी को तोड़ना नहीं चाहती हैं क्योंकि इससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। वे देखना चाहती हैं कि 2017 में जयललिता के कोडानाड स्टेट में हुई हत्या की घटना का ओपीएस-ईपीएस जोड़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री ईपीएस ने इसकी विशेष जांच का आदेश नहीं दिया था, लेकिन अब द्रमुक सरकार ने यही किया है। इन सारी घटनाओं से पार्टी कार्यकर्ता भ्रमित हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि तीन नेताओं में से किसे शक्ति मिलेगी। वे देखना चाहते हैं कि क्या शशिकला को 'अम्मा' के निकट होने का भावनात्मक लाभ मिलेगा। वे प्रतीक्षा करना और देखना चाहते हैं कि क्या क्या कोडानाड जांच से ईपीएस व ओपीएस को कोई परेशानी होती है। इसी कारण कोई नेता जल्दबाजी में कदम नहीं उठा रहा है। राज्य की द्विध्रुवी राजनीति में अन्नाद्रमुक को एकजुट रखने की संभावना वाला नेता जयललिता का वारिस बन सकता है। द्रमुक भी नहीं चाहती है कि राज्य में उसके सामने अन्नाद्रमुक के सिवा कोई और बने। एम.के.स्टालिन का बयान इसका रिकार्ड है। कांग्रेस पहले से ही अपना स्थान जानती है। हालांकि, भाजपा इस संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। उसने मूल रूप से चुनाव में अन्नाद्रमुक के कमजोर होने तथा उसके टूटने पर एक गुटीय नेता अपने पक्ष में लाने की तैयारी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ओपीएस-ईपीएस का लक्ष्य बड़ा है और वे स्वयं पार्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। शशिकला ने स्वयं को चुनावों से दूर रखा था और उनके इस निर्णय के पीछे एक अदृश्य हाथ की बात कही जाती थी। क्या वे जयललिता की तरह राष्ट्रीय पार्टियों को किनारे रखने का साहस दिखा सकेंगी?

# सही समय पर बिकी एयर इंडिया

## एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।



उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




**तत्कालीन** वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने 28 जून, 2017 को केन्द्रीय कैबिनेट में एयर इंडिया-एआई तथा उसकी पांच सहायक कंपनियों के 'सिद्धान्त रूप से' रणनीतिक विनिवेश के निर्णय की घोषणा की थी। इसके पचास महीने से अधिक समय बाद 8 सितंबर, 2021 को सरकार ने एआई तथा उसकी शत प्रतिशत सहायक एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के निजीकरण तथा एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड-एआईएटीएसएल में 51 प्रतिशत शेयर बेचने की घोषणा की। इससे प्रतीक 'महाराजा' एक बार फिर 68 साल बाद अपने मूल टाटा समूह के पास पहुंच गया है, जबकि इस कपंनी का 1953 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। एआई निजीकरण प्रक्रिया में चार प्रमुख कमियां दिखती हैं।

पहला, यह कदम पहले दिन से ही आधा-अधूरा था। यह नौकरशाहों तथा राजनेता वर्ग में अंतर्निहित प्रवृत्ति स्पष्ट करता है कि वे विनिवेश के बाद भी थोड़ा नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं ताकि नए मालिक के अंतर्गत भी कर्मचारियों को सुरक्षा कवच सुनिश्चित हो। 2017-18 में पहले कदम का कोई नतीजा नहीं निकला क्योंकि उस प्रस्ताव में सरकार ने 24 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखने पर जोर दिया था तथा कर्मचारियों को कम से कम तीन साल बनाए रखने जैसी अन्य शर्तें भी लगाई गई थीं। एक अतिरिक्त शर्त यह भी थी कि कम्पनी एआई के कर्जों का बड़ा हिस्सा स्वीकार करेगी। इस कारण निवेशकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। आखिरकार आधे-अधूरे मन के स्थान पर पूरे मन को जगह मिली तथा सरकार ने अपना शत-प्रतिशत हिस्सा बेचने और अधिग्रहीत करने वाली कंपनी को कर्मचारियों को एक साल बाद हटाने की छूट दी। उसने बोलीकर्ताओं को 'उद्यम मूल्य' बताने को कहा। इसका वित्तीय रूप से अर्थ यह है कि उनको बिक्री वाले उद्यम की बैलेंस शीट का बहुत कम कर्ज स्वीकार करना था। लेकिन इस विलम्ब से केन्द्र सरकार को भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। जब पहले विनिवेश का विचार सामने आया था तब एआई पर कर्ज लगभग 50,000 करोड़ था। निवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव के अनुसार एआई से रोज 20 करोड़ का नुकसान हो रहा था। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कुल कर्ज बढ़ कर 77,500 करोड़ रुपये हो गया था।

दूसरा, विनिवेश योजना सामने आने के बाद संबंधित पीएसयू के प्रबंधन में मतभेद से उसका वित्तीय स्वास्थ्य और खराब होता है। 31 मार्च, 2021 को एआई का कर्ज 58,000 करोड़ था। अगले पांच महीनों में 31 अगस्त, 2021 तक इसमें 3,500 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज जुड़ गया। इसके साथ ही महाराजा पर तेल पीएसयू, हवाईअड्डों के बकाए तथा अन्य वेंडरों के 16,000 करोड़ के 'बकाया बिलों' का भुगतान लंबित है। कुल मिला कर एआई पर 77,500 करोड़ की देनदारियां हैं। इनमें से टाटा केवल 18,000 करोड़ का भुगतान करेगा तथा 15,300 करोड़ के कर्ज के हिस्से के बदले 2,700 करोड़ देगा। इससे केन्द्र सरकार पर कम से कम 60,000 करोड़ की भारी देनदारियां बची रहती हैं। इनको पूरी तरह एक स्पेशल परपज़ वेहिकिल में बदला जाएगा जिसे एयर इंडिया असेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड-एआईएएचसीएल का नाम दिया गया है। केन्द्र ने गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों, जैसे जमीन, इमारतों और आवासीय कालोनियों को अपने पास रखा है जिनकी बिक्री से लगभग 15,000 करोड़ प्राप्त हो सकते हैं। यह धनराशि अंततः करदाताओं की जेब से जाएगी जो 2009-10 तक एयर इंडिया चलाए रखने पर खर्च 1,10,000 करोड़ के अलावा है।

तीसरा, नौकरशाही में व्याप्त लाल फीताशाही का वर्चस्व बना रहता है। अवधारणा बनाने, स्वीकृतियां प्राप्त करने, प्राथमिक सूचना मेमोरैंडम-पीआईएम, प्रस्ताव की प्रार्थना-आरएफ्पी, वित्तीय बोलियां आमंत्रित करना, बोलीकर्ता का चयन, शेयर साझा समझौता-एसपीए, आदि लगभग सभी प्रक्रियाओं पर नौकरशाही की पकड़ बनी रहती है जो विनिवेश को सफ्ल बनाने के लिए जरूरी हैं। इसके साथ ही नौकरशाह इस भय से समय पर निर्णय नहीं लेते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनसे इस पर सवाल पूछे जा सकते हैं।

एआई की बिक्री भी इस समस्या से अछूती नहीं रही है। बताया जाता है कि कुछ उपायों पर विचार किया गया, जैसे पीआईएम, आरएफ्पी व एसपीए पर निर्णय को दीपम पर छोड़ा गया। वर्तमान समय में इन मुद्दों पर फैसला अंतर-मंत्रालयी समिति समिति लेती है जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव दीपम तथा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के सचिव के पास होता है। यह आधा-अधूरा सुधार है। चौथा, पीएसयू को अक्सर राजनीतिक अवस्थापना द्वारा 'घाटे' वाली स्थिति में पहुंचाया जाता है जिसमें नौकरशाही पूरी सहायता करती है। इसका कारण नौकरशाही द्वारा लगातार इन उद्यमों के कामकाज में हस्तक्षेप है जो अत्यधिक श्रमशक्ति, बढ़े हुए खर्चों, वेंडरों को अधिक भुगतान, आदि के रूप में सामने आते हैं। एआई के मामले में यह 2007 में उस समय संकट में आई जब राजनेताओं ने प्रबंधन को 70,000 करोड़ में 111 विमान खरीदने के आदेश दिए जो प्रबंधन द्वारा बताए 28 विमानों की आवश्यकता का चार गुना था। जब कोई फर्म भारी देनदारी ओढ़ लेती है जिसका उसके बिजनेस से कोई मेल नहीं होता है तो वह अपरिहार्य रूप से खतरनाक स्थिति में पहुंच जाती है।

हवाईजहाजों की खरीद को बैंकों के एक समूह से कर्ज लेकर पूरा किया गया था। इस प्रकार के निर्णय से लाभ बहुत कम होता है और बाकी धन कर्ज में बदल जाता है। विडंबना है कि तत्कालीन सरकार ने विमानों का प्रयोग बढ़ाने के बारे में कुछ नहीं किया। इसके अलावा अत्यधिक द्विपक्षीय सीटें तथा मुनाफे वाले रूट विदेशी-निजी एयरलाइनों को दिए गए। इनके कारण ये विमान बेकार खड़े रहे। दूसरा गलत निर्णय 2007 में इंडियर एयरलाइन्स का एआई में विलय था। इनके बीच कोई संगति नहीं थी तथा इनकी कार्य संस्कृति, मुआवजे के पैकेजों, कर्मचारियों की आयु संरचना, आदि में भारी अंतर था। इससे आपरेशनल विसंगतियां पैदा हुई तथा संयुक्त किए उद्यम का कर्ज बढ़ा।

कुल मिला कर कहें तो एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। ऐसे में इसकी बिक्री कभी नहीं से देर भली वाली स्थिति है। दिसंबर, 2021 में पूरे होने वाले इस समझौते से मोदी सरकार ने संसाधनों की और बरबादी को बचा लिया है। इसके साथ ही टाटा से 18,000 करोड़ तथा गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की बिक्री से 15,000 करोड़ प्राप्त होंगे। दर्जनों पीएसयू में विनिवेश लंबित है। इसे देखते हुए सरकार को अतीत की गलतियों से सबक लेना चाहिए, जिनकी चर्चा यहां की गई है।

इससे लाभकारी उद्यमों की बिक्री से अधिकतम प्राप्तियां होंगी तथा घाटे वाले उद्यमों की देनदारियों में वृद्धि न्यूनतम होगी। उदाहरण के लिए, एआई के मामले में यदि 2017-18 में शत-प्रतिशत शेयर बेचने तथा शर्तें न लगाने का निर्णय होता तो कर्ज और बढ़ने से रोका जा सकता था। इसके साथ ही इसकी परिसंपत्तियों व संसाधनों से लाभ उठाया जा सकता था जिनमें 141 विमानों के साथ 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग व पार्किंग स्लाट तथा विदेशी हवाईअड्डों पर 900 स्लाट शामिल हैं। इसके साथ ही वह महाराजा जैसे आकर्षक ब्रांड की स्वामी है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सक्रिय व सहयोगी नौकरशाही के साथ अन्य पीएसयू की बिक्री में बेहतर नतीजे दिखाएंगे।

# भारत के लिए लाभकारी था विभाजन

"देश को बांटने के लिए उनकी फीस इतिहास के हॉल ऑफ फेम में जगह होगी। एक वकील के रूप में अपनी भूमिका को इंगित करने के लिए, जब वे पहली बार फरवरी 1948 में पाकिस्तान के पूर्वी विंग में ढाका गए, तो विश्वविद्यालय के छात्रों ने बंगाली को भी एक राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग की।"



प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)

**प्राण** चोपड़ा, जो बाद में स्टेट्समैन के संपादक बने, एक चुनाव पर रिपोर्टिंग कर रहे थे जिसने बहुत कुछ कहा। जालंधर में एक जनसभा आयोजित की गई, जिसके बीच में अज़ान या प्रार्थना का आह्वान किया गया। भीड़ प्रार्थना करने गई लेकिन जिन्ना एक कुर्सी पर बैठ गए, एक सिगार निकाला और उसे जला दिया। उन्होंने तब तक धूम्रपान किया जब तक भीड़ वापस नहीं लौटी और फिर अंग्रेजी में अपना भाषण फिर से शुरू किया। वे केवल गुजराती ही बोल सकते थे। उन्हें उर्दू सीखने की फुरसत नहीं थी। जब भी जिन्ना चिल्लाते थे 'इस्लाम खतरे में है', भीड़ ने उनका जोरदार समर्थन किया। एक मुस्लिम नेता का नमाज और धूम्रपान से दूर रहने का उदाहरण बता रहा है।

यदि नेता नहीं तो वह कौन था जो एक उपमहाद्वीप को विभाजित करने में सफल रहा? जाहिर है, वह पाकिस्तान के लिए महाधिवक्ता थे। वह देख सकता था कि भारत में मुसलमान आम तौर पर घबराए हुए थे, अगर डरे हुए भी नहीं थे। वे हिंदुओं से कम पढ़े-लिखे थे और देश में कुल संख्या में कम थे। इसके अलावा, उनके कुलीन स्वामित्व वाले उद्योग और नेहरू की समाजवादी सरकार भी उनकी जमीन नहीं छीनेगी। मुसलमानों, जिन्होंने सदियों तक भारत पर शासन किया था, हिंदुओं के नौकर और क्लर्क बन जाएंगे।

एडवोकेट के पास पाकिस्तान का एक फॉर्मूला था, जिसका अलीगढ़ के छात्रों के लिए मतलब एक न्यू मदीना था जो एक खलीफा को फेंक सकता था। सुन्नी इस्लाम का कोई शासक धार्मिक-सह-अस्थायी मुखिया नहीं था। आखिरी वाला तुर्की का सुल्तान था जिसे कमाल अतातुर्क ने 1924 में गद्दी से उतार दिया था और निर्वासित कर दिया था। कोई प्रतिस्थापन नहीं किया गया था। उन्होंने अपने मुवक्किलों - मुसलमानों - के लिए एक व्यवहार्य रणनीति की योजना बनाई और अपना काम जारी रखा। वह कई वर्षों तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर रहे थे। देश को बांटने के लिए उनकी फीस इतिहास के हॉल ऑफ फेम में जगह होगी। एक वकील के रूप में अपनी भूमिका को इंगित करने के लिए, जब वे पहली बार फरवरी 1948 में पाकिस्तान के पूर्वी विंग में ढाका गए, तो विश्वविद्यालय के छात्रों ने बंगाली को भी एक राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग की। जिन्ना ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक ही भाषा हो सकती है जिसका नाम उर्दू



है। वह रूखा था, वह बंगाली मानस को नहीं जानता था, और जो अंततः बांग्लादेश बन गया, उसके बीज बोए। एक नेता अधिक चतुर और मिलनसार होता। उसने दिल्ली में कुछ ऐसा ही किया क्योंकि वह आखिरकार कराची के लिए रवाना हो रहा था। कुछ स्थानीय मुसलमान अपने कायद-ए-आजम से पूछने के लिए चिंता में इकट्ठा हो गए थे कि अब उनका क्या हो सकता है कि विभाजन हो गया है? उनका जवाब जल्दबाजी और रूखा था, मैंने तुम्हारे लिए वह हासिल किया है जो तुम चाहते थे, अब अपना ख्याल रखना। मेरे द्वारा और क्या किया जा सकता है? फिर से एक वकील का रवैया और नेता का नहीं। सितंबर 1948 में अपने जीवन के अंतिम दिन क्वेटा में उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा था, जहां वे आराम करने गए थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा और एक ब्रिटिश डॉक्टर भी थे। जैसे ही उनका विमान कराची में उतरा, एक पुरानी एम्बुलेंस उनके आने का इंतजार कर रही थी। याद रखें, वह गवर्नर-जनरल थे। दो या तीन मील के भीतर, वाहन रुक गया और आगे नहीं बढ़ा। तो डॉक्टर ने एक और एम्बुलेंस ली, जिसे आने में लगभग एक घंटा लग गया और बीमार जिन्ना को उनके घर ले गए। उसी शाम करीब 10 बजे उनका निधन हो गया। अगले दिन उन्हें दफनाया गया था लेकिन कथित तौर पर एक स्ड्ढ1द्वद्यद्ग ऋ्श2 सिलवाया सूट में। संयोग से, उनकी मृत्यु उनके जन्म के शहर कराची में हुई थी।

जिन्ना ने वह हासिल किया जो उन्होंने 23 मार्च 1940 को लाहौर में निर्धारित किया था। उनकी मृत्यु कोई त्रासदी नहीं थी, क्योंकि यह अधूरी आकांक्षाओं का अंत नहीं था। अगर वह अधूरा मर गया होता, तो यह उसके लिए कुछ हद तक दुखद होता, लेकिन हिंदुओं के लिए इससे भी ज्यादा। साधारण कारण यह है कि कोई विभाजन नहीं होता, जिन्ना के बिना बंटवारा संभव नहीं था। कई मुसलमानों का मानना है कि कायदे आजम के बिना ब्रिटिश शासकों के साथ बातचीत करने वाला कोई नहीं होता। मुसलमानों के पास कोई अन्य अखिल भारतीय नेता नहीं था। इसी विश्वास के आधार पर मुस्लिम लीग ने उनसे अनुरोध किया कि वे लंदन में एक बैरिस्टर में अपने अभ्यास को त्याग दें, लीग के आजीवन अध्यक्ष के रूप में भारत में उनका स्वागत करें। पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए कि हिंदुओं को विभाजन की आवश्यकता है, डॉ बी आर अम्बेडकर द्वारा दिए गए तर्कों को पचाना होगा जो उनके पूर्ण कार्यों के खंड आठ में उपलब्ध हैं। अपने एक तीखे बयान में, बाबासाहेब ने घोषणा की, 'एक सीमा के बिना एक दुश्मन भीतर के दुश्मन की तुलना में अधिक वांछनीय है।' उन्होंने आगे लिखा कि हिंदू प्रांत बहुत अधिक कर दे रहे थे, जिसका राजस्व मुस्लिम प्रांतों द्वारा साझा किया जाता था। फिर भी अपने धार्मिक प्रतिबंधों के कारण मुस्लिम सैनिक भारत के लिए नहीं लड़ सकते थे, अगर हमलावर दुश्मन मुस्लिम थे। खिलाफत समिति ने और मुस्लिम लीग ने भी इसका समर्थन किया था। किसी भी मामले में, एक अविभाजित भारत में पाकिस्तान या बांग्लादेश की दृष्टि में, देश की बड़ी आबादी केवल 60 प्रतिशत गैर-मुस्लिम होती। यह 60 प्रतिशत इस्लामी अधिग्रहण या खुले गृहयुद्ध को रोकने के लिए बहुत कम होगा। दूसरे शब्दों में, हिंदू सभ्यता के लिए जीवित रहना मुश्किल होता। यह असंभव नहीं है कि हिंदू इस गृहयुद्ध में हार गए हों। एक के लिए, भारतीय सेना में मुसलमानों की संख्या बाकियों से आगे निकल गई, खासकर अगर कोई केवल लड़ने वाली इकाइयों को माइनस गैर-लड़ाकू इकाइयों में गिना जाता है। दूसरे, हिंदू विशेष रूप से खून बहाने और उन लोगों की जान लेने से हिचकते थे जब वे अपने भाइयों के रूप में देखते थे।

## फरमाया




**प्रधानमंत्री** के कुछ दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए जनता को ठगा जा रहा है और मैं जनता के साथ खड़ा रहूंगा।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**इजराइल** को वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ अपने सभी उपायों को बंद कर देना चाहिए।

– **महमूद अब्बास**
फिलिस्तीनी राष्ट्रपति



**अपनी** सहानुभूति के प्रतीक के रूप में, मैं केरल में जारी राहत और बचाव प्रयासों के लिए दान करना चाहता हूं।

– **दलाई लामा**
आध्यात्मिक नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### स्वार्थपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**शांतिपूर्ण** विरोध स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है बशर्ते विरोध का अंतिम उद्देश्य जनहित हो लेकिन अगर विरोध करने का उद्देश्य निजी स्वार्थ हो तो इसके परिणाम निश्चित ही अतियंत घातक होंगे। लगभग एक वर्ष से तथाकथित किसान नेता ने कृषिकानूनों के विरोध में आन्दोलन कर रहे है गैरराजनैतिक रूप से शुरू हुआ आन्दोलन धीरे धीरे धीरे अपना स्वरूप बदलने लगा और सरकार बनाने और गिराने की बात करने लगा और हर छोटी बड़ी घटनाओ पर धरने प्रदर्शन सड़क जाम और अन्य प्रकार से गुंडा गर्दी होने लगी कई रणनीतिक पार्टी भी खुलकर समर्थन में खड़ी दिखने लगी। लेकिन हद तो तब हो गई जब कुछ समय पहले धरना स्थल पर एक महिला ने अपने साथ बलात्कार का आरोप लगाया, और अब दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर पंजाब के एक दलित युवक की निर्ममता से हत्या कर दी जाती है। दोनों ही घटनाओ पर कोई कुछ नही बोलता है ना तो विपक्षी राजनैतिक पार्टी कोई विरोध और धरना करती है ना ही तथाकथित किसान नेता। वजह जो भी हो लेकिन इन सभी बातो का निष्कर्ष ये बताता है वर्तमान में हो रहे सभी विरोध प्रदर्शन सिर्फ दिखावा है जिनका उद्देश्य केवल और केवल निजी स्वार्थ है।

– **सुनील विद्यार्थी**, मोदीपुरम, मेरठ

### कश्मीर घाटी में आतंकी हमले

**कश्मीर** घाटी में आये दिन हो रहे गैर कश्मीरियों व अल्पसंख्यकों पर हमले योजनाबद्ध हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी कथित प्रतिरोध मोर्चा टीआरएफ ने ली है। इस नेतृत्वविहीन दल को सुरक्षा बलों द्वारा लश्कर.ए.तैय्यबा द्वारा स्थापित किया गया बताया जाता है। धारा 370 हटने के बाद से अब तक बड़ी संख्या में लोगों को कश्मीरी मूल निवास प्रमाण पत्र जारी हो चुके है। इनमे बड़ी संख्या वो हिन्दु सिख शरणार्थी हैं जो 1947 में पाकिस्तान से आकर कश्मीर घाटी में बसे, 1947 से पहले से कश्मीर में रह रहे वाल्मीकि समाज के लोग व नेपाली मूल के भारतीय गुरखा हैं। ये हमले कश्मीर से गुम होते अलगाववाद के विचार को जगाये रखने का प्रयास है पाकिस्तान द्वारा। पाक में बैठे आतंकी सरगनाओं से निपटने के लिए राजनीतिक ताकतों को जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यकों के बीच डर को दूर करने की कोशिश करनी होगी। चिन्हित हत्याओं के परिणामस्वरूप कश्मीरी हिंदू और सिख समुदायों में भय व्याप्त हो गया है। कई कश्मीरी पंडितों और सिख कर्मचारियों ने नौकरियों व अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर जाने से परहेज किया या अस्थायी रूप से छुट्टी ले ली। यह 1990 में आतंकवादी हमलों के कारण कश्मीरी पंडितों के पलायन को याद दिलाता है।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

### धर्मांतरण का खेल जारी

**पैसों** की लालच और सुख सुविधा की आड़ में धर्मांतरण का घिनौना खेल देश में जारी है। जब कभी भी ऐसी घटना सामने आती है देश में हो-हल्ला मचता है और कड़े कानूनों के बावजूद षड्यंत्रकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है इससे उनके हौसले बुलंद होते हैं। अभी फिर धर्मांतरण को लेकर मामला गर्म है। विदेशी फंडिंग से उजागर होते राज की तह तक जाकर ही इसकी जड़े नष्ट की जा सकती है। धर्मांतरण मामले में गिरफ्तारी के तार विदेशों से जुड़ते जा रहे हैं। यूके, अमेरिका और अन्य खाड़ी देशों से हवाला और अन्य जरिए फंडिंग करके गरीब और जरूरतमंद लोगों को शिकार बनाया जा रहा है? पंजाब में धर्मांतरण को लेकर अकाल तख्त के जत्थेदार ने ईसाई मशीनरियों पर पैसे और लालच देकर धर्मांतरण का आरोप लगाया है। इन घटनाओं से धर्मांतरण के खेल को समझा जा सकता है। कड़े कानूनों के बावजूद धर्मांतरण करने वालों को निश्चित रूप से राजनीति संरक्षण प्राप्त है। सरकार को चाहिए कि वह संरक्षण देने वालों के चेहरों से नकाब हठाए और उन्हें कड़ी सजा दे?

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

# बेमेतरा में भी हाफ रेट में मिलेगी दवाईयां धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ

## बेमेतरा मे भी जेनरिक दवा दुकान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को अपने शासकीय निवास कार्यालय रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत राज्य में 84 दवाई दुकानों का शुभारंभ किया। श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स के खुलने से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध होगी।

उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 18 नवीन बाजार गौरव पथ मार्ग वाचनालय के बाजू मे जेनरिक दवा दुकान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वर्चुअल रुप से संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ श्री गुरुदयाल बन्जारे, विधयक बेमेतरा श्री आशिष कुमार छाबड़ा, कलेक्टर श्री विलास भोसकर संदीपान, नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा श्रीमती शकुंतला मंगत साहू, बंशी पटेल शामिल हुए। संसदीय सचिव एवं





विधायक बेमेतरा ने मुख्यमंत्री द्वारा सस्ती दवा दुकान की शुरुआत करने पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इससे जरुरतमंद एवं गरिबों को किफायती दर पर जीवन रक्षक दवाईयां मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दवाइयों के होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया। यह किट श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। दवाइयों के होम किट की कीमत 691 रुपये है, जो इन मेडिकल स्टोर में 290 रुपये के मूल्य पर तथा ट्रेवल किट जिसकी कीमत 311 रुपये है, वह 130 रुपये में उपलब्ध होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में आने वाले समय में प्रदेश के 169 शहरों में 190 मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ करने की योजना है। इन मेडिकल स्टोर्स में 251 प्रकार की जेनरिक दवाइयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य होगी। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय किया जाएगा। इन मेडिकल स्टोरों से मिलने वाली जेनेरिक दवाइयां 20 ब्रांडेड कंपनी की होंगी, जो सस्ती होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण भी होगी। बेमेतरा के जेनरिक दवा दुकान मे संसदीय सचिव बन्जारे एवं विधायक छाबड़ा ने दवा खरीद कर मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप घोष, सिविल सर्जन डॉ. वन्दना भेले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, नगर पालिका के पार्षद सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निदेशक ने भूमि एवं जलसंरक्षण के कार्यों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा मे किसानो के हित में मृदा एवं जलसंरक्षण के कार्य कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे है। इस परिप्रेक्ष्य में 18 एवं 19 अक्टूबर 2021 को राजेश सिंह निदेशक (जलग्रहण प्रबंधन), भारत सरकार, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा बेमेतरा में किए जा रहे भूमि एवं जलसंरक्षण कार्यो का निरीक्षण किया गया। उन्होने सर्वप्रथम ग्राम हथमुड़ी में जलसंरक्षण अंतर्गत बनाए गए चेक डेम का निरीक्षण करते हुए जलसंरक्षण के प्रति हर्ष व्यक्त किया साथ ही निदेशक द्वारा कृषको से मिलकर चर्चा करते हुए उन्हे जो चेक डेम से हो रहे लाभ एवं उसकी महत्ता के संबंध में चर्चा की गई जिसमें किसानो ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा निर्मित चेक डेम से न केवल उन्हे कृषि में सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिल पा रहा है साथ ही साथ पानी की उपलब्धता के कारण दोहरी फसल लेने पर उनकी आजीविका के स्त्रोत एवं उनकी आर्थिक उन्नति हुई है। तत्पश्चात् निदेशक द्वारा बेमेतरा के करूवानाला ग्राम उघरा एवं ओटेबंद में मृदा संरक्षण अंतर्गत गली चेक व घोरेघाटनाला के ग्राम लालपुर में चेकडेम का अवलोकन किया गया जिसमें ग्राम लालपुर में चेकडेम के बनने से वहॉ का जलस्तर ऊपर आ गया जिससे हैंडपंप स्वतः चल रहा है, और करमतरा में बने चेक डेम से संरक्षित जल का सब्जी बाड़ी और अन्य फसल में उपयोग किया जा रहा है। निदेशक द्वारा कृषि विभाग के अमलो को उनके किए गए कार्यो के प्रति हर्षप्रद सराहना व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी वी.के.वर्मा, जी.आई.एस. एक्सपर्ट एस.डी.के.कुशवाहा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी बेमेतरा आर. के सोलंकी, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी बेमेतरा पी.डी. हथेश्वर, जलसंरक्षण के मैदानी अमले एवं कृषक उपस्थित थे।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति की मांग को लेकर पालकों ने कलेक्टोरेट में बोला हल्ला

## 8 दिवस के भीतर नियुक्ति नहीं किये जाने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के आदिवासी ब्लॉक मुख्यालय डौंडी में स्तिथ एकलव्य आवासीय विद्यालय में स्थाई शिक्षकों एवं अन्य स्टॉफ की नियुक्ति की मांग को लेकर पालकों ने कलेक्टोरेट में पहुचकर जमकर हल्ला बोला। विद्यालय में अध्ययनरत 300 बच्चो के पालकों ने 8 दिन के भीतर शिक्षकों की स्थाई नियुक्ति नही किये जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सभी पालक भारी आक्रोशित नजर आये। सभी पालकों ने एकजुट होकर कहा कि बच्चो का भविष्य अंधकार में हैं। इसीलिए जल्द ही शासन-प्रशासन स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति करे नही तो बच्चो के भविष्य के लिए सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

आपको बता दे कि जिले का एकमात्र एकलव्य आवासीय विद्यालय 2017 से अतिथि शिक्षकों के भरोसे संचालित है। इतना ही नही हाईस्कूल में पढ़ने वाले बच्चो को पढ़ाने एक भी शिक्षक नहीं है। जो शिक्षक है वो सभी मिडिल स्कूल के है। जहां एक ओर सरकार उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम जैसे स्कूलों की नींव रख रही है। वही दूसरी ओर एकलव्य स्कूल में शिक्षकों का आभाव है। ऐसे में बच्चों का भविष्य साफतौर पर अंधकार में नजर आ रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि पालकों द्वारा दिये गए अल्टीमेटम के बाद शासन-प्रशासन मामले को कितनी गंभीरता से लेते हुए स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति करती है। जिससे विद्यालय मेंअध्यनरत आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल पाए। क्योकि गुरु के बिना ज्ञान सम्भव ही नहीं।

# 3 एवं 5 अक्टूबर के दंगों के बाद से लगातार फरार दुर्गेश देवांगन एवं प्रहलाद साहू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा 3 अक्टूबर एवं 5 अक्टूबर के दौरान कबीरधाम में जो दो गुटों के बीच का विवाद बड़ा रूप ले लिया था। जिसमें शामिल (1) दुर्गेश देवांगन पिता संतोष देवांगन, (2) प्रहलाद साहू पिता माया राम साहू जो घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे थे। जिनको लेकर शहर में लगातार अनेकों अफवाह भी फैल रहे थे।

उक्त दोनों आरोपियों को कबीरधाम पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुआ है। पिछले कई दिनों से लगातार कबीरधाम पुलिस टीम के द्वारा विभिन्न स्थानों में छापेमारी की कार्यवाही की जा रही थी, पुलिस टीम अलग-अलग क्षेत्र एवं जिले से बाहर लगातार मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर रायपुर में दुर्गेश और संतोष के होने की सूचना एवं लोकेशन प्राप्त होने पर कबीरधाम पुलिस टीम पिछले कुछ दिनों से लगातार रायपुर में बनी हुई थी दोनों ही आरोपियों का पता चलने पर रेट कार्यवाही किया गया जिन्हें रायपुर के शहनाई मार्केट हाल सदानी दरबार के पास थाना सेजबहार अंतर्गत से विधिवत गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है। उक्त रेड कार्यवाही में कबीरधाम पुलिस टीम के साथ रायपुर माना थाना स्टाफ का सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम अन्तर्गत लोन मेला का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र में शहरी गरीब नए व्यवसाय की स्थापना हेतु ?200000 एवं पुराने व्यवसाय विस्तार हेतु ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह ऋण बैंकों के माध्यम से लिया जा सकता है। इसी प्रकार सामूहिक ऋण अंतर्गत ?1000000 तक बैंक के माध्यम से लिया जा सकता है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा 20 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी जीतेंद्र कुशवाहा एवं मिशन अधिकारी मैनेजर शरद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से वक्तव्य दिया कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लोगों को व्यवसाय के लिए स्वरोजगार लोन योजना अंतर्गत ऋण प्रदान किया जावेगा और ऐसे लोग जो ऋण की किस्त समय पर चुकाते हैं उन्हें ब्याज अनुदान लाभ की भी योजना बताई गई है। स्व सहायता समूह की महिलाएं भी अपनी आजीविका संवर्धन के लिए ऋण प्राप्त कर सकती हैं यह ऋण उन्हें सामूहिक तौर पर दिया जाएगा।

# कन्नेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर आयोजित

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम कन्नेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संरक्षण एवं घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के बचाव के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिकीर्तन राठौर ने बताया कि जागरूकता शिविर में एकीकृत बाल संरक्षण योजना की अधोसंरचना, लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015, बच्चों के सुरक्षा संरक्षण का अधिकार, कन्या भ्रुण हत्या, बाल विवाह, बाल श्रमिक, बाल भिक्षावृति, बालयौन शोषण, मानव व्यापार, दत्तक ग्रहण, सखी वन स्टॉप सेंटर व चाईल्ड लाईन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र कुमार साहू, केस वर्कर बिंदेश्वरी साहू, चंद्रकला खरे सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्राए मौजूद थे।

# थानों में बने बाल मित्र कक्ष में बैठते हैं विवेचक व मुंशी

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



किसी कारणवश अपने परिवार वालों के साथ थाना में पहुंचने वाले बच्चों को हल्का और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो साल पहले जिले के थानों में बाल मित्र कक्ष बनाया गया था। बाल मित्र कक्ष में दीवारों पर कार्टून के चित्र बनाए गए थे। वहां छोटी कुर्सी और खिलौने रखे गए थे। ताकी बच्चों को यदि कुछ समय के लिए वहां रहना पड़े तो वे अपना मनोरंजन कर सकें। लेकिन, धीरे-धीरे इसकी उपयोगिता को ही खत्म कर दिया गया। लिहाजा अब बाल मित्र कक्ष में बच्चों के लायक माहौल नहीं बचा। उस कक्ष को अलग-अलग कार्यो के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 12 अगस्त 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भिलाई-3 थाना में आयोजित एक समारोह में बाल मित्र कक्ष का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के मौके पर ये दावा किया गया था कि बाल मित्र कक्ष को बच्चों की जरूरत के अनुकूल बनाया जाएगा। ताकि यदि वे किसी कारणवश थाना तक आते भी हैं तो वे वहां पर सहज महसूस कर सकें। इसलिए बाल मित्र कक्ष की दीवारों पर कार्टून के चित्र बनाए गए थे। वहां पर छोटी कुर्सियां, खिलौने और कामिक रखे गए थे। इसके अलावा यदि कोई शिशुवती माता थाना पहुंचती है तो वो भी उस कक्ष में बच्चों को स्तनपान करा सकती थी। लेकिन, बिना किसी ठोस कारण के इस कक्ष को बहुत ही जल्दी बंद कर दिया गया और उसका इस्तेमाल दूसरे काम के लिए किया जा रहा है। हर थानों के बाल मित्र कक्ष में खिलौने, कुर्सियां और किताबें थीं। लेकिन, वर्तमान में उन सामानों को कहां रखा गया है। यह किसी को पता नहीं है। सभी सामान धीरे-धीरे गायब हो चुके हैं। अब तो स्थिति ऐसी है कि यदि कोई महिला छोटे बच्चों को लेकर थाना पहुंचती है तो उसे अपने साथ ही रहती है। जिस माहौल में बच्चे खुद को सहज महसूस नहीं करते हैं। वहीं यदि कोई बच्चा किसी अपराध का शिकार होता है तो उसे भी बाल मित्र कक्ष के बजाए सामान्य जगह पर ही पूछताछ की जाती है।

> थानों के बाल मित्र कक्ष में अभी भी बच्चों के लिए पर्याप्त व्यवस्था है। जहां व्यवस्था नहीं है, वहां दुरुस्त करेंगे। वैसे भी बाल मित्र कक्ष को थाना से दूर करना है। इसकी स्वीकृति मिलने पर उसे थाना से दूर बनाया जाएगा।
> **-संजय ध्रुव,** प्रभारी एसपी दुर्ग

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी करेंगे अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर कहा है कि जिले में अपर कलेक्टर की पदस्थापना होने तक अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बालोद के न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालोद द्वारा की जाएगी। साथ ही जिला कार्यालय में पदस्थ राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों के परीक्षण हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी अधिकारी प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण उपरांत अंतिम आदेश हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालोद को प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीधनवंतरी जेनरिक दवाई की दुकानों का किया वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यलय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्रीधन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्य में 84 दुकानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री बघेल ने किया। श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध होगी। उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा वीडियो कांफ्रेंस के जरिए विभिन्न जिलों से विधायक महापौर पार्षद सहित अनेक जनप्रतिनिधि जिले के कलेक्टर भी कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दवाइयों के होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया साथ ही प्रदेशवासियों को जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी। इसी क्रम में स्थानीय बाजार चौक के पास श्रीधनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ किया गया जहां कुम्हारी पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर व मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर मेडिकल स्टोर की विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया वही इस योजना को लेकर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर व मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। राज्य शासन की इस पहल से गरीबों और आम जनता को आर्थिक रूप से अपनी बीमारी ठीक करने के लिए दवाइयां प्रदेश भर में संचालित होने वाले दवा दुकान में आसानी से कम कीमत पर मिल जाने से बहुत राहत मिलेगी।

## शासन की गलत नीतियों के चलते उपार्जन केन्द्रों में सड़ते पड़ा है धान

# 1 नवंबर से आवश्यक रूप से धान खरीदी प्रारंभ करने समितियों को प्रोत्साहन राशि मुहैय्या कराने राज्यपाल के नाम किसान मोर्चा ने दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता किसान मोर्चा के बैनर तले किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष तोमन साहू के नेतृत्व में कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया गया। जिसमें प्रमुख मांग छत्तीसगढ़ खरीफ 2020-21 में सोसायटियों के माध्यम से की गई धान खरीदी के उठाव पश्चात आई कमी की क्षतिपूर्ति को दूर कर विभिन्न मांग ज्ञापन में रखा गया। प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री पवन साहू ने मांग के विषय में बताया की विगत वर्षो की भांति गत खरीफ वर्ष 2020-21 में भी शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की समस्त सोसायटियों के 2 हजार 311 उपार्जन केंद्रों से धान खरीदी की गई थी। किंतु शासन की गलत नीति के चलते आज तक उपार्जन केन्द्रों में धान सड़ते हुए पड़ा हुआ है। अतः आग्रह है कि प्राकृतिक रूप से धान में सुखत के कारण आई कमी एवं वर्षा से सड़ने के कारण जो कमी आई है। उसका प्रावधान किया जाकर सोसायटियों को क्षतिपूर्ति की राशि मुहैया कराई जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत पवार में कहा कि शासन की धान खरीदी नीति के अनुसार उपार्जन केंद्रों में यदि धान की आवक बफर लिमिट से ज्यादा आती है तो उसे 72 घंटे में उठाए जाने की अनिवार्यता है और सम्पूर्ण धान को 31 मार्च तक आवश्यक रूप से उठाए जाने का खरीदी नीति में स्पष्ट उल्लेख है। किंतु उक्त नीति का पालन नहीं होने के कारण ही धान में भारी शार्टेज आ रहा है। जिसकी जिम्मेदारी शासन को लेनी चाहिए।

अन्य विषय पर विस्तार से तोमन साहू ने बताया कि मार्च और अप्रैल 2021 में उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं किया गया। उक्त अवधि में धान उठाव हेतु ना तो राइस मिलरों को डिलीवरी ऑर्डर दिया गया ना ही ट्रांसपोर्टरों को परिवहन आदेश दिया गया। जबकि राइस मिलें एवं संग्रहण केंद्र पूरे खाली पड़े रहे। जिसके कारण आज तक धान का उठाव ना तो उपार्जन केंद्रों से हुआ है ना ही संग्रहण केंद्र से हो पाया है। इसकी सूक्ष्मता से जांच किया जाना अति आवश्यक है। ज्ञापन देने हेतु प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भाजपा कृष्णकांत पवार, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा पवन साहू, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा तोमन साहू, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ खेदु राम साहू, जिला महामंत्री किसान मोर्चा मनोहर सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, खिलेश्वरी साहू, ग्रामीण मण्डल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, बिरेन्द्र साहू, दुर्जन साहू, गणेश राम साव, शशिकांत साहू, गणेश साहू, नकुल, भूवाल, कल्याण सोनवानी, रामस्वरूप यादव, छ्गंन साहू,संजय हिरवानी, संजय साहू, कुलदीप यादव, पार्थ साहू, योगेंद्र साहू, छगन देशमुख, जयंत साहू, सतानन्द साहू, हरीशचंद्र सारथी, मनभावन खुरश्याम, आदित्य राजपूत, धर्मेंद्र साहू, विनोद साहू, आदि किसान मोर्चा एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### सौपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांग

सोसायटियों में कई महीनों तक पड़े रहे धान के रख रखाव में आए अतिरिक्त खर्च का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। धान खरीदी किए जाने के एवज में समितियों को दी जाने वाली कमीशन की पूरी राशि मुहैया कराई जाए। धान में आई कमी की भरपाई सोसायटियों को दिए जाने वाले कमीशन की राशि से नहीं काटी जानी चाहिए। समितियों को प्रोत्साहन राशि अति शीघ्र मुहैया कराया जावे। खरीफ वर्ष 2020-21 में धान खरीदी के समय किसानों द्वारा दिए गए बारदाने की आधी अधूरी राशि अभी तक मिली है। शेष राशि का भुगतान अति शीघ्र कराया जावे। खरीफ वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में धान खरीदी के लिए सोसायटीयों-शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से लिए गए बारदानों की राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। उसे शीघ्र दिलवाया जावे। इस वर्ष धान खरीदी 1 नवंबर से आवश्यक रूप से प्रारंभ किया जाए। कांग्रेस के वायदे के अनुसार विगत दो वर्षो के लंबित धान के बोनस का भुगतान तत्काल किया जाए। पुनर्गठन पश्चात अस्तित्व में आई नवीन सोसाइटियों तथा अन्य समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन अप्राप्त है। जिसे तत्काल भुगतान किया जाना चाहिए। सोसाइटियों के माध्यम से किसानों को रासायनिक खाद खरीदते समय गुणवत्ता विहीन वर्मी कम्पोष्ट खरीदने की बाध्यता समाप्त किया जावे। छत्तीसगढ़ शासन-मंत्रिपरिषद द्वारा विगत वर्षों में लिए गए निर्णय अनुसार मार्कफेड के धान संग्रहण केंद्रों में सूखत शॉर्टेज के मापदण्ड तय करने हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से अध्ययन कराने के पश्चात उनकी अनुशंसा के आधार पर सोसाइटियों में भी धान भंडारण अवधि के अनुसार सूखत मान्य किए जाने का निर्णय लिया गया था। तदानुसार कृपया सोसायटियों में भी सुखत-शॉर्टेज मान्य किया जावे। अन्यथा केन्द्रीय भण्डार गृह निगम (सीडब्ल्यूसी द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित किया जावे।

## क्विक न्यूज

### दिशा मैदान के लिए गई युवती की संदिग्ध मौत

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है। कल सुबह घर से शौच के लिए गई 20 वर्षीय महिला को अचानक चक्कर आने लगा और वह चकराकर गिर गई। कई घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं आई तो परिजन खोजबीन करते हुए उसके पास पहुंचे।

जहां महिला जमीन में बेसुध अवस्था में पड़ी हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने उसे उठाकर उपचार हेतु अस्पताल लाए जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के तालगांव निवासी पुष्पा चौहान की शादी मार्च 2018 में हुकुमचंद के साथ हुई थी।

जिसके बाद अभी 2 माह पहले ही उसने एक बच्चे को जन्म दिया है। मृतिका की मौत के असल वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह का पता चल पाएगा।

### जिले में अब तक 3 लाख 52 हजार 519 लोगों ने लगवाया टीका

**मुंगेली।** कोविड-19 सुरक्षा कवच के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर टीकाकरण अभियान का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं, पुरूष, युवा तथा बुजुर्ग स्वप्रेरणा से कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए चिन्हांकित टीकाकरण केंद्र में पहुँचकर निःशुल्क टीका लगवा रहे है।

इसी कड़ी में जिले में अब तक 3 लाख 52 हजार 519 लोगों ने कोविड-19 का टीका लगवाया। इनमें से 2 लाख 60 हजार 980 लोगों ने कोविड प्रथम डोज का टीका और 91 हजार 539 लोगों ने द्वितीय डोज का टीका लगवा कर टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया।

# अटल आवास में हुई महिला की हत्या के मामले में दूसरा आरोपी भी पकड़ाया

■ **दोनों आरोपी क्षेत्र के गुण्डा बदमाश**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया के अटल आवास में अधेड़ महिला की हत्या कारित करने वाले थानाक्षेत्र के दो गुण्डा बदमाशों को सलाखों के पीछे भेजने की खरसिया पुलिस पूरी तैयारी कर चुकी है। दोनों आरोपियों द्वारा महिला की हत्या कर जघन्य अपराध कारित किया गया है, जिसके बाद दोनों आरोपी फरार होने की फिराक में थे, जिन्हें तत्काल रूप से थानाक्षेत्र की घेराबंदी कर खरसिया पुलिस द्वारा धर दबोचा गया है, हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार खरसिया अटल आवास में रहने वाली पनडुब्बी सिदार (उम्र 65 वर्ष) मंदिर आसपास भिक्षावृत्ति कर गुजर बसर करती है। उसकी लड़की मालती सिदार (उम्र 45 वर्ष) अपने गांव डूमरपाली से कल सुबह अपनी मां पनडुब्बी के पास अटल आवास आई हुई थी। शाम लगभग 5 बजे दोनों मां बेटी अपने दरवाजा के सामने बैठे हुए थे। उसी समय अटल आवास खरसिया में रहने वाले दोनों भाई करन राजपूत और अर्जुन राजपूत वहां आये दोनों ही थानाक्षेत्र के सक्रिय गुंडा बदमाश है। दोनों भाई बेवजह मां-बेटी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे फिर दोनों महिलाओं से मारपीट पर उतर गए। दोनों भाई मालती सिदार को लात, घुंसा से मारने लगे, मारते-मारते घर के पास नाली में पटक दिए थे फिर सीसी रोड में पटक कर मारपीट किये और पनडुब्बी सिदार के साथ भी लात-घूंसे से मारपीट किये। करन और अर्जुन दोनों आपराधिक किस्म के होने की वजह से आसपास का कोई भी बीच बचाव करने नहीं आया। दोनों आरोपियों के मारपीट से आहिता पनडुब्बी सिदार के सीना व मुंह में चोटें आई है तथा मालती सिदार के सीना, पेट में गंभीर प्राणघातक चोट होने से वहीं दम तोड़ दी। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार हो गए। जिनमें से एक को पुलिस ने रात में ही घटना स्थल के आसपास पकड़ लिया था।




### आदतन अपराधी है करण-अर्जुन

खरसिया पुलिस दोनों बदमाशों पर लगातार कार्यवाही कर रही थी। चौकी खरसिया में आरोपी करन सिंह के विरूद्ध वर्ष 2010 से अब तक कुल 15 कार्यवाही की जा चुकी है, जिसमें मारपीट के 01 प्रकरण, आबकारी एक्ट का 01 प्रकरण, चोरी का 01 प्रकरण तथा प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत 12 कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार अर्जुन सिंह के विरूद्ध वर्ष 2012 से अब तक कुल 09 प्रकरण जिसमें मारपीट के 01 प्रकरण, आगजनी, आर्म्स एक्ट के तहत 01 प्रकरण, आबकारी एक्ट का 01 प्रकरण, जुआ के तहत 01 प्रकरण नकबजनी का 01 प्रकरण तथा प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत 11 कार्यवाही की गई है। आरोपियों को महिला की हत्या के जघन्य अपराध पर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने पुख्ता साक्षयि के साथ शीघ्र चालान न्यायालय पेश किया जाएगा।

### नशे की लत से बिगड़ रहा खरसिया का महौल

बताया जा रहा है कि इस घटना म के पीछे भी नशे की लत ही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खरसिया चौकी अंतर्गत अटल आवास में पिछले कई दिनों से अशांति का वातावरण था और करण अर्जुन सहित क्षेत्र के कई युवक शराब के नशे में मारपीट, गाली गलौज तथा धमकी देने में लिप्त थे।

# ओडिसा से सीमावर्ती क्षेत्रों में अब भी पहुंच रहा गांजा

■ **सरिया पुलिस ने बाईक सवार से 12 किलो गांजा पकड़ा**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर दिगर प्रान्त से होने वाले अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने बार्डर पर बने बेरियर व गांव के पगडंडी रास्तों पर जिला पुलिस चौकसी और बढा दी गई है। थाना प्रभारीगण के मुखबिर सक्रिय है, सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 18 अक्टूबर की रात्रि मुखबिर सूचना पर सरिया टीआई विवेक पाटले द्वारा अमलीपाली बरियर पर नाकेबंदी कर ओडिशा से मोटर सायकल पर गांजा लेकर आ रहे आरोपी को पकड़ा गया है, जिससे मादक पदार्थ गांजा और परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल की जप्ती की गई है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक 18 अक्टूबर को थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देवगांव का राजकुमार महंत अपने काले रंग के श्थ् क्मसनग्ड बिना नम्बर मोटर सायकल में गांजा लेने उडिसा की ओर गया है। सूचना पर थाना प्रभारी हमराह के साथ गांजा रेड कार्यवाही करने ग्राम अमलीपाली बेरियर पहुंच कर नाकाबंदी किया गया। नाकाबंदी के दौरान शाम करीब 6 बजे एक व्यक्ति मोटर सायकल काला रंग में पीछे सीट में प्लास्टिक बोरी बांधकर काफी तेज रफ्तार में आते मिला। जिसे रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम राजकुमार महंत पिता तुलादास महंत उम्र 35 वर्ष साकिन देवगांव थाना सरिया जिला रायगढ़ का होना बताया। जिसके बोरी के अंदर 12 पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 01-01 किलो ग्राम गांजा) कुल 12 किलो ग्राम गांजा कीमती 60,000 रूपये पाया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा एवं एक काला रंग का मोटर सायकल बिना नम्बर प्लेट कीमती 50,000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी राजकुमार महंत पर थाना सरिया में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवही में थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले के साथ सहायक उप निरीक्षक देवनाथ साहू, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता, आरक्षक खिरेन्द्र जलतारे, राजकुमार साव, दिलीप साह की सराहनीय भूमिका रही है।




# सोनिया महिला स्व सहायता समूह ने बेचा ग्यारह सौ बोरी वर्मी कंपोस्ट खाद

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां के जनता के प्रति अति संवेदनशील हैं उन्होंने महिला स्व सहायता समूह की माताओं के कर्जे को तीजा के अवसर पर माफ किया और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक त्योहारों की मान बढ़ाया यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम झलमला के गौठान के निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त किया, विदित हो कि राजेश्री महन्त जी ने 20 अक्टूबर 2021 को गौठान का निरीक्षण किया, इस अवसर पर ग्राम वासियों ने बड़े ही प्रसन्नता पूर्वक राजेश्री महन्त जी महाराज का आवा भगत किया लोगों को निरीक्षण के उपरांत अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई कि यहां के सोनिया स्व सहायता समूह की माताओं ने ग्यारह सौ बोरी वर्मी कंपोस्ट खाद की बिक्री की है यह व्यापक मात्रा में उत्पादन है इसमें आने वाले समय में और भी वृद्धि हो ऐसा कार्य आप सब मिलकर के करें! उन्होंने महिला स्व सहायता समूह की माताओं से पूछा कि आप लोगों को विक्रय किए गए खाद की राशि आपके बैंक खाता में प्राप्त हुआ या नहीं? समूह की माताओं ने अवगत कराया एक बार प्राप्त हुआ है, राजेश्री महन्त जी ने कहा बकाया राशि भी आपके खाता में अति शीघ्र आवेगा, उन्होंने ग्राम वासियों के द्वारा स्कूल उन्नयन की मांग के साथ सीसी रोड निर्माण की मांग को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया और कहा कि अबकी बार जब भी यहां आऊंगा तब बिल्कुल नया सीसी रोड होगा और आपके गांव में स्कूल का उन्नयन भी होगा जिससे कि छात्र छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न हो लोगों को पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुशांत सिंह ने भी संबोधित किया।



# भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जांजगीर चांपा का आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का हो रहा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जांजगीर चांपा का आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर के तृतीय दिवस का कार्यक्रम 20 अक्टूबर को संपन्न हुआ है,भारत स्काउट्स एंड गाइड्स(छग)राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त जांजगीर चांपा जितेन्द्रकुमार तिवारी ,जिला आयुक्त सह डीईओ जांजगीर दिनेश कुमार कौशिक के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय आपदा प्रबंधन ,व्यक्तित्व विकास एवं साहसिक शिविर के तृतीय दिवस जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर में संचालित गतिविधियों के अंतर्गत प्रातः कालीन बीपी सिक्स, फ्लैग होंस्टिंग एपीआर ओ भाग 2 एवं 3 रूल के अनुसार निर्धारित पाठ्यक्रम कोविड-19 जानकारी व प्रश्नोत्तरी, स्काउट गाइड का इतिहास,आधारभूत तत्व,आपदा प्रबंधन , यातायात विभाग जांजगीर से संदीप मित्तल ,नोहर लाल साहू ( सहायक उप निरीक्षक) अनिल कुर्रे सुमित श्रीवास ने विस्तार से यातायात नियम, सांकेतिक प्रतीक, दो पहिया, चार पहिया , ड्राईविंग लाइसेंस, वाहन बीमा प्रायोगात्मक, जिज्ञासा प्रश्नों का समाधान जानकारी, संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा अपने अपने विषय (टॉपिक ) पर व्याख्यान,परिचर्चा, किया गया। संध्या कालीन सत्र में सभी शिवारार्थियों को जाजल्व देव की प्राचीन नगरी जांजगीर शहर में स्थित प्रसिद्ध विष्णु मंदिर एवं भीमा तालाब आदि ऐतिहासिक प्राचीन स्थल का भ्रमण कराया गया।रात्रि कालीन सत्र में शिविर विनोद कार्यक्रम के तहत् भूकंप,बादल का फटना, महामारी, बाढ़, चक्रवात आदि से संबंधित नाटक, गीत, समूह नृत्य, के साथ अभिनय किया गया जो कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर शिविर संचालक विकासतिवारी ,सहायक संचालक मोहनलाल कौशिक,सूरज कसार ,विजय यादव , कमलादपि गबेल, पुष्पा शांडिल्य। मोरध्वज सप्रे सहायक डीओसी, हरिशंकर वर्मा ,मनोज कुमार ,प्रेमलता साहू विवेक व्रत उपाध्याय उमा महोबिया पूरन पटेल , एस सायतोडा ,जितेंद्र डड़सेना गणेशी सोनकर सर्विस रोवर/ रेंजर रोशन कश्यप राकेश ,सुरेश,शिव कुमारी, रंजीता इत्यादि ,,सेवा कार्य एवं स्कूल प्रबंधन का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।



# शासकीय अस्पताल में श्री धनवंतरी मेडिकल का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने 20 अक्टूबर को श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के अंतर्गत राजधानी रायपुर से ही वर्चुअल रूप से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में आम नागरिकों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध करवाने की सोच से श्री धनवंत्री मेडिकल स्टोर का शुभारंभ किया,इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के परिसर में भी 20 अक्टूबर को दोपहर 12ः00 बजे वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख रुप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के खंड चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे, तो इसके अलावा नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू, कांग्रेस कमेटी महिला जांजगीर-चांपा जिले की अध्यक्ष श्रीमती गीता देवांगन, अधिवक्ता अलका जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महबूब खान, कमल शर्मा, तनवीर अहमद सोनू कुरेशी, समर विजय पिंटू ठाकुर सहित कांग्रेस नेता गण मौजूद रहै। तथा इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस योजना के माध्यम से पूरे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में जरूरतमंदों को रियायती दरों पर दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएगी, तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री की यह योजना अनूठी योजना है।



# विपरीत परिस्थितियों का सामना और दूसरों की मदद के लिए प्रशिक्षण उपयोगी : डॉ. महंत

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. महंत रामसुंदर दास के मुख्य आतिथ्य में आज भारत स्काउट्स गाईड्स का पांच दिवसीय संभाग स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर में हुआ। शिविर में बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा ,कोरबा, रायगढ़, गौरेला पेंड्रा मरवाही एवं शिक्षा जिला सक्ती के भारत स्काउट्स गाईड्स के छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. महंत रामसुंदर दास ने कहा कि आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को जीवन की विपरित परिस्थियों का सामना करने के लिए दक्ष बनाएगा। वे स्वयं हिम्मत के साथ परिस्थितियों का सामना कर सकेंगें व दूसरों की मदद भी कर सकेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। यह जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित करमा, पंथी, सुआ और देश भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री शशिकांता राठौर ने बताया कि वे स्वयं भारत स्काउट्स गाईड्स की आयुक्त रह चुकी हैं। व्यक्तित्व विकास और स्वयं को सक्षम बनाने के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई व खेलकूद के साथ आपदा प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए जीवन में उपयोगी साबित होगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका जांजगीर-नैला के अध्यक्ष श्री भगवान दास गढ़ेवाल ने प्रशिक्षण शिविर को उपयोगी बताते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और शुभकामनाएं दी। भारत स्काउट्स गाईड्स के राज्य संगठन आयुक्त सी.एल. चन्द्राकर, जिला मुख्य आयुक्त जांजगीर-चाम्पा जितेंद्र कुमार तिवारी ने भारत स्काउट्स गाईड्स के संगठन का उद्देश्य बताया। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त श्री जितेन्द्र साहू ने आभार व्यक्त किया और व्याख्याता श्री दीपक यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# नो एंट्री में बेखौफ फर्राटे भर रहे भारी वाहन, हर पल दुर्घटना का खतरा

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

त्यौहारी सीजन में जिला मुख्यालय की भीड़भाड सड़क पर नो एंट्री के समय भी भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। जिसके चलते रोजाना सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है, बावजूद इसके यातायात पुलिस जानबूझकर वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। भारी वाहनों के दिनभर आवागमन से सड़कों पर धूल का गुबार उठता है जिससे पैदल व बाइक चालकों को बड़ी परेशानी हो रही है। शासन के निर्देशानुसार सड़क की चरमराई यातायात व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस को दी गई है, ताकि यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर नियमों के प्रति उन्हें जागरूक करें। वहीं दूसरी ओर हर साल यातायात सड़क सुरक्षा मनाते हुए स्कूल, कालेजों सहित चौक चौराहों में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर उन्हें नियमों की जानकारी भी दी जाती है। ताकि लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व नियमों की अवहेलना करने वाले गिनती के वाहनों पर कार्वाई की औपचारिकता निभाई जा रही है। यातायात पुलिस के जवान शहर के बाहर मुख्यमार्गों में खड़े होकर यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों से चालान काटकर जुर्माना वसूलते हैं, ताकि वाहन चालक दोबारा नियमों की अवहेलना न कर सके, जबकि जिले के मुख्यमार्गों से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को अवैध मासिक शुल्क लेकर यातायात नियमों की अनदेखी करने की छूट दे दी जाती है। जिला मुख्यालय होने के चलते रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है।

# गर्भवती पहाड़ी कोरवा महिला को कांवर में डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

आदिवासी बहुल्य जिला रायगढ़ में दुरस्थ अंचल के कई ऐसे गांव आज भी हैं जो पहुंच मार्ग से काफी दूर है और जरूरत के समय लोगों को सुविधा पाने के लिए कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला धरमजयगढ़ विकासखण्ड के कापू क्षेत्र अंतर्गत डगभौना गांव का सामने आया है। जहां पहाड़ी कोरवा समुदाय की एक महिला को प्रसव पीडा होनें पर इंमरजेंसी डायल के बाद 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत कापू क्षेत्र के डगभौना गांव में पहाड़ी कोरवा समुदाय की एक महिला को मंगलवार 18 तारीख को प्रसव पीड़ा हुई,जिसकी जानकारी 112 में दी गई सूचना पर इमरजेंसी वाहन की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हो गई, लेकिन आपको बता दें कच्ची पथरीली नाला रास्ता होने की वजह से गर्भवती महिला के घर तक 112 की टीम नही पहुंच सकी। लिहाजा मौके की नजाकत को ध्यान में रखते हुए 112 के जवान करीब 1 किलोमीटर पैदल चलकर महिला के घर तक पहुंचे,गर्भवती महिला की क्रिटिकल कंडीशन को देख परिजनों को समझाइस देते हुए ,महिला को कांवर में बैठाकर लेकर इमरजेंसी वाहन तक पहुंचे। उसके बाद उसे नजदीकी स्थित स्वास्थ्य केंद्र पेलमा में भर्ती कराया गया। जहां महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। विदित रहे कि पहाड़ी कोरवा समुदाय की गर्भवती महिला उर्मिला पहाड़ी कोरवा पहले घर मे एक लड़की को जन्म दे चुकी थी, फिर से प्रसव पीड़ा होने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेलमा लाया गया।



# शिक्षकों को दी गई राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र बरगवां में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देने के लिए प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। संकुल प्राचार्य केएल नेताम ने कहा कि एनएएस विद्यालय का शिक्षा स्तर सुधारने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा विकसित एक सर्वेक्षण कार्यक्रम है जिसके तहत कक्षा 3,5,8 और कक्षा 10 के छात्रों की सीखने के स्तर का मूल्यांकन के लिए परीक्षा आयोजित की जाती है। शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस ने कहा कि आरटीई एक्ट 2009 के अंतर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के बधों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार दिया गया है इस एक्ट में प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। प्रत्येक कक्षा स्तर पर बधों की शैक्षिक उपलब्धि को जानना आवश्यक है। इस के लिए 2001 से नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण का आयोजन किया जा रहा है। एनएएस भारत के सभी जिलों के स्कूलों का सेम्पल है, जिसका उद्देश्य शासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के समग्र शैक्षिक स्थिति की समझ रखना है। इस सर्वेक्षण से प्राप्त निष्कर्षों का उपयोग विद्यार्थियों के शैक्षिक संप्राप्ति स्तर में सुधार तथा नीतिगत निर्धारण एवं योजना के लिए किया जाता है।

# भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष अंकित ने आरएसएस पर दिए सीएम के बयान की कड़ी निंदा की

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने एक बयान जारी कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री के उस वक्तव्य की कड़ी निंदा की है- जिसमें विगत दिनों मुख्यमंत्री ने आर एस एस की तुलना नक्सलियों से की थी, तथा मुख्यमंत्री के इस बयान पर जहां भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व ने भी कड़ी निंदा व्यक्त की थी,तो वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आर एस एस के खिलाफ दिया गया बयान निंदनीय है एवं आर एस एस का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अंकित अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवक स्वयंसेवक संघ भारत का एक हिंदू राष्ट्रवादी, अर्धसैनिक, स्वयंसेवी संगठन है, एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आर एस एस के नाम से ज्यादा प्रसिद्ध है, यह संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, भाजयुमो शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रारंभिक प्रोत्साहन हिंदू अनुशासन के माध्यम से चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करता है, एवं हिंदू राष्ट बनाने के लिए हिंदू समुदाय को एकजुट कर यह संगठन भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने के लिए आदर्शों को बढ़ावा देता है,एवं बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रहा है, अंकित अग्रवाल के अनुसार द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान यूरोपीय अधिकार विंग समूहों से प्रारंभिक प्रेरणा मिली,धीरे-धीरे आरएसएस प्रमुख हिंदू राष्ट्रवादी संगठन के रूप में उभर कर आया,अंकित अग्रवाल ने कहा कि संघ में संगठनात्मक रूप से सर्वोपरि सरसंघचालक का स्थान होता है, जो पूरे संघ का दिशा निर्देशन करते हैं, एवं सरसंघचालक की नियुक्ति मनोयन द्वारा होती है, तथा प्रत्येक सरसंघचालक को अपने उत्तराधिकारी की घोषणा करनी होती है, वर्तमान में संघ के सर संघचालक मोहन भागवत जी हैं।



# कांग्रेस शासित नगर पालिका मे जनकल्याणकारी योजनाओं का करोड़ों रुपया जाम, मूलभूत सुविधा के लिए तरस रही जनता

## मंत्री स्तर तक पहुंच रखने वाले जनप्रतिनिधि 3 सालों में निर्माण कार्यों आगे बढ़ाने में असफल

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शासन ने प्रदेश की जनता के लिये अनेक जनकल्याणकारी योजना संचालित कर रखा है जिसमें लोगों को उसका लाभ मिल सके और जीवन स्तर भी ऊंचा उठ सकें। इसके लिये शासन ने भाटापारा नगर पालिका को करोड़ों की राशि उनके खाते में भी दे रखा है परंतु कोई भी योजना तब तक सफल नहीं होती जब तक जमीनी स्तर पर लागू कर आम जनता को लाभ ना मिले और वह योजना की राशि फ़ाइलों में दबकर पड़ी सड़ती रहे। यह उसी दोहे को चरितार्थ करता है रामजी की चिड़िया, रामजी का खेत, चुगो रे चिडिया भर-भर पेट। यह दोहा उन सत्तासीन जनप्रतिनिधियों पर सवाल खड़ा करता है जो अपने कद बढ़ाने के लिये दम भरते है कि हमारी पकड़ा सीधे मंत्री लेबल में है। अगर यह बात सही है तो आज नगपा भाटापारा में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिये करोड़ों की राशि आयी रखी है उस राशि को मंत्री स्तर पर मिलकर निर्माण कार्यो के रास्ते में आने वाली बाधाओं का निराकरण कर आम गरीब मध्यम वर्गी जनता को मिलने वाले योजना का लाभ दिलाने में



आखिर यह देरी व लेटलतीफी क्यों? अगर समय रहते इस योजना का लाभ जनता को नहीं दिया जाता है तो निश्चित ही वह राशि लेप्स होकर वापस सरकार को चले जाती है जो कि जनता को मिलने वाले लाभ के साथ कुठाराघात होगा और नगपा के उन जवाबदार जनप्रतिनिधियों की योग्यता पर भी सवाल खड़ा करेगा।

### सवाल उठने का क्या है मुख्य कारण

गौरतलब है कि पूर्व के शासन द्वारा आऊटडोर व इन्डोर स्टेडियम के लिये 5 करोड़ की राशि स्वीकृत किया गया था जिसमे मातादेवालय वार्ड के अंतर्गत आने वाले आऊटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य 90 प्रतिशत होने के उपरांत 10 प्रतिशत रुका हुआ पडा है जिसका लाभ अभी तक जनता को नही मिल पाया। वही लोकोत्सव मैदान के स्थल को इन्डोर स्टेडियम के लिये चयनित किया गया परंतु निर्माण कार्य का एक ईट भी नही रखा गया है. जबकि उक्त निर्माण राशि लगभग ढाई करोड विगत तीन सालों से नगपा के खाते में रखा पडा है। यह महज एक ही योजना की राशि नही ऐसे कई दर्जनों योजना की राशि है जो छत्तीसगढ़ भूपेश सरकार मे लागू हुई है परंतु कांग्रेस सत्ता आसीन नगपा मे ऊन योजनाओं का सुई के नोक बराबर काम नहीं हो पाया।

### योजना के अंतर्गत निर्मित भवन रिकार्ड में नहीं

भाटापारा नगपा के अंतर्गत सुरकी रोड, महारानी चौक आदि काम्लेक्स जो मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत आबंटित हुआ था, आबंटन हुये 10 साल होने को जा रहा लेकिन उक्त काम्प्लेक्स नगपा को हस्तांतरित ना होकर अभी भी राजस्व के रिकार्ड मे बताया जा रहा है जिसके कारण नगपा उक्त भवन की रजिस्ट्री नही करा पा रहा है जिसके कारण नगर पालिका को प्रतिवर्ष लाखो रुपये का नुकसान हो रहा है। इस सम्बंध मे नगपा सम्बंधित अधिकारी से जानकारी लेने पर बताया गया कि इन्डोर स्टेडियम के लिये चयनित लोकोत्सव मैदान खाद्य विभाग द्वारा राजस्व विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है परंतु नगपा को हस्तांतरित नही होने से कार्य रुका है जिसमें कलेक्टर को कई बार रिमाइंडर भी भेजा गया है।

### इन योजनाओं की राशि अटकी

भूपेश सरकार की महत्ती योजना नरुवा, गरूवा, घुरुवा, बारी के लिये सुभाष वार्ड व शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड को चयनित किया गया है परंतु कुछ शासकीय प्रक्रियाओं के कारण लाखों की राशि नगपा के खाते मे अब भी अटकी है। वही रेन बसेरा के अंतर्गत बेघर आसहाय लोगों के लिये संचालित योजना की 50 लाख की राशि तीन सालों से नगपा के खाते में जमा है। इसी तरह पोनी पसारी योजना के लिये लाखों की राशि आने के बाद भी बेरोजगारों के हित के लिये छोटे मोटे व्यवसाय खोलने हेतु काम्प्लेक्स निर्माण का कार्य भी अटका पडा है। बस स्टेशन के पास नगर थोक सब्जी बाजार आदि बहुत से जनकल्याणकारी निर्माण कार्य है जो शासकीय प्रक्रियाओं के कारण रुके है।

मेरे कार्यकाल मे अभी तक नगर पालिका द्वारा इस प्रकार का रिमाइंडर नहीं मिला है उक्त जानकारी आपके द्वारा मिलने पर संज्ञान में लिया जायेगा।
**- सुनील कुमार जैन,** कलेक्टर ज़िला बलोदाबाज़ार भाटापारा

स्थल का चयन कर आगामी समय में बहुत जल्द जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।
**-त्रिलोक सलूजा,** उपाध्यक्ष नगर पालिका भाटापारा

# तालाब में बाल निकालने उतरे युवक की जलकुंभी में फंसकर मौत

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

बाल निकालने के लिए नेहरू नगर के भेलवा तालाब में उतरे एक युवक की डूबने से मौत हो गई। बाल लेकर वापस लौटते समय युवक का पैर जलकुंभी में फंस गया और वो बाहर नहीं निकल पाया। उसके डूबने के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद सुपेला पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर शव को बाहर निकलवाया। सुपेला पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर निवासी लक्ष्मण कुमार (24) मंगलवार को अपने एक दोस्त के साथ नेहरू नगर भेलवा तालाब (गुरु नानकसर सरोवर) पार्क गया हुआ था। तालाब के किनारे में ही कुछ बच्चे वालीबाल खेल रहे थे। खेल-खेल में बाल तालाब में चला गया। बच्चों को तैरना नहीं आता था। लक्ष्मण और उसके दोस्त को तैरना आता था तो वे दोनों तालाब में उतरे। लेकिन, लक्ष्मण के दोस्त के पैर में कुछ चुभ गया तो वो बाहर निकल आया और लक्ष्मण तालाब के बीच में पहुंच गया। वो बाल लेकर वापस लौट रहा था कि उसका पैर तालाब की



जलकुंभी में फंस गया। जलकुंभी में पैर फंसने के बाद उसने उससे निकलने की काफी कोशिश की। लेकिन, वो सफल नहीं हो सका और डूब गया। मृतक के दोस्त व वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद सुपेला पुलिस और एसडीआरएफ की टीम वहां पहुंची। करीब डेढ़ घंटे की तलाश के बाद लक्ष्मण के शव को बाहर निकाला जा सका। मृतक ने 12वीं तक की पढ़ाई की थी और वर्तमान में कोई काम नहीं करता था। उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन ने लंबे समय से भेलवा तालाब की सफाई नहीं करवाई है। इस कारण से पूरा तालाब जलकुंभी और कमल से पटा हुआ है। जबकि इस तालाब में आम लोगों के अलावा कई प्रशासनिक अधिकारी यहां सैर सपाटे के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, किसी ने भी इसकी सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण आज ये घटना हुई है।

# अब तक 44 स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर विशेष संरक्षित पहाड़ी कोरवा जनजाति सदस्यों के स्वास्थ्य की हुई जांच

## निरंतर स्वास्थ्य शिविर का किया जा रहा है आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार बगीचा विकासखण्ड के ग्राम सरधापाठ में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के 15 दिन में 08 पहाड़ी कोरवा की मौत के संबंध में सही नहीं है। वास्तविक तथ्य यह है कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बाहुल्य बगीचा विकास खण्ड के ग्राम सरधापाठ में मौसमी बीमारी, उल्टी-दस्त, पेट दर्द से जनजातीय परिवार के 03 सदस्यों की मृत्यु हुई है। 01 सदस्य की मृत्यु लकवा से तथा 01 की मृत्यु वृद्धावस्था के कारण सामयिक रूप से हुई है। जनजातीय परिवार के मृत सदस्यों में जेहला उम्र 76 और सुरती उम्र 70 का उल्टी-दस्त, पर्मिला उम्र 22 का पेट दर्द, शनियो उम्र 65 का लकवा और पिरकी उम्र 70 का बुढ़ापा से मृत्यु हुई है।

### गंभीरता से हो रही जांच

जनजातीय परिवार के सदस्यों की मृत्यु को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है, तत्परतापूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। अब तक जिले के विकासखण्ड बगीचा में 30, पत्थलगाँव-02, कांसाबेल-05, कुनकुरी-04, दुलदुला-01, मनोरा-02 कुल 44 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाकर, जनजातीय परिवार के प्रत्येक सदस्य का सघन चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाकर, आवश्यक चिकित्सकीय सलाह-उपचार के साथ औषधियाँ वितरण कराई जा रही है। 16 अक्टूबर से निरंतर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### मिट्टी और पानी की रिपोर्ट सामान्य

ग्राम-सरधापाठ में कृषि विभाग द्वारा मिट्टी परीक्षण किया गया है। मृदा परीक्षण की अब तक की जाँच में रिपोर्ट सामान्य पाई गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल की गुणवत्ता जाँच की गई है। पेयजल गुणवत्ता की जाँच में भी रिपोर्ट सामान्य पाई गई है। स्थानीय स्तर पर पूरा स्वास्थ्य अमला सक्रिय है स्वास्थ्य शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार के सदस्यों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, औषधि वितरण के साथ जन-जागरूकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत एवं ग्राम के कोटवार से मुनादी कराया जाकर, ग्रामीणों को पेयजल के लिए, पानी उबालकर-छानकर पीने, महुआ निर्मित शराब के सेवन से दूर रहने, किसी भी तरह का मदिरा-पान से बचने, चावल की सड़न से निर्मित हड़िया का सेवन नहीं करने, बासी भोजन नहीं खाने की सलाह दी जा रही है। उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर, तत्काल ओआरएस घोल का सेवन प्रारंभ करते हुए, चिकित्सा शिविर में उपस्थित मेडिकल टीम को सूचित कर, त्वरित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जन-जागरूकता अभियान में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पटवारी, सचिव, कोटवार आदि को भी कार्य पर लगाये गये हैं।

# महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पेट्रोल व डीजल की बेहताशा वृद्धि व महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पूर्णचंद्र कोको पाढ़ी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस एवं जिला अध्यक्ष मानस पांडये के निर्देश में विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहन निषाद के नेतृत्व में शहर थाना के सामने पेट्रोल पंप में धरना प्रदर्शन किया गया। पेट्रोल-डीजल की कीमतें आसमान की ऊंचाइयों को पार कर अंतरिक्ष की ओर अग्रसर है, हालात इतने बुरे हैं कि हवाई जहाज का ईंधन भी आज पेट्रोल और डीजल से सस्ता हो चुका है। देश की जनता से मोदी सरकार के इस भद्दे मज़ाक के खिलाफ एवं गरीब मध्यवर्गीय परिवार को महंगाई के बोझ तले दबने मजबूर कर रहे पेट्रोल डीजल की बेतहासा वृद्धि पर विरोध दर्ज करवाने हेतु भारतीय युवा कांग्रेस के आव्हान पर देशभर में सभी पेट्रोल पंपों के सामने धरना देकर अपना विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उसी कड़ी में भाटापारा युवा कांग्रेस के द्वारा भाटापारा स्थित शहर थाना के सामने महंगाई के विरोध में शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया गया, तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया गया। उक्त धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहन निषाद, जिला महामंत्री मुकेश हेंवार, पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष लालू मानिकपुरी, युवा नेता मनमोहन कुर्रे, विवेक यदु, जग्गा राव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेंद्र ब्राम्हणकर, आदिल चनिजा, आकिब मेमन, कौशल साहू, सद्दाम खान, लोकेश बालाडारे, किशन निर्मलकर, महेंद्र सेन, कुलदीप जांगड़े, अभय देवांगन, अमित मार्कण्डेय, ईश्वर साहू, सुशील ध्रुव, नासिर खान, आजु राम, किशन रात्रे, नरसिंग नेताम, पिंटू देवांगन, वरुण मसीह, रवि मार्कण्डेय, शब्बीर खान, अमित सिंग, गिरिराज चावड़ा आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस सोल्लास सम्पन्न वर्षावास का भी हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राजेश्वर सोनकर ने किया नवनिर्मित हाल का लोकार्पण विशिष्टजनों का हुआ सम्मान भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में धम्मच प्रवर्तन दिवस व वर्षावास समापन का गरिमामयी कार्यक्रम पंचशील बुद्धविहार शिव नगर, वार्ड क्र -9, कुम्हारी में सम्पन्न हुआ. उपस्थित अतिथियों ने तथागत गौतम बुद्ध व भारत रत्न डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्तियों पर पुष्प अर्पित किया। बौद्ध उपासक-उपासिकाओं की पावन उपस्थिति में प्रतिमा कोचे के नेतृत्व में बुद्ध वंदना हुई व सामूहिक पंचशील ग्रहण किया गया. स्वागत गीत महासभा की सचिव दुर्गा वाहने और सुमन वाहने ने प्रस्तुत किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश्वर सोनकर, अध्यक्ष, न.पा. परिषद ने बुद्ध विहार के सामने नवनिर्मित हाल का फीता काटकर उद्घाटन किया. उन्होंने शिलालेख पट्टिका का अनावरण कर हाल को लोकार्पित किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा -'भगवान बुद्ध व बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को सफल बनाएं. नगर के चहुंमुखी विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं.' साथ ही उन्होंने अन्य विकास कार्यों की घोषणा की. इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रमोद राजपूत, बीसीसी अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि मनहरण यादव, पार्षद व लोकनिर्माण प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित थे. भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष करूणा मेश्राम ने हाल के निर्माण में मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की. उन्होंने धम्मच प्रवर्तन दिवस पर आह्वान किया कि हमें स्वयं में परिवर्तन लाना होगा, तभी सच्चे बौद्ध बन सकेंगे। भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रांतीय महासचिव विनोद बंसोड़ ने अपने उद्बोधन में कहा -'बुद्ध ने अहिंसा का मार्ग दिया है।

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**
**-- सूचना पत्र --**
क्रमांक / 4208/रीडर-कले./2021
राजनांदगांव दिनांक 20/10/2021

न्यायालय कलेक्टर, राजनांदगांव के न्यायालय में सरफासी एक्ट के तहत प्रचलित प्रकरण में आवेदन प्राधिकृत अधिकारी कोटक महिन्द्रा बैंक द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम 2002 की धारा 14 अंतर्गत आवेदन वास्ते प्रतिभूति परिसंपत्तियों का भौतिक कब्जा आवेदक को प्रदाय किये जाने बाबत प्रस्तुत आवेदन पत्र पर अनावेदक श्रीमती अनीता नागवानी (गारंटर) मकान नं. चिखली खैरागढ़ रोड राजनांदगांव के उपस्थिति हेतु जारी नोटिस अनावेदिका के दुर्ग में रहना बताये जाने से अदम तामिली वापस प्राप्त हुये है।

अतः इस सूचना पत्र के माध्यम से श्रीमती अनीता नागवानी (गारंटर) मकान नं. चिखली खैरागढ रोड राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर राजनांदगांव के प्रचलित प्रकरण में सुनवाई तिथि 30.10.2021 को समय प्रातः 11.00 बजे स्वतः/अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रुप से उपस्थित होवे। सूचना प्रकाशन पश्चात नियत दिनांक को अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में तदनुसार कार्यवाही की जावेगी।

सील
डिप्टी कलेक्टर,
वास्ते - कलेक्टर, राजनांदगांव (छ.ग.)

# सीएम बघेल ने किया धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया, जशपुर में भी शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्य में 84 दुकानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री बघेल ने किया। श्री धन्वन्तरी जेनरिक मेडिकल स्टोर से उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध होंगी। उपभोक्ताओं को दवाइयों की एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन डॉ. शिवकुमार डहरिया, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, विधायक मोहन मरकाम, मोहित राम केरकेट्टा और पुरुषोत्तम कंवर, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव अलरमेलमंगई डी, राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौमिल रंजन चौबे उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए विभिन्न जिलों से विधायक महापौर पार्षद सहित अनेक जनप्रतिनिधि जिले के कलेक्टर भी कार्यक्रम से जुड़े।

### सस्ता होम किट और ट्रैवल किट

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दवाइयों के होम किट और ट्रैवल किट का लोकार्पण भी किया। यह किट धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। दवाइयों के होम किट की कीमत 691 रुपए है, जो इन मेडिकल स्टोर में 290 रुपए के मूल्य पर तथा ट्रैवल किट जिसकी कीमत 311 रुपए है, वह 130 रुपए में उपलब्ध होगा।

### 190 स्टोर की है योजना

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में आने वाले समय में प्रदेश के 169 शहरों में 190 मेडिकल स्टोर प्रारंभ करने की योजना है। इन मेडिकल स्टोर्स में 251 प्रकार की जेनरिक दवाइयां तथा 27 सर्जिकल उत्पाद की बिक्री अनिवार्य होगी। इसके अलावा वन विभाग के संजीवनी के उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद और शिशु आहार आदि का भी विक्रय किया जाएगा।

### जशपुर में ग्रंथालय के पास

नगर पालिका जशपुर में धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ विधायक जशपुर विनय भगत के द्वारा किया गया। इस दौरान कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत के.एस.मण्डावी, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. पी.सुथार, एसडीएम योगेन्द्र श्रीवास, नगरपालिका अध्यक्ष नरेशचन्द्र साय, नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, समाजसेवी अजय गुप्ता, सूरज चौरसिया सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# अभा यादव महासभा ने हरमोहन को पुष्पांजलि अर्पित की



**रायपुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ इकाई के द्वारा शौर्य चक्र से सम्मानित भूतपूर्व महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय हरमोहन की जन्म शताब्दी वर्ष का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष डी आर यादव, महामंत्री भुवनेश्वर यादव, मुख्य महासचिव एस डी यादव, अशोक यादव, सुनील यादव, खुमेश यादव, मिथिलेश यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, पुरुषोत्तम यादव, कमल यादव, लक्ष्मी यादव, माधुरी यादव, चित्रलेखा यादव सहित युवा वृन्द उपस्थित थे। सभी ने हरमोहन को पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से ब्रिगेडियर प्रदीप यदु और मंजू यदु भी उपस्थित रहे और अपने उद्बोधन से सभी को लाभान्वित किया। समस्त पदाधिकारियों ने स्वर्गीय हरमोहन के अनुकरणीय कर्मो और व्यक्ति त्व सह नेतृत्व कौशल के बारे में सविस्तार चर्चा किया और एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के उप महासचिव रजनीश यादव ने किया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक 1452/एस.ई.आई.ए.ए.,छ.ग./खदान/835, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 28.09.2021 के द्वारा मेसर्स कुम्हारी ब्रिक अर्थक्ले क्वारी माईन एंड फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट, दुर्ग की ग्राम कुम्हारी, तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) की मिट्टी खदान (4.625 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की प्रतियाँ सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इनका अवलोकन एस. ई. आई. ए. ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है। अतः सर्वसाधारण को सूचित हो।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
मेसर्स कुम्हारी ब्रिक अर्थक्ले क्वारी माईन एंड फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट
(प्रो. श्री नरेंद्र प्रितवानी)
लाखेनगर, रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक 1446/एस.ई.आई.ए.ए.,छ.ग./खदान/1420, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 28.09.2021 के द्वारा मेसर्स शिवा इंफ्रास्ट्रक्चर, दुर्ग की ग्राम कुम्हारी, तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) की मिट्टी खदान (8.776 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की प्रतियाँ सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इनका अवलोकन एस. ई. आई. ए. ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है।अतः सर्वसाधारण को सूचित हो।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
मेसर्स शिवा इंफ्रास्ट्रक्चर
(पार्टनर- श्री उमेश सचदेव)
फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**
दूरभाष क्रमांक : 07868-241559 (कार्या.) फैक्स 24149 ई-मेल आईडी sp-kanker.cg@nic.in
क्रमांक/पुअ/कांकेर/एसी/M-7818A/2021, कांकेर दिनांक 18/10/2021

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें दो लिफाफे पद्धति से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के कार्यालय में प्रपत्र ''स'' में दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) पंजीकृत पावती युक्त डाक पोस्ट एवं हाथों-हाथ से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 08.11.2021
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 09.11.2021 (15.00 बजे तक)
3. निविदा खोले जाने की तिथि - 10.11.2021 (16.00 बजे तक)

| क्रं. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थल | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यातायात व्यवस्था हेतु 01 नग बाईक लिफ्टर वाहन क्रय कार्य | 30.51 लाख | 91530/- | 750.00 |

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय हेतु 0055 पुलिस मिसलेनियस 800 अन्य प्राप्तियां मद में राशि रू. 750.00 का चालान जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा।

जी. - 64580/3
पुलिस अधीक्षक
उत्तर बस्तर कांकेर

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद
वार्ड क्र. 04, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2248/20.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 06/04, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - पुनुराम यादव S/o गुल्खुराम यादव **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** तिलकराम यादव S/o स्व. पुनुराम यादव.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
वार्ड क्र. 02, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2247/20.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 52/02, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - देवराम साहू S/o सुराजी साहू **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** मनीष कुमार S/o पुनदास.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम - मो. अब्दुल रऊफ
वार्ड क्र. 28, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2246/20.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 17/28, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बाबुलाल यादव S/o परदेशी यादव **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** धानबाई यादव W/o स्व. बाबुलाल यादव.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **19.11.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2245/20.10.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 792/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - बैजनाथ अग्रवाल S/o लक्ष्मी नारायण अग्रवाल **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** धरमपाल सिंह S/o त्रिलोक सिंह.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

# भेल-गुपचुप खाकर बीमार पड़े 50 से ज्यादा बच्चे, 77 मरीजों को मेडिकल कॉलेज भर्ती किया गया

## बुधवार को 26 डिस्चार्ज, बाकी मरीजों की तबीयतसामान्य, गांव में प्रशासन ने लगाया कैंप

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले के खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम गातापार कला में 57 से ज्यादा बच्चों की तबीयत अचानक ही बिगड़ गई। बच्चों के अलावा 20 वयस्कों की भी तबीयत खराब हो गई है। सभी को उल्टी और दस्त की शिकायत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव के शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में 77 बीमारों को भर्ती कराया गया। बुधवार की सुबह ही इनमें से 26 को डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। शेष मरीजों को इलाज जारी है। फिलहाल सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। मेडिकल टीम द्वारा बच्चों का इलाज किया जा रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से हड़कंप मच गया है।

राजनांदगांव के गातापार कला मे बीते मंगलवार की देर शाम गांव से बच्चे गांव के सप्ताहिक बाजार में घूमने निकले हुए थे। वहां बच्चों ने भेल खाया। जिसके बाद रात में अचानक बच्चों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुंचाया। तबीयत ठीक नहीं होने के कारण लगभग 57 बच्चों और 20 व्यस्कों को को राजनांदगांव स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। वही सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बच्चों की बीमारी की सूचना प्रशासन को मिलते ही हड़कंप मच गया आनन-फानन में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल सभी बच्चों को राजनांदगांव रेफर किया गया।



**पानी की भी समस्या :** राजनांदगांव के सीएमएचओ डॉ मिथलेश चौधरी ने बताया कि गांव के सप्ताहिक बाजार में बच्चों ने कुछ खाया था, जिसके बाद उनकी दृष्टि की शिकायत हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर स्वास्थ विभाग की टीम पहुंची। सभी बच्चों का इलाज जारी है। प्रथम दृश्य पूरा मामला फूड प्वाइजनिंग का सामने आ रहा है. सभी बच्चे खतरे से बाहर है। वही पूरे मामले में ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सिर्फ बच्चे ही बीमार नहीं हुए हैं बड़ों को भी यह समस्या आ रही है। संभवत गांव में पानी में भी समस्या हैं पानी के कारण भी बीमार हो सकते हैं, ऐसी ग्रामीणों की आशंका है।

### प्रशासन अलर्ट

गांव में बिगड़े हालात को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट है। ग्रामीणों को अस्पताल में दाखिल करने के अलावा प्रशासन ने गांव में घर-घर जांच शुरु कर दी। ग्रामीणों के घर जाकर जांच अभियान चलाया गया। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर गांव में पानी की जांच की जा रही है। आशंका है कि पानी में किसी तरह की गड़बड़ी के चलते भी ग्रामीणों बीमार पड़े हों। दूसरी ओर ग्रामीणों ने बुधवार को गांव आए गुपचुप वाले को भी खदेड़ दिया। दरअसल, अधिकतर बीमारों ने मंगलवार को भेल और गुपचुप खाया था।

# श्रीधन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स की सौगात राजनांदगांव में भी मिलेगी सस्ती दवाएं

## मुख्यमंत्री ने राजधानी में किया ऑनलाइन शुभारंभ



■ नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदगण रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने प्रदेशभर में जनता को सस्ती जेनेरेटिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने श्रीधन्वंतरी जेनेरेटिक मेडिकल स्टोर्स की सौगात दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने राजधानी से 20 अक्टूबर को एकीकृत तौर पर प्रदेशभर में 169 सेंटर के लिए ऑनलाईन शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि प्रारंभिक तौर पर राजनांदगांव जिले में 4 सेंटर राजनांदगांव शहर, डोंगरगढ़, खैरागढ़ व डोंगरगांव नगर में शुभारंभ किए गए हैं।

डोंगरगांव नगर में उक्त मेडिकल स्टोर्स पुराने नगर पंचायत भवन में संचालित की जा रही है। नगर व क्षेत्र की जनता को सस्ती जेनेरेटिक दवाइयाँ उपलब्ध कराने श्रीधन्वंतरी जेनरेटिक मेडिकल स्टोर्स के शुभारंभ मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने रिबन काटकर औपचारिकता पूर्ण की। उक्त अवसर पर नपंउपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षदगण सतीष वैष्णव, दीपक देवांगन, श्रीमती वैशाली बोरकर, श्रीमती रुकमणी साहू व सीएमओ आरबी तिवारी सहित नगर पंचायत के समस्त स्टॉफ मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र फिसड्डी

राज्य शासन के श्रीधन्वंतरी जेनरेटिक मेडिकल स्टोर्स के पैटर्न में पूर्व से ही कुछ वर्षों से केंद्र शासन द्वारा प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र नाम की मेडिकल स्टोर्स अस्पताल परिसर में संचालित है। जिला प्रशासन के मॉनिटरिंग के अभाव अथवा विभागीय उदासीनता से 200 किस्म की सस्ती दवाइयों का हवाला देकर सनचकित जनऔषधि केंद्र का आज बुरा हाल है। अब देखना होगा कि राज्य शासन के जेनरेटिक मेडिकल स्टोर्स को जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग कितनी गंभीरता से संचालित करता है।

### स्थानीय डॉक्टर्स तय करेंगे भविष्य

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ दरम्यान स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को विशेष दिशानिर्देश मिलने की खबर है। यानि शासन स्तर के मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध 50 फीसदी तक सस्ती व जीवनरक्षक दवाईयों को स्थानीय डॉक्टरों द्वारा लिखे जाने आवश्यक तौर से निर्देशित किये जाने की संभावना है। दरअसल अनेक दफे डॉक्टर्स द्वारा प्राइवेट मेडिकल के सुविधा मुताबिक दवाईयां लिखने की बातें सामने आती रही हैं।

# शराब लूट दुकान के तीन आरोपी दबोचे गए डिस्टलरी से शराब लेकर आता था मुख्य आरोपी

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ के करीब ग्राम बेलगांव कटली स्थित शराब दुकान में लूट के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों ही आरोपी दुर्ग जिले के हैं। गौरतलब है कि 15 अक्टूबर को कटली स्थित शराब दुकान के तीन गार्डों की पीटाई कर यहां लूट की कोशिश की गई थी। पुलिस लगातार इन आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार की दोपहर पुलिस ने इस मामले में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले की साजिश दुर्ग निवासी राकेश यादव (19) ने रची थी। वह इससे पहले केडिया डिस्टलरी के वाहन से शराब की खेप लेकर शराब दुकानों तक पहुंचाता था। उसे दुकान के सुनसान इलाके में होने और लेन देन की जानकारी थी। राकेश के अलावा शुभम नंदेश्वर (24), राहुल चौधरी (23) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि इस लूट और मारपीट के मामले में कुल आरोपी 6 थे जो यहां कार से लूट के ही इरादे से पहुंचे थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 395,397, 450, 342 व 25 , 27 आर्म्स एक्ट, लोक सम्पत्ति निवारण अधि.की धारा 03 के तहत मामला दर्ज किया गया था। संदेह के आधार पर राकेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान ही राकेश ने पूरी साजिश का खुलासा किया। प्रकरण के फरार तीन अन्य आरोपियो की तलाश जारी है।



# रेत को लेकर विवाद : दो पक्षों में हुई मारपीट, थाना में शिकायत दर्ज

■ सरपंच को ग्राम अध्यक्ष ने पीटा, मामला रेत ढुलाई का

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

विकासखंड के ग्राम पंचायत झिथराटोला हमेशा नदियों की रेत मामलों में सुर्खियों पर बना रहा है। हाल ही में कुछ दिन पूर्व कल्लूटोला में ठेकेदार के द्वारा हाइवा से रेत सप्लाई करने की घटना में आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा को छुरिया थाना में कार्यवाही के लिए सौंप दिया था। लेकिन अब यही नदी की रेत इन दिनों गांव में विवाद की वजह बन गई है। इसे लेकर दो पक्षों में मारपीट को लेकर एक दूसरे ने छुरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

बताया गया कि जिनके बीच विवाद हुआ है उनमें एक ग्राम पंचायत का सरपंच तो दूसरा ग्राम प्रमुख है। मिली जानकारी के अनुसार प्रथम शिकायत झिथराटोला के सरपंच किशोर कुमार टेमरे ने झिथराटोला ग्राम प्रमुख अध्यक्ष चतुरसिंह कोसमा के खिलाफ दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया कि ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिस पर रेत की आवश्यकता पड़ने पर ग्राम प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार कांडे से बात कर ठेकेदार को रेत पहुंचाया गया था। जिस पर ग्राम प्रमुख अध्यक्ष चतुरसिंह कोसमा ने मुझसे बिना पूछे नदी से रेत कैसे लाया गया कह कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही जातिगत गाली गलौज करने की बात भी कही जा रही है।

वहीं दूसरा पक्ष चतुर सिंह कोसमा (63) ने अपने शिकायत में गांव की नदी से ट्रैक्टर मे रेत ले जाने की जानकारी होने पर कोटवार के साथ पता करने गांव की दुकान के पास खड़ा था कि सरपंच किशोर टेमरे अपने मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और वाहन क्यों रोक रहे हो तुम होते कौन हो वाहन रोकने वाले कह कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर सीमेंट के टुकड़े से मारा गया की शिकायत छुरिया थाना में किया गया है। जिस पर छुरिया थाना में दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बहरहाल छुरिया पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच कर रही है।



# सोसायटी प्रबंधक से मारपीट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

सोसायटी प्रबंधक से मारपीट फरार आरोपी को पुलिस ने महिने भर बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बीते 18 सितंबर को महाराजपुर सोसायटी में घुसकर आरोपी चतुरपाल सिंह और उसके दो सहयोगियों ने सोसायटी प्रबंधक केजराम यादव से मारपीट की थी। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लेटलतीफी को लेकर सोसायटी कर्मियों के संघ और ग्रामीणों ने भी विरोध दर्ज कराया था। घटना के आरोपी यादव राम पाल व लालचंद सिन्हा को चिचोला पुलिस ने पहले ही हिरासत में लेकर कर जेल भेज दिया था। तीनों आरोपी के उपर चिचोला पुलिस चौकी में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ था।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम के उद्घाटन में पहुंचे रविन्द्र




पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

शारदे पूर्णिमा के पावन पर्व पर सरस्वती उत्सव समिति के तत्वावधान ग्राम मोरकुटुम्ब एव बोइरडीह में रात्रि में सास्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरिया अध्यक्षता अजय पटेल सदस्य जिला भाजपा कार्यकारिणी मनभावन उइके प्रवक्ता जिला किसान मोर्चा भानसिंग चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत छुरिया मयाराम साहू उपाध्यक्ष मंड़ल भाजपा परमानंद कुंजाम सरपंच प्रतिनिधि जैतगुडरा सुरेश सोरी पूर्व सरपंच सोनू कसेर जिला मीडिया प्रभारी सुंदर मंडावी उपसरपंच प्रेमलाल मंडावी महामंत्री मंड़ल युवा मोर्चा मेघनाथ साहू, भुवन पटेल, चेतन साहू, चंदू साहू ,बरातू राम चोरे हुमन चंद्रवंशी, खेमचंद चंद्रवंशी, टीकम चोरे की उपस्थिति में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

# कोविड-19 से मृत 229 प्रकरण के लिए 1 करोड़ जारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत जिले में कोविड-19 से मृत कुल 229 स्वीकृत प्रकरण के लिए 1 करोड़ 14 लाख 50 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर सिन्हा ने कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को 50-50 हजार रूपए की अनुदान सहायता देने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत स्वीकृत 103 प्रकरण के लिए 51 लाख 50 हजार रूपए, डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत स्वीकृत 21 प्रकरण के लिए 10 लाख 50 हजार रूपए, खैरागढ़ तहसील अंतर्गत स्वीकृत 21 प्रकरण के लिए 10 लाख 50 हजार रूपए, डोंगरगांव तहसील अंतर्गत स्वीकृत 20 प्रकरण के लिए 10 लाख रूपए, छुरिया तहसील अंतर्गत स्वीकृत 20 प्रकरण के लिए 10 लाख रूपए, छुईखदान तहसील अंतर्गत स्वीकृत 12 प्रकरण के लिए 6 लाख रूपए, गण्डई तहसील अंतर्गत स्वीकृत 11 प्रकरण के लिए 5 लाख 50 हजार रूपए, अम्बागढ़ चौकी तहसील अंतर्गत स्वीकृत 11 प्रकरण के लिए 5 लाख 50 हजार रूपए, मानपुर तहसील अंतर्गत स्वीकृत 6 प्रकरण के लिए 3 लाख रूपए तथा मोहला तहसील अंतर्गत स्वीकृत 4 प्रकरण के लिए 2 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को स्वीकृत राशि तत्काल कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को सहायता अनुदान राशि भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के शेष प्रकरणों को तत्काल तैयार करने कहा है।

## पिछले एक सप्ताह से गंदा पानी आने की शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ

# टाउनशिप में तीसरे दिन भी मटमैले पानी की आपूर्ति, लोग हलाकान

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

बीएसपी टाउनशिप में मंगलवार को लगातार तीसरे देनि मटमैले पानी की आपूर्ति हुई। इस समस्या को लेकर इंटक यूनियन के प्रतिनिधि ने कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन से चर्चा की, इसके अलावा बीएसपी के फिल्टर प्लांट भी पहुंचे। वहीं भिलाई नगर निगम के आयुक्त भी पहुंचे और व्यवस्था देखी, वहां से मरोदा जलाशय में तांदुला से आ रहे पानी को देखा। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन की ओर से कहा कि तांदुला से आने वाले पानी से दिक्कत हो रही है, इधर निगम आयुक्त ने फिल्टर प्लांट में फिर से केमिकल डोजिंग शुरू कराने कहा।



टाउनशिप में आ रहे फिर से मटमैला पानी की समस्या को लेकर इंटक यूनियन के अतिरिक्त महासचिव संजय साहू ने कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन एसके दुबे से चर्चा की। उन्होंने पानी की समस्या का जल्द निदान करने की मांग की। प्रबंधन ने बताया कि फिर से तांदुला बांध से कम पानी छोड़ा गया है, जिसकी वजह से फिर पानी मटमैला आ रहा है अभी तक गंगरेल और खरखारा से पानी आने पर केमिकल डोजिंग की जरूरत नहीं पड़ती थी और पानी साफ हो गया था। अब तांदुला जलाशय से पानी फिर मटमैला होने के कारण जो बीएसपी द्वारा केमिकल एवं एलम का उपयोग किया जाता था उससे पानी साफ नहीं हो रहा है। केमिकल डोजिंग के लिए कैमबांड का ठेका दिया गया है जिसका कार्य आज से चालू हो गया है। कुछ दिन के अंदर पानी साफ हो जाएगा।

इस विषय पर इंटक यूनियन के अतिरिक्त महासचिव संजय साहू ने जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे से टेलीफोन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। एवं मरोदा जलाशय में साफ पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मंत्री चौबे ने आश्वासन दिया कि, एवं जल्द ही इस विषय पर जल संसाधन विभाग से निरीक्षण करवा कर समस्या का निराकरण करवाया जाएगा।

पानी की शिकायत को लेकर नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे की टीम ने भी निरीक्षण किया। साथ में इंटक यूनियन के वाटर सप्लाई विभाग के पदाधिकारी एवं अतिरिक्त महासचिव संजय साहू ने अपनी टीम के साथ मरोदा जलाशय में जहां पर तांदुला से पानी आ रहा है एवं फिल्टर प्लांट, एवं कैमबांड, द्वारा केमिकल डोजिंग का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टाउनशिप के मुख्य महाप्रबंधक यूके झा एवं महाप्रबंधक प्रभारी राधिका, वाटर सप्लाई के सहायक महाप्रबंधक वीएस राय एवं इंटक यूनियन से मदनलाल सिन्हा, शैलेंद्र सक्सेना, मनोहर लाल, राधेश्याम, रमेश पाल उपस्थित थे।

# गृहमंत्री का 23 अक्टूबर को डोंगरगांव आगमन

## नवनिर्मित भवन का लोकार्पण सहित भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के गृह, लोक निर्माण एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू का 23 अक्टूबर को डोंगरगांव नगर आगमन हो रहा है। वे सुबह 10 बजे डोंगरगांव नगर में तहसील साहू संघ डोंगरगांव के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण सहित विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए भूमिपूजन करेंगे। गृहमंत्री साहू समाज के सामाजिक सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे।

तहसील साहू संघ डोंगरगांव अध्यक्ष अमरनाथ साहू ने बताया कि लोकार्पण समारोह में स्थानीय विधायक व पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण अध्यक्ष दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, जिला साहू संघ जिलाध्यक्ष कमल किशोर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, पूर्व विधायकद्वय खेदूराम साहू व भोलाराम साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, नपंउपाध्यक्ष ललित लोढा, जिला साहू संघ के विवेक साहू, श्रीमती नीरा साहू व डीडी साहू, हेमंत साहू, पार्षद डिकेश साहू व रूखमणी साहू विशिष्ट अतिथि होंगे।

### श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ

# शहर सहित जिले में चार जगहों पर खोला गया जेनेरिक मेडिकल स्टोर

## उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाईयां मिलेगी सस्ती दरों पर, 50 से 71 प्रतिशत की एमआरपी में छूट

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री निवास स्थित अपने कार्यालय से धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस योजना के तहत शहर सहित राज्य भर के 84 दुकानों का शुभारंभ बघेल ने किया। धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर उच्च गुणवत्ता की दवाईयां उपलब्ध होंगी। एमआरपी पर न्यूनतम 50.09 प्रतिशत और अधिकतम 71 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा।

अपने संबोधन में कहा कि सभी को स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। जहां पूरी दुनिया में महंगी होती स्वास्थ्य सेवाएं चिंता का विषय है और महंगे उपचार से आर्थिक स्थिति पर सीधा-सीधा प्रभाव पड़ता है। 50 से 71 प्रतिशत की छूट पर उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाईयां आम लोगों को उपलब्ध कराने यह महत्ती योजना शुरू की गई है।



### हितग्राहियों ने भी योजना को बताया लाभप्रद

नूतन चौक स्थित धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की प्रथम ग्राहक सुश्री मीना अंगुरिया बीपी एवं हाई कोलेस्ट्रॉल की मरीज है। सुश्री अंगुरिया ने बताया कि वे हर महीने 3700 रूपए की दवाई क्रय करती हैं। आज इस मेडिकल स्टोर में यह दवाईयां 1200 रूपए में मिली। उन्हें इस मेडिकल स्टोर से क्रय करने पर 2500 रूपए की बचत हुई। मुख्यमंत्री श्री बघेल को धन्यवाद देते हुए सुश्री अंगुरिया ने कहा कि अब बचत की राशि का उपयोग अन्य काम में करेंगी। इसी प्रकार श्री अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती गीता तिवारी कैंसर की मरीज है। हर माह उनकी दवाईयों पर 8-10 हजार रूपए खर्च होता है। आज उन्हें इस मेडिकल में 1460 की दवा 360 रूपए में मिली। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में छ.ग. पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री प्रमोद नायक, नगर निगम के सभापति श्री शेख नजरूद्दीन, विजय केशरवानी, अभय नारायण, रवीन्द्र सिंह, श्री विजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### 27 प्रकार के सर्जिकल आयटम मिलेंग

इन जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में 251 एलोपैथिक की जेनेरिक दवाईयां सस्ती दरों में मिलेगी। वहीं 27 प्रकार के सर्जिकल आयटम एवं 69 तरह के छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पाद भी मिलेंगे। उन्होंने अपील की है कि शहर में खोले जा रहे इन सस्ती दुकानों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दवाईयों के होम किट और ट्रेवल किट का भी लोकार्पण किया। यह किट श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। दवाईयों के होम किट की कीमत 691 रूपए है, जो जेनेरिक मेडिकल स्टोर में 290 रूपए की मूल्य पर तथा ट्रेवल किट जिसकी कीमत 311 रूपए है, वह 130 रूपए में उपलब्ध होगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में आने वाले समय में प्रदेश के 169 शहरों में 190 मेडिकल स्टोर्स प्रारंभ करने की मंशा है।

# शहर में रिद्धी डायग्नोस्टिक्स का शुभारंभ, एनएच से टाइअप



### निशुल्क सिकल सेल जांच सुविधा का लाभ उठाएं

कार्यक्रम में रिद्धी डायग्नोस्टिक्सके डायरेक्टर डॉ. एएम मोहन, आलोक अग्रवाल, अजय घटवाई, अजय नायडु एवं सुक्रिति नायडु, और एनएचएमएमआई नारायणा सुपर स्पेशिल्टी हॉस्पिटल रायपुर से फैसिलिटी डायरेक्टर नवीन शर्मा, चेयरमैन क्लिनिकल गवर्निंग काउंसिल डॉ. राजेंद्र परगनिया, डीजीएम मार्केटींग रवि भगत एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रिद्धी डायग्नोटिक्स की शुरूआत शहर में हो गई है। जहां डायग्नोटिक्स में खून से संबंधित सभी प्रकार की जांच जिसमें हिमैटोलॉजी में 5 पार्ट 5डी रेटिक एनालिसिस, बायो कैमिस्ट्री सेमी एवं पूर्ण ऑटोमेटिक मशीन, हार्मोनल जांच के लिए पूर्णतः ऑटोमेटिक मशीन, सिकल सेल जांच हेतु माइक्रोचिप इलेक्ट्रोफोरेसिस क्लिनिकल पैथेलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी के साथ ही रेडियो डायग्नोस्टिक्स की सारी सुविधाएं जैसे कि सोनोग्राफी 4डी कलर कलर डाप्लस , टीएमटी व इसीजी जैसी सारी सुविधाएं उचित दर पर उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त विशेष अनुकुलित स्वास्थ्य परिक्षण की सुविधा भी सुलभ रूप से उपलब्ध रहेगी, जिससे फुलबॉडी चेकअप , कैंसर स्क्रीनिंग , प्रसव पूर्व की सभी जांच, मधुमेह परिक्षण, आर्थराइटीस प्रोफाइन, एएनसी प्रोफाइल, एनिमिया प्रोफाइल जैसे कई कस्टमाइज पैकेजेस उपलब्ध रहेंगे।

उपरोक्त इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए शहर में अतिरिक्त रायपुर एवं नागपुर के विशेषज्ञ प्रत्येक माह विभिन्न सुपर स्पेशियालटी ओपीडी हेतु उपलब्ध रहेंगे। रिद्धी डायग्नोस्टिक्सनें एनएचएमएमआई नारायणा सुपर स्पेशिल्टी हॉस्पिटल रायपुर से अनुबंध कर सभी महत्वपूर्ण विभागों जैसे कि ह्रदय रोग विभाग, किडनी रोग विभाग, हड्डी रोग एवं जोड प्रत्यारोपण विभाग, युरोलॉजी, लिवर संबंधी वेरिकोस वेन्स , कैंसर रोग, चर्म रोग, हार्मोन व शुगर संबंधित परेशानियों के निदान के लिए वरिष्ठ चिकित्सक रायपुर एनएचएमएमआई नारायणा सुपर स्पेशिल्टी हॉस्पिटल रायपुर के प्रत्येक माह में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे। जिसमें विशेष रूप से ह्रदय रोग के वरिष्ठ चिकित्सक प्रत्येक गुरूवार को उपलब्ध रहेंगे। शहर के सभी विख्यात चिकित्सक प्रतिदिन ओपीडी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### क्विक न्यूज

#### 19 क्विंटल गांजे को नष्ट किया गया

**बिलासपुर।** मादक पदार्थो के नष्टीकरण हेतु रेंज स्तर पर गठित समिति के द्वारा जिला बिलासपुर के थाना तखतपुर, थाना हिर्री, थाना कोनी, थाना कोटा के 11 प्रकरणों में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत जप्त मादक पदार्थ गांजा मात्रा 19 क्विंटल 69 किलोग्राम के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के अध्यक्ष रतन लाल डांगी, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, सदस्य दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर, सदस्य प्रशांत ठाकुर, पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा, देवव्रत मिश्रा क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी बिलासपुर एवं पंचों की उपस्थिति में सृजन स्टील प्राइवेट लिमिटेड, सिलपहरी, जिला बिलासपुर के फर्नेस प्लांट में विधिवत जलाकर नष्टीकरण की कार्यवाही पूर्ण की गई।

#### उधारी में दिए रुपये वापस मांगने पर पिता-पुत्र की कर दी पिटाई

**बिलासपुर।** उधारी में दिए रूपये वापस मांगने पर युवकों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। मारपीट से आहत पिता-पुत्र ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपित युवकों की तलाश कर रही है। कोटा क्षेत्र के घोंघाडीह में रहने वाले जवाहर महिलांगे रोजी-मजदूरी करते हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि दो साल पहले गांव के जागेश्वर महिलांगे ने 10 हजार रूपये उधारी में मांगा। इसके लिए उसने घरेलु खर्चों का हवाला दिया।

## नए डीन के आश्वासन के बाद सिम्स कर्मियों की हड़ताल खत्म

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में सिम्स के मरीजों के लिए राहत की खबर है। यहां 59 दिनों से चल रही कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। नए डीन ने उनकी समस्या को 15 दिन के भीतर सुलझाने का भरोसा दिलाया है। आंदोलन से सिम्स में लैब, एक्स-रे मशीन, सिटी स्कैन सहित सभी जांच सुविधाएं ठप पड़ गई थीं। साफ सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी।

सिम्स के नए डीन डॉ. केके सहारे ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही उन्होंने हड़ताल पर गए कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल को मिलने के लिए बुलाया। इस दौरान उन्होंने शासन के निर्देश पर वेतन वृद्धि व नियमितीकरण सहित सभी मांगों पर उचित निर्णय लेने कहा। डीन डॉ. सहारे से मुलाकात करने के बाद कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने हड़ताल समाप्त करने का एलान कर दिया।

**कर्मचारी नेता बोले- लिखित आश्वासन पर किया समाप्त-** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र तिवारी ने कहा कि सिम्स के नव नियुक्त डीन डॉ. सहारे ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। 59 दिन के आंदोलन के बाद उनकी मांगों को 15 दिन के भीतर पूरी करने का लिखित आश्वासन दिया गया है।

## जंगली सुअर का शिकार करने वाले 3 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वन विभाग के अधिकारियों ने जंगली सुअर का शिकार करने वाले चार आरोपियों को पहले छोड़ दिया। जब आला अधिकारियों की फटकार पड़ी तो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शिकारियों से सुअर का मांस, पूंछ, खुर और घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया गया है। इस पूरे मामले में बेलगहना क्षेत्र के रेंजर की भूमिका संदेह के दायरे में आ गए है।

कोटा क्षेत्र के बेलगहना वन क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरिया में शराब के नशे में धुत युवक नरेंद्र सिंह बैगा का 9 अक्टूबर को ग्रामीण से विवाद हो गया। तैश में नरेंद्र ने कहा कि वह जंगल से शिकार करके आया है और



उसकी भी जान ले लेगा। इस पर ग्रामीण ने इसकी सूचना डायल-112 को दे दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को बेलगहना चौकी ले गई। पूछताछ में उसने तीन अन्य साथियों राजकुमार बैगा, सोनसाय बैगा और बुधरु के साथ जंगली सुअर का शिकार करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने बाकी तीनों आरोपियों को भी पकड़लिया। उनकी निशानदेही पर मांस, हथियार और अन्य सामान बरामद कर लिया गया। फिर मामला वन विभाग का होने के कारण इसे रेंज के अधिकारी-कर्मचारियों को सौंप दिया। लेकिन वन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इस बीच इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को लगी तो उन्होंने जमकर फटकार लगाई। तब कहीं जाकर वन विभाग का अमला सक्रिय हुआ और चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

चारों आरोपियों ने तार में करंट लगाकर सुअर का शिकार किया था। रात में जब जानवर नदी या तालाब किनारे पानी पीने पहुंचे तो करंट से उसकी मौत हो गई। सुबह उसके मांस को काटकर आपस में बांट लिए। इतना सब कुछ होने के बाद भी वन विभाग के रेंजर सहित अन्य कर्मचारियों ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को छोड़ दिया था।

## दीपावली पूर्व मरम्मत, 25 तक साढ़े चार घंटे विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिजली वितरण कंपनी ने दीपावली पर्व के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं। 24 अक्टूबर तक अलग-अलग क्षेत्रों में सुबह 10.30 बजे दोपहर तीन बजे बिजली बंद रहेगी। हालांकि इससे उपभोक्ताओं को परेशानी होगी। लेकिन कंपनी का दावा है कि पर्व के दौरान बिजली सप्लाई को लेकर किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। कंपनी हर वर्ष इस तरह तैयारी करती है। अब पर्व को कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। इसलिए अभी से कमर कस ली है। इसके तहत 21 अक्टूबर को हाउसिंग बोर्ड फीडर, देवरीडीह फीडर एवं नारियल कोठी फीडर में मरम्मत का काम चलेगा।

इसके चलते देवरीखुर्द कालोनी, सफेद खदान, खैर माता, बूटापारा, सोनू पान ठेला, देवरीडीह, सतबहनिया मंदिर, रेल रेसीडेंसी, मधुबन, नारियल कोठी क्षेत्र, जगमल चौक से ला इंजीनियरिंग तक मेनरोड दयालबंद व आसपास क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी तरह 22 अक्टूबर को मधुबन व गांधी चौक में मरम्मत के चलते अपोलो अस्पताल, स्मृति वन, गांधी चौक से पुराना हाई कोर्ट तक बिजली बंद रहेगी। 23 अक्टूबर को आरटीओ एसएस, अग्रसेन चौक तक सीएमडी कालेज, गायत्री मंदिर, विनोबा नगर तक जिला अस्पताल, श्रीराम मार्केट व ग्राम धुमा में बिजली बंद रहेगी।

## 10 साल लिव-इन में रही प्रेमिका ने प्रेमी के घर के सामने जहर पीकर जान दी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में 10 साल से लिव-इन में रह रही युवती ने प्रेमी के घर के सामने जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी। प्रेमी ने शादी से इनकार कर दिया था, जिससे नाराज होकर उसने आत्महत्या की। इलाज के दौरान मंगलवार रात युवती की मौत हो गई। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

सरकंडा के लोधीपारा निवासी रजनी प्रधान (30) रिवर व्यू में चाय की दुकान चलाती थी। पिछले 10 साल से वह बिल्हा निवासी जगन्नाथ ध्रुव के साथ गोंडपारा में किराए के मकान में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से



रजनी उससे शादी के लिए कह रही थी, लेकिन जगन्नाथ घर वालों से बात करने का बहाना कर टाल रहा था। 17 अक्टूबर को रजनी, उसकी मां रूक्मणी प्रधान, बहन रश्मि शादी की बात करने के लिए जगन्नाथ के घर बिल्हा गए थे। वहां जगन्नाथ ने उससे शादी करने से इंकार कर दिया। जगन्नाथ अपने घर से चला गया यह देखकर रजनी भी बाहर निकल गई। घर के सामने ही उसने पास रखा कीटनाशक पी लिया। कुछ देर बाद उसकी मां व बहन बाहर निकले, तब रजनी ने उन्हें जहरीला पदार्थ पीने के बारे में बताया।

### स्टेटस डालकर बताई थी परेशानी

जगन्नाथ व रजनी के बीच शादी करने की बात को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद शुरू हो गया था। इसके चलते जगन्नाथ बिल्हा चला गया था। चार दिन पहले रजनी ने अपने वाट ?सएप स्टेटस में दुनिया से दूर जाने जैसी बातें लिखी थीं। इसे देखकर उसकी सहेली रश्मि ने उससे बातचीत की थी। इस दौरान रजनी को उसने अपनी मां-बहन से बात करने भी कहा था। उसकी मां रूक्मणी ने भी समझाइश दी थी। साथ ही जगन्नाथ से बात करने उसके घर जाने की बात कही थी।

## अमृत मिशन योजना : रोड रेस्टोरेशन का काम युद्ध स्तर पर

### कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देश पर युद्धस्तर पर प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर में अमृत मिशन योजना के तहत जिन सड़कों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया था। अब उसे 15 दिनों के अंदर दुरूस्त कर लिया जाएगा। इन सड़कों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ किया गया है। जल आवर्धन योजना अमृत मिशन के तहत शहर के मुख्य मार्गो में पाइप लाइन बिछाया गया है।

पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड रेस्टोरेशन का कार्य बारिश की वजह से रूका हुआ था। वर्षा ऋतु के समाप्त होते ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य कमिश्नर श्री अजय त्रिपाठी के निर्देश पर युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है।



### सीपत रोड में डामरीकरण शुरू

अशोक नगर चौक से सुभाष चौक तक 1.76 किमी के मार्ग में पाइपलाइन बिछाने के बाद डब्ल्यू एम एम रेस्टोरेशन किया गया था,जिसमें अब डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### अभी तक 5 किमी का रेस्टोरेशन पूर्ण हो चुका

ढाई किमी शेष साढ़े सात किमी के रेस्टोरेशन के कार्य में निगम ने अब तक लगभग पांच किमी तक के सड़कों में रेस्टोरेशन का कार्य पूरा कर लिया है। जिनमें पीजीबीटी कॉलेज क्षेत्र,शांति नगर,व्यापार विहार,चांटीडीह, मंदिर चौक क्षेत्र में कांक्रीट रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा कुदुदण्ड और अज्ञेय नगर में कार्य जारी है और कुम्हार पारा तथा मेडिकल कॉम्प्लेक्स में कुल ढाई किमी का रोड रेस्टोरेशन का कार्य शेष है जिसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

### शरद पूर्णिमा आयोजन में आकर्षण का केंद्र रहे रुद्राक्ष व बांसुरी

# शिवमंदिर प्रांगण, शुभमविहार में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिवमंदिर प्रांगण, शुभमविहार में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन वर्ष की अल्प आयु में मास्टर रुद्राक्ष ने गायत्री व महामृत्युंजय मंत्रोचार के साथ भजन तथा बांसुरी शुक्ला ने बांसुरी की धुन पर वंदेमातरम गाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सविता साय तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अखिलानन्द पांडेय ने की।

बैंकर्स क्लब, बिलासपुर के समन्वयक श्री ललित अग्रवाल ने उपस्थित बच्चों, माताओं - बहनों तथा वरिष्ठ नागरिकों से धार्मिक



प्रश्नोत्तरी के माध्यम से हिंदुत्व में वैज्ञानिक जीवनशैली को सहजता से प्रतिपादित करते हुए छुआ-छूत, भेदभाव मुक्त हिंदुत्व के सद्गुणों से युक्त सर्वसमावेशी समाज बनाने का संकल्प दिलवाया गया। छोटे छोटे बच्चों ने नृत्य, गायन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। सुश्री शिवि नंदनी पांडेय व रजनी पांडेय ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

### बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे

आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति श्रीमती निशा अग्रवाल, इंदु पांडेय, रानी शुक्ला, पायल लाठ, मोनिका अग्रवाल, साधना काट्रेक्टर श्रीमती फ्लेरिया ने हिंदू महीने, ऋतुयें, त्यौहारों से सबंधित प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए। आयोजन में सर्वश्री अखिलानन्द पांडेय, ललित अग्रवाल, उमेश पांडेय, नर्मदाप्रसाद अहीर, संदीप अवस्थी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, धीरज फ्लेरिया, आर के शर्मा, मोहन अग्रवाल, आर के अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शुभमविहार निवासी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## एक्सिस बैंक का दिल से ओपन सेलिब्रेशन क्योंकि दिवाली रोज-रोज नहीं आती

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक, एक्सिस बैंक ने खरीदारी, रेस्तरां और विभिन्न अन्य खुदरा ऋण उत्पादों पर रोमांचक सौदों और छूट की पेशकश करने के लिए 'दिल से ओपन सेलिब्रेशंस' शुरू करने की घोषणा की। एक्सिस बैंक के ग्राहक बैंक के डेबिट और क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करके ई-कॉमर्स, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन प्लेटफॉर्म पर कई प्रसिद्ध ब्रांडों पर छूट का आनंद ले सकते हैं। ऑफर के अलावा, वे बैंक के ग्रैब डील्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीदारी के लिए अतिरिक्त कैश बैक ऑफर का भी लाभ उठा सकते हैं। बैंक के ग्राहक इस त्योहारी सीजन का अधिकतम लाभ उठा सकें, इसके लिए बैंक अनेक दिलचस्प और रोमांचक ऋण उत्पाद भी पेश करेगा। एक्सिस बैंक चुनिंदा होम लोन उत्पादों पर 12 ईएमआई की छूट दे रहा है और दोपहिया ग्राहकों के लिए बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन-रोड फाइनेंस प्रदान कर रहा है। व्यवसाय मालिकों के लिए बैंक सावधि ऋण, उपकरण ऋण और वाणिज्यिक वाहन वित्त पर कई लाभ प्रदान करेगा। इस अवसर पर एक्सिस बैंक के ग्रुप एक्जीक्यूटिव और हेड - रिटेल लेंडिंग सुमित बाली ने कहा, ''इस त्योहारी सीजन में हमने सम्मानित ब्रांडों और स्थानीय खुदरा विक्रेताओं के साथ साझेदारी की है, ताकि हमारे ग्राहकों के सामने चुनने के लिए विकल्पों की एक श्रृंखला पेश की जा सके। हम अपने ग्राहकों को खरीदारी और ऋण उत्पादों पर शानदार सौदों और छूट की पेशकश करके उत्सव की खुशियों में शामिल होने का मौका देना चाहते हैं। हमें यकीन है कि ये आकर्षक ऑफर त्योहारों के उत्साह को दोगुना कर देंगे।''

# सर्वश्रेष्ठ सुविधा का संकल्प

मेडिकल सुविधाओं को पहले से बेहतर और सुविधाजनक
बनाने के लिए **100 बेड के नवीनतम हॉस्पिटल**

श्री दानी केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर (छ.ग.)

# श्री दानी केयर


## मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

का

## भव्य शुभारंभ

**21 अक्टूबर 2021, गुरुवार**

शाम 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक
ऑफिसर्स पार्क, सेजबहार, रायपुर






**डॉ. राज मनहरे**

### उपलब्ध विभाग

- न्यूरोसर्जरी सुविधा
- प्लास्टिक सर्जरी
- शिशु रोग विभाग
- हड्डी एवं जोड़ रोग
- नाक, कान एवं गला रोग
- मुख एवं दंत रोग
- हेयर ट्रांसप्लांट
- मेडिसिन विभाग
- सर्जरी विभाग
- कीमोथेरेपी सुविधा
- फिजियोथेरेपी
- सर्वसुविधायुक्त ICU
- माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- पैथोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री
- सोनोग्राफी
- X-Ray
- ECG
- AMBULANCE
- स्पाइन सर्जरी किडनी रोग
- डायलिसिस सुविधा
- स्त्री रोग विभाग
- सर्जरी प्रसूति

+91 88176 54380, 84354 62442 shreedanicaregroup2018@gmail.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403